WWW.NAVPRADESH.COM
दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2 | देश विदेश 4 | अभिव्यक्ति 10 | छत्तीसगढ़ 11 | कारोबार

रायपुर, सोमवार,16 दिसंबर 2024 मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष- प्रतिपदा, विक्रम संवत -2081 / वर्ष-13 अंक- 303 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

फ्री रेवड़ी कल्चर की जननी आम आदमी पार्टी ने नई दिल्ली विधानसभा चुनाव में एक बार फिर जीत हासिल करने के लिए फ्री वाले फार्मूले को ही अपना अचूक हथियार बनाया है। महिला मतदाताओं का मन मोहने के लिए आम आदमी पार्टी ने अपनी सरकार बनने पर सभी महिलाओं को 2100 रूपये महीना देने का वादा किया है। देख लेना महिला वोट कबाडऩे के लिए अन्य पार्टियों में प्रतिस्पर्धा होगी। भाजपा और कांग्रेस ढाई से तीन हजार रूपये महीना देने की घोषणा कर सकती है। कौन सा अपनी जेब से देना है? तेरा तुझको अर्पण ही तो करना है।

सोमवार को पेश नहीं होगा विधेयक

नई दिल्ली(ए.)। एक देश एक चुनाव विधेयक के सोमवार को लोकसभा में पेश होने की चर्चा थी, लेकिन अब सरकार ने इसे टाल दिया है। एक देश एक चुनाव विधेयक अब इस सप्ताह के बाद के दिनों में लोकसभा में पेश किया जा सकता है। रिपोर्ट्स के अनुसार, सरकार पहले वित्तीय कार्यों को पूरा करेगी।

श्रीलंकाई राष्ट्रपति भारत दौरे पर

नई दिल्ली(ए.)। श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके रविवार तीन दिवसीय दौरे पर भारत आए हैं। सितंबर में राष्ट्रपति का पद संभालने के बाद उनका यह पहला विदेश दौरा है। दिसानायके कल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बैठक करेंगे, जिसमें व्यापार, निवेश, उर्जा और समुद्री सुरक्षा जैसे मुद्दों पर चर्चा होने की उम्मीद है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री एल. मुरुगन ने दिल्ली के हवाई अड्डे पर राष्ट्रपति दिसानायके का स्वागत किया। विदश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि राष्ट्रपति दिसानायके की यह यात्रा भारत-श्रीलंका संबंधों को और मजबूत करने और जनता पर केंद्रित साझेदारी को गति देने का एक अवसर होगी।

जवानों ने पाकिस्तानी ड्रोन को रोका

जम्मू (वार्ता)। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के सतर्क जवानों ने जम्मू के अरनिया क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पाकिस्तानी ड्रोन को रोककर सीमा पार से मादक पदार्थों की तस्करी के प्रयास को सफलतापूर्वक विफल कर दिया। बीएसएफ फ्रंटियर के अरनिया सेक्टर में तैनात सतर्क जवानों ने मादक पदार्थों की तस्करी के प्रयास को विफल कर दिया। प्रवक्ता ने कहा, जवानों ने पाकिस्तानी ड्रोन को रोका और उसके साथ 495 ग्राम मादक पदार्थ बरामद किया। उन्होंने कहा कि जम्मू बीएसएफ कर्मियों के अथक समर्पण और कड़ी निगरानी ने एक बार फिर राष्ट्र विरोधी तत्वों के नापाक मंसूबों को विफल कर दिया है, जो देश की सुरक्षा के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

आईईडी डिफ्यूज करते जवान घायल

कांकेर/नवप्रदेश। नक्सलियों द्वारा लगाए गए आईईडी को डिफ्यूज करते समय बीएसएफ का जवान घायल हो गया, जिसका कैंप में इलाज जारी है, जहां उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। मामला कोयलीबेड़ा थाना क्षेत्र का है। पानीडोबीर कैंप से बीएसएफ के जवान सर्च ऑपरेशन पर निकले थे। इस दौरान हेटारकसा के पास नक्सलियों ने प्लांट कर रखा था, जिसे जवान डिफ्यूज करने में जुटा था। इस दौरान हादसा हो गया। घायल जवान को पानीडोबीर कैंप में प्राथमिक इलाज के बाद हेलिकॉप्टर से रायपुर भेजा गया है।

आप की फाइनल लिस्ट जारी

नई दिल्ली(ए.)। आम आदमी पार्टी (आप) ने रविवार को को दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की चौथी व अंतिम सूची जारी कर दी है। इस सूची में 38 नामों की घोषणा की गई है। खास बात यह है कि इस लिस्ट में कई दिग्गज नेताओं के नाम भी शामिल है। नई दिल्ली से एक बार फिर अरविंद केजरीवाल मैदान में उतरे हैं। साथ ही, दो सीट पर फेरबदल किया गया है। इसमें कस्तूरबा नगर से मौजूदा विधायक मदन लाल का टिकट काट कर भाजपा से आप में शामिल हुए रमेश पहलवान को टिकट दिया है। साथ ही, उत्तम नगर से मौजूदा विधायक नरेश बालियान की पत्नी को पोश बालियान को मौका दिया है। इसके अलावा पांच मुस्लिम समुदाय से उम्मीदवार उतारे हैं। 10 महिलाओं को उम्मीदवार बनाया है। यानी 15 फीसदी महिलाओं को जगह दी है।

बस्तर ओलंपिक नक्सलवाद के कॉफिन में अंतिम कील ठोकने का काम करेगा

मार्च 2026 के ओलम्पिक में कहूंगा बस्तर बदल चुका है : शाह

जगदलपुर/नवप्रदेश (वार्ता)। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि मार्च 2026 के ओलंपिक में कहूंगा कि बस्तर बदल चुका है क्योंकि बस्तर ओलंपिक नक्सलवाद के कॉफिन में अंतिम कील ठोकने का काम करेगा। शाह ने आज यहां बस्तर ओलम्पिक के समापन समारोह में नक्सलियों से आह्वान किया कि आत्मसमर्पण कीजिये और राज्य के विकास के भागीदार बनिये। मैं दावे के साथ कहता हूं कि 2026 तक नक्सलियों का खात्मा होगा। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद खत्म होने पर कमिश्वर से ज्यादा पर्यटक बस्तर आयेंगे। गलत रास्ते पर गये लोग आत्मसमर्पण करें हिंसा करेंगे तो हमारे जवान उनसे निपटेंगे। मैने कई राज्यों की आत्मसर्मण पॉलिसी देखी है छत्तीसगढ़ की पॉलिसी देश की सबसे अच्छी पालिसी होगी।

उन्होंने कहा कि 'नियद नेलनानार योजना0 बस्तर को स्वर्ग बनाने की योजना है मोदी सरकार ने दस साल में नक्सलवाद के खिलाफ दो मोर्चें पर काम किया है। कड़ाई की और समर्पण करने वालों को बसाया है। जवानों की मौत में 73 प्रशितत कमी आई है। शाह ने कहा कि आने वाले दिनों में तेंदूपत्ता खरीदी में परिवर्तन करेंगे, नक्सल पीड़ितों के लिए 15 हजार अतिरिक्त आवास प्रधानमंत्री ने स्वीकृत किया है। आजादी के आंदोलन में हजारों आदिवासी सेनानियों ने भाग लिया उनकी याद में देश भर में म्यूजियम बनेंगे। उन्होंने कहा कि बस्तर ओलंपिक नक्सलवाद के कॉफिन में अंतिम कील ठोकने का काम करेगा। बस्तर ओलंपिक लाखों आदिवासी युवाओं को गलत रास्ते में जाने से रोकेगा और उन्हें भारत निर्माण से जोड़ेगा। शाह ने कहा कि बस्तर ओलंपिक क्षेत्र में शांति सुरक्षा और विकास की नई नींव डालने वाला है। बस्तर बदल रहा है, से बस्तर बदल गया, के यात्रा की शुरुआत इस ओलंपिक ने की है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि दुनिया में जब भी भारत को किसी स्पर्धा में मेडल मिलता है तो उसमें से आधे मेडल हमारे आदिवासी बच्चें लेकर आते हैं। उन्होंने कहा कि खेलों की और विकास की जो आज शुरुआत हुई है, वह आने वाले दिनों में बस्तर के आदिवासी बच्चों के लिए विश्व भर के क्षितिज खोलेगा। शाह ने नक्सलवाद को छोड़कर मुख्य धारा से जुडऩे वाले सभी खिलाडिय़ों को शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि माओवाद के माँद कहे जाने वाले इलाकों में हमने नये कैंप स्थापित किये। यहां नक्सलियों को ललकारा और उन्हें धूल चटाई। पिछले एक साल में माओवाद के खिलाफ हमारी लड़ाई में बड़ी सफलता मिली है। इस दौरान 200 से अधिक माओवादियों को ढेर किया गया है, 900 से ज्यादा माओवादी गिरफ्तार हुए तथा 812 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है यह बड़ी उपलब्धि शेष पृष्ठ 6 पर

31 मार्च 2026 तक छत्तीसगढ़ और देश से नक्सलवाद का पूर्णतः खात्मा तय

वर्षों से बंद पड़े स्कूलों को फिर से शुरू किया : साय

साय ने कहा कि नियद नेल्लानार योजना के माध्यम से हम सड़क, पुल-पुलिया, स्कूल, अस्पताल, आंगनवाड़ी, पेयजल, बिजली, मोबाइल टॉवर जैसी अधोसंरचनाएं अंदरूनी गांवों तक पहुंचा रहे हैं। वर्षों से बंद पड़े स्कूलों को फिर से शुरू किया गया है। आत्मसमर्पित नक्सलियों के पुनर्वास की भी बेहतर व्यवस्था और विशेष प्रावधान सरकार द्वारा किए गए हैं। प्रदेश के आत्मसमर्पित नक्सलियों और नक्सल प्रभावित परिवारों के पुनर्वास और उन्हें एक सुरक्षित जीवन प्रदान करने के उद्देश्य से भारत सरकार ने 15,000 पक्के प्रधानमंत्री आवास बनाए जाएंगे। नगरनार स्टील प्लांट और रायपुर- विशाखापट्टनम आर्थिक गलियारे से बस्तर अंचल के विकास को नई गति मिलेगी। पूरे अंचल में वाणिज्य और व्यापार को बढ़ावा मिलेगा, इससे युवाओं के लिए बड़ी संख्या में रोजगार के नये मौके भी सृजित होंगे। साय ने कहा कि पर्यटन के क्षेत्र में भी बस्तर शेष पृष्ठ 6 पर

खूंखार महिला नक्सली बनी फोर्स का हिस्सा

■ अब नक्सलियों के खिलाफ चल रहे ऑपरेशन में निभा रहीं मजबूत भागीदारी

रायपुर/नवप्रदेश। यह कहानी है सुशीला और जयमती की। दोनों देश के अलग-अलग हिस्सों में सक्रिय थीं नक्सली के तौर पर वह पूरी तरह से नक्सली गतिविधियों में शामिल थीं और भारतीय व्यवस्था पर इनको कतई विश्वास नहीं था। लेकिन पिछले कुछ सालों ने उनकी जिंदगी पूरी तरीके से बदल दी है।

सुशीला उड़ीसा मलकानगिरी इलाके में सक्रिय थीं।जबकि जयमती छत्तीसगढ़ बीजापुर इलाके में अपनी गतिविधियां चल रही थीं। दोनों ही 2006 के आसपास नक्सलियों के अलग-अलग काडर में शामिल हुईं थीं। जिस वक्त दोनों शामिल हुईं उनकी उम्र करीब 15 साल के आसपास थी। मीडिया ने जब उनसे बात की तो इन्होंने बताया कि शेष पृष्ठ 6 पर

एक पर 5 और दूसरे पर 10 लाख का था इनाम

इसके बाद इन पर लगातार दबाव बनाए जाने लगा कि जहां-जहां नक्सली जाएं भारतीय सुरक्षा बलों के खिलाफ लोहा लें, उनकी गतिविधियों में शामिल हों। इसी से तंग आकर उड़ीसा मलकानगिरी में सक्रिय सुशीला ने कुछ सालों पहले आत्मसमर्पण कर दिया लेकिन जयमती की कहानी थोड़ा और आगे बढ़ी और 2016 तक वह हिंसक गतिविधियों में लिप्त रहीं। जयमती के मुताबिक 2016 में उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

फडणवीस कैबिनेट का विस्तार, 39 ने ली शपथ

मुंबई (ए.)। महाराष्ट्र में महायुति की सरकार का नागपुर में मंत्रिमंडल विस्तार किया जा रहा है। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन नए मंत्रियों को शपथ दिला रहे हैं। बता दें कि इससे पहले 1991 में भी नागपुर में मंत्रिमंडल का विस्तार किया गया था। जानकारी के मुताबिक, शपथ ग्रहण के बाद देर शाम मंत्रियों के विभागों का भी बंटवारा हो जाएगा।

भाजपा के 19 विधायक बने मंत्री, तीन महिलाएं शामिल

सबसे पहले भाजपा से विधायक और राज्य भाजपा अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने मंत्री पद की शपथ ली है। उनके बाद शिरडी विधानसभा से भाजपा विधायक राधाकृष्ण विखे पाटिल ने मंत्री पद की शपथ ली है। शपथ लेने के क्रम में कोथरुड विधानसभा से भाजपा विधायक चंद्रकांत पाटिल ने चौथे नंबर पर मंत्री पद की शपथ ग्रहण की है। पांचवें नंबर पर भाजपा के विधायक गिरीश महाजन ने मंत्री पद की शपथ ली है। गिरीश महाजन जामनेर विधानसभा सीट से विधायक निर्वाचित हुए शेष पृष्ठ 6 पर

सांसद बृजमोहन के भतीजे की राइस मिल पर छापा

■ राइस मिलरों पर साय सरकार का सख्त एक्शन, कई राइस मिलर्स पर हुई कार्रवाई

रायपुर/नवप्रदेश। खाद्य विभाग की टीम ने रविवार को रायपुर, धमतरी, महासमुंद और राजनांदगांव जिलों में स्थित राईस मिलों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने राइस मिल एसोसिएशन के पदाधिकारी गप्पू मेमन के गरियाबंद स्थित राइस मिल को सील कर दिया है। वहीं रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल के भतीजे के दोंदेकला स्थित राइस मिल में भी खाद्य विभाग की टीम पहुंची है। छत्तीसगढ़ कस्टम मिलिंग चावल उपार्जन आदेश के उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सरकार ने कड़ा रुख अपनाना शुरू कर दिया है। दो दिन पहले ही पुराने 2022-23 के बकाया राशि के भुगतान के लेकर राइस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष योगेश अग्रवाल ने सीएम साय से मिल कर भुगतान की मांग की थी। सीएम से मिलने के बाद योगेश अग्रवाल ने बताया कि समझौता नहीं हो पाया। उसके शेष पृष्ठ 6 पर

नहीं रहे प्रख्यात तबला वादक जाकिर हुसैन

सैन फ्रांसिस्को (ए.)। मशहूर तबला वादक उस्ताद जाकिर हुसैन को हृदय संबंधी समस्याओं के बाद सैन फ्रांसिस्को के एक अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया था। जहां पद्म विभूषण जाकिर हुसैन का निधन हो गया। राकेश चौरसिया ने बताया कि, वह अस्वस्थ थे और उन्हें आईसीयू में भर्ती कराया गया था।

ब्लड प्रेशर की समस्या से ग्रसित थे जाकिर हुसैन

वहीं उस्ताद जाकिर हुसैन के एक करीबी सूत्र ने बताया, 73 वर्षीय अमेरिकी संगीतकार को रक्तचाप (ब्लड प्रेशर) की समस्या थी। उन्होंने कहा, 'उन्हें पिछले एक सप्ताह से हृदय संबंधी समस्या के कारण सैन फ्रांसिस्को के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बता दें कि, उस्ताद जाकिर हुसैन के पिता शेष पृष्ठ 6 पर

प्रणब को बनना था पीएम, मनमोहन को राष्ट्रपति

■ मणिशंकर अय्यर की किताब में टिप्पणी

नई दिल्ली(ए.)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मणिशंकर अय्यर ने अपनी नई किताब में लिखा है कि 2012 में जब राष्ट्रपति पद खाली हुआ था, तब प्रणब मुखर्जी को संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए)सेकंड सरकार की बागडोर दी जानी चाहिए थी।

उन्होंने कहा कि तब मनमोहन सिंह को राष्ट्रपति बनाया जाना चाहिए था। अय्यर (83) ने किताब में लिखा है कि अगर उस समय ऐसा किया गया होता तो यूपीए सरकार का शासन रुकावट (पैरालिसिस ऑफ गवर्नेंस) की स्थिति में न पहुंचता। उन्होंने कहा कि मनमोहन सिंह को प्रधानमंत्री बनाए रखने और प्रणब मुखर्जी को राष्ट्रपति भवन भेजने के फैसले ने तीसरी बार सरकार गठित करने की शेष पृष्ठ 6 पर

फिट इंडिया का शुभारंभ करेंगे मंडाविया

नयी दिल्ली(वार्ता) । केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया 17 दिसंबर सुबह साढ़े सात बजे मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में फिट इंडिया साइकिलिंग मंगलवार की पहल का शुभारंभ करेंगे।

युवा मामले और खेल मंत्रालय साइक्लिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (सीएफआई) और माई भारत के साथ-साथ साई क्षेत्रीय केंद्रों, राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों (एनसीओई), खेलो इंडिया केंद्रों (केआईसी) और जिला प्रशासन के साथ सीधे सहयोग से कार्यक्रम आयोजित फिट इंडिया मूवमेंट के साइकिलिंग कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्रीय राजधानी में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) में सुधार के प्रति जागरूकता के साथ-साथ सामुदायिक भावना को बढ़ावा देते हुए एक स्वस्थ और हरित भारत को बढ़ावा देना है। इसी दिन शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

किसान आंदोलन...

डल्लेवाल ने कहा- मेरी चिंता करने के बजाय बातचीत करके किसानों की मांगों को हल करवाएं

सिर्फ एक ही तरीके से खत्म होगा आमरण अनशन

■ 2.0-डल्लेवाल की दो टूक

पटियाला (पंजाब) (ए)। फसलों पर एमएसपी की कानूनी गारंटी समेत कई मांगों को लेकर पिछले 20 दिन से आमरण अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल से मिलने रविवार को पंजाब के डीजीपी गौरव यादव, केंद्र से डायरेक्टर होम अफेयर्स मयंक मिश्रा, पटियाला रेंज के डीआईजी मनदीप सिंह सिद्धू, पटियाला के एसएसपी डॉ. नानक सिंह समेत अन्य अधिकारी खनौरी बॉर्डर पहुंचे। डल्लेवाल से मुलाकात के बाद अधिकारियों ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। डीजीपी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर केंद्र व पंजाब के अधिकारियों ने डल्लेवाल से अपील की कि वे अनशन खत्म करें। उनकी जान बेशकीमती है। डीजीपी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देश के मुताबिक डल्लेवाल को इमरजेंसी चिकित्सा सेवाएं मुहैया कराने के लिए मेडिकल उपकरणों से लैस एंबुलेंस उपलब्ध कराई गई है। वहीं मयंक मिश्रा ने कहा कि किसानों की मांगों को सुना गया है। उम्मीद है कि बातचीत के जरिये इनका हल निकल सकेगा। इस दिशा में पंजाब सरकार की तरफ से भी पूरी कोशिश की जा रही है। फिलहाल केंद्र से किसी तरह का कोई प्रस्ताव नहीं है। अधिकारियों और डल्लेवाल की मुलाकात के संबंध में किसान नेता अभिमन्यू कोहाड़ ने बताया कि डल्लेवाल ने अनशन खत्म करने के लिए इनकार कर दिया है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा है कि उनकी चिंता करने के बजाय बातचीत करके किसानों की मांगों को हल करवाएं। सिर्फ यही तरीका है उनका आमरण अनशन खत्म करवाने का। रविवार को पटियाला से सांसद डा. धर्मवीर गांधी और महिला पहलवान व कांग्रेस की विधायक विनेश फोगाट भी खनौरी बॉर्डर पर डल्लेवाल से मिलने पहुंचे। उन्होंने भी केंद्र सरकार से किसानों की मांगों को जल्द हल करने की मांग की।

किसान जत्थेबंदियां एक होकर लड़तीं, तो बात कुछ और होती : चढ़ूनी

किसान नेता गुरनाम सिंह चढ़ूनी भी रविवार को डल्लेवाल का हाल जानने खनौरी बॉर्डर पहुंचे। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि अगर इस आंदोलन की शुरुआत से ही किसान जत्थेबंदियां एक होकर लड़ती, तो आज बात कुछ और होती। जरूरत है कि सभी जत्थेबंदियों के एक मंच पर इक_ा होने की। फिलहाल आंदोलन केवल पंजाब में हो रहा है, इसलिए भी केंद्र सरकार इसे हल्के में ले रही है। चढ़ूनी ने कहा कि किसानों की मांगें जायज हैं और इन्हें बातचीत के जरिये जल्द हल किया जाना चाहिए।

आज देश भर में किसान निकालेंगे ट्रैक्टर मार्च

सोमवार को किसानों की ओर से पंजाब को छोड़कर देश के अन्य राज्यों में ट्रैक्टर मार्च निकाले जाएंगे। इसके बाद डल्लेवाल की ओर से राष्ट्रपति को लिखी चि_ी की कापियां भी जिला अधिकारियों को सौंपी जाएंगी। बुधवार को सिर्फ पंजाब में दोपहर 12 से तीन बजे तक ट्रेनें रोकी जाएंगी।

15 राज्यों में शीतलहर, पारा 5 डिग्री तक लुढ़का, उत्तर भारत में कड़ाके की सर्दी

नई दिल्ली(ए.)। देश के 15 राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों के कई इलाकों में शीतलहर चलने के साथ उत्तर भारत में कड़ाके की ठंड का आगाज हो गया है। मैदानी राज्यों में बीते 24 घंटे में न्यूनतम तापमान 5 से 10 डिग्री तक पहुंच गया। राजस्थान और पंजाब में कुछ स्थानों पर तो पारा शून्य के नीचे दर्ज किया गया। पंजाब और मध्य प्रदेश में बेहद ठंडी हवाएं चल रही हैं।

हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल के गंगा के मैदानी इलाकों, बिहार, महाराष्ट्र के विदर्भ, सौराष्ट्र और गुजरात के कच्छ के ज्यादातर हिस्सों में शीतलहर का प्रकोप है। ठंड ने दक्षिणी और तटीय भारत के अलावा अन्य क्षेत्रों को अपनी चपेट में ले लिया है। मौसम विभाग के अनुसार, पिछले 24 घंटे में मैदानी क्षेत्रों में सबसे कम न्यूनतम तापमान पंजाब के आदमपुर में 0.7 डिग्री दर्ज किया गया। राजस्थान के सीकर जिले के फतेहपुर में यह 1.3 और माउंट आबू में 1.4 डिग्री तक पहुंच गया। उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों, पूर्वी राजस्थान और विदर्भ में न्यूनतम तापमान सामान्य से 3-5 डिग्री नीचे दर्ज किया गया। अन्य स्थानों पर भी न्यूनतम तापमान में गिरावट हुई है। पूर्वोत्तर भारत के मणिपुर और मेघालय के कुछ इलाकों में बेहद घना कोहरा छाया रहा और दृश्यता 50 से 200 मीटर दर्ज की गई। मैदानी राज्यों में हालांकि अभी घने कोहरे से राहत है।

8.4 डिग्री पहुंचा कश्मीर के पहलगाम में पारा-कश्मीर कड़ाके की ठंड की चपेट में है। अगले तीन दिन घाटी में शीतलहर की चेतावनी दी गई है। पहलगाम शनिवार को घाटी में सबसे सर्द स्थान रहा।

एनसीआर में सामान्य से 1-3 डिग्री कम रहा तापमान

देश की राजधानी दिल्ली और एनसीआर में भी न्यूनतम तापमान 1 डिग्री गिरा है। राजधानी के अलग-अलग जगह 6 से 8 डिग्री के बीच न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया, जो सामान्य से 1 से 3 डिग्री कम है। अधिकतम पारा सामान्य के करीब रहा। शुक्रवार और शनिवार को 20 किलोमीटर की रफ्तार से ठंडी हवाएं चलीं।

तीन दिन और चलेगी शीतलहर...17 से राहत संभव

मौसम विभाग ने तीन दिन तक जम्मू-कश्मीर, यूपी, राजस्थान, बिहार, झारखंड, हरियाणा, चंडीगढ़ समेत पूरे उत्तर भारत में तेज शीतलहर की चेतावनी जारी की है। मौसम वैज्ञानिक डॉ. सोमा सेन राय के अनुसार, 17 दिसंबर के बाद तापमान फिर बढ़ सकता है।

श्रीनगर में पारा -4.6 डिग्री व गुलमर्ग में -7.6 डिग्री रहा।

न्यूज गैलरी

पुलवामा में वंदे भारत के ठहराव से बढ़ेगी कनेक्टिविटी

जम्म(ए.)। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दक्षिण कश्मीर के पुलवामा रेलवे स्टेशन पर वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के ठहराव की संभावनाएं तलाशने के आदेश दिए हैं। एक पत्र में पुलवामा से पीडीपी के विधायक वहीद उर रहमान पर्रा ने वंदे भारत एक्सप्रेस के नॉन-स्टॉप संचालन पर चिंता जताई थी। रेल मंत्री ने पर्रा के पत्र का जवाब देते हुए लिखा, 29 नवंबर को लिखे आपके पत्र में पुलवामा रेलवे स्टेशन पर वंदे भारत एक्सप्रेस के ठहराव का आग्रह किया गया था। इस बारे में निदेशालय को निर्देश दिए गए हैं।पुलवामा में वंदे भारत एक्सप्रेस का ठहराव स्थापित करने का आग्रह किया था। पर्रा ने कहा था कि यहां एम्स, अवंतीपोरा एयरफील्ड, विश्वविद्यालय जैसे महत्वपूर्ण संस्थान और औद्योगिक केंद्र हैं। यह क्षेत्र दक्षिण कश्मीर की कनेक्टिविटी और विकास के लिए महत्वपूर्ण है।

ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से 4 की मौत

ग्वालियर। ग्वालियर में शनिवार रात करीब ग्यारह बजे ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से चार लोगों की मौत हो गई। घटना घाटीगांव में आंतरी-तिलावली तिराहा की है। ट्रैक्टर-ट्रॉली में सहरिया आदिवासी समाज के लोग थे।मृतकों में एक नाबालिग भी शामिल है। हादसे में 15 से ज्यादा लोग घायल हो गए, जिन्हें एंबुलेंस और पुलिस की गाड़ियों की मदद से जेएएच के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही कलेक्टर रुचिका चौहान ने ट्रॉमा सेंटर पहुंचकर घायलों का हाल जाना। साथ ही उनके बेहतर इलाज के इंतजाम करने के निर्देश अस्पताल प्रबंधन को दिए।

पदाधिकारियों में एक दूसरे पर टिप्पणी करने पर कहासूनी

भाजपा संगठन चुनाव की प्रक्रिया के दौरान बवाल, जमकर चले लाठी-डंडे

आगरा(ए.)। आगरा में भाजपा के संगठनात्मक चुनाव की प्रक्रिया के दौरान शनिवार दोपहर को नुनिहाई में बवाल हो गया। सीता नगर मंडल अध्यक्ष पद के लिए आवेदन करने आए युवा मोर्चा के पदाधिकारियों में एक-दूसरे पर टिप्पणी करने पर कहासुनी के बाद मारपीट हो गई।

ब्रज क्षेत्र अध्यक्ष महिला मोर्चा और सीता नगर मंडल प्रभारी की मौजूदगी में दावेदारों और उनके समर्थकों ने एक दूसरे को दौड़ाकर डंडों से पीटा। आधा घंटे तक हंगामा होता रहा। इस दौरान लोगों की भीड़ भी लग गई। नुनिहाई रोड पर जाम की स्थिति भी बन गई। बाद में दोनों पक्ष थाने पहुंच गए। केस दर्ज कराए गए हैं।

शनिवार को नुनिहाई में शिव मंदिर में सीता नगर मंडल अध्यक्ष पद के दावेदारों के आवेदन की प्रक्रिया चल रही थी। मुख्य अतिथि ब्रज क्षेत्र अध्यक्ष महिला मोर्चा रंजना पवार और सीता नगर मंडल की प्रभारी मौजूद थीं। ट्रांस यमुना कॉलोनी के भाजयुमो नेता पिंटू गुप्ता भी आए थे।

आरोप है कि मंदिर के मुख्य गेट पर उन्हें सचिन भदौरिया, सौरभ ठाकुर, गौरव शर्मा, धीरज तोमर, अंकित वर्मा, मिलन ठाकुर ने टिप्पणी की। इसके बाद हमला बोल दिया। उन्हें और उनके साथ आए लोगों को डंडों से पीटा। हमलावरों ने जमीन पर गिराकर लात-घूंसों से पिटाई लगाई। इस पर लोग जुट गए। उन्हें किसी तरह बचाया गया। वह थाने आ गए।

उधर, सचिन भदौरिया पक्ष के गौरव शर्मा ने पिंटू गुप्ता और उनके समर्थकों पर हमले का आरोप लगाया है। पुलिस को बताया कि वह समर्थकों के साथ मंडल अध्यक्ष की दावेदारी को आवेदन करने गए थे। वहां पर पिंटू गुप्ता ने बबलू यादव, हरजीत, ऋषि यादव, आशु पंडित, प्रवीन चौधरी सहित अन्य के साथ उन पर हमला बोल दिया। उन्हें और समर्थकों को कुल्हाड़ी, डंडों आदि से पीटा।

थाना एत्माद्दौला के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि चुनाव के दौरान दोनों पक्ष में झगड़ा हुआ था। एक पक्ष से पिंटू गुप्ता घायल हैं, दूसरे पक्ष से गौरव शर्मा और दीपक घायल हैं। तीनों का मेडिकल कराया है। पिंटू गुप्ता की तहरीर पर 12 नामजद और 10 अज्ञात, जबकि गौरव शर्मा की तहरीर पर 7 नामजद और 10 अज्ञात के मारपीट और बलवे की धारा में मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

छह महीने से विवाद

सीता नगर मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा के पद को लेकर बड़ी दावेदारी हो रही है। ट्रांस यमुना के पिंटू गुप्ता और सचिन भदौरिया में छह महीने से विवाद चल रहा है। दोनों खुद को युवा मोर्चा का मंडल अध्यक्ष होने का दावा करते हैं। पिंटू गुप्ता को पूर्व मंडल अध्यक्ष मंगल सिंह ने सीता नगर मंडल युवा मोर्चा का अध्यक्ष बनाया था। जिसके एक महीने बाद महानगर अध्यक्ष युवा मोर्चा शैलू पंडित ने सचिन भदौरिया को सीता नगर मंडल का अध्यक्ष बना दिया। तब से दोनों में रार है।

पूरा देश भाजपा का परिवार, कुछ लोगों ने एक परिवार के चरणों में रख दिया: राजनाथ

नई दिल्ली(ए.)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कांग्रेस पर परोक्ष हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा पूरे देश को अपना परिवार मानती है, लेकिन कुछ लोग ऐसे हैं जिन्होंने इसे अपने फायदे के लिए एक परिवार के नेताओं के चरणों में रख दिया है। उन्होंने लोगों से भाजपा और कांग्रेस के बीच अंतर समझने की अपील की। राजनाथ सिंह नई दिल्ली में एक कार्यक्रम में बोल रहे थे, जो आरएसएस से जुड़ी सेवा भारती द्वारा समाज सेवा में योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित करने के लिए आयोजित किया गया था। इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब भी लोगों से बात करते हैं, तो वह हमेशा 'मेरे परिवारजनो' शब्द का इस्तेमाल करते हैं।

रक्षा मंत्री ने कांग्रेस और नेहरू-गांधी परिवार का परोक्ष रूप से उल्लेख किया। उन्होंने कांग्रेस और नेहरू-गांधी परिवार का परोक्ष रूप से उल्लेख करते हुए कहा कि हम पूरे देश को अपना परिवार मानते हैं, जबकि कुछ लोग ऐसे हैं, जिन्होंने एक परिवार के फायदे के लिए पूरे देश को अपने नेताओं के चरणों में रख दिया है। रक्षा मंत्री सिंह ने लोगों से आह्वान किया कि इस अंतर को समझने की जरूरत है।

सेवा की भावना के साथ काम कर रही मोदी सरकार

राजनाथ सिंह ने यह भी कहा कि मोदी सरकार 'सेवा की भावना' के साथ काम कर रही है, और पीएम मोदी के नेतृत्व में देश की प्रगति और गरीबों की भलाई के लिए कई योजनाएं बनाई गई हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि यह मोदी सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का ही नतीजा है कि देश के 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर निकले हैं। हालांकि, रक्षा मंत्री सिंह ने यह भी स्वीकार किया कि समाज में अभी भी कुछ वर्ग हैं जो गरीबी, अशिक्षा और भेदभाव जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं, और यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम उनके उत्थान के लिए काम करें। इस कार्यक्रम में आरएसएस के संयुक्त महासचिव आलोक कुमार ने भी सेवा की महत्ता पर बात की। उन्होंने कहा कि सेवा से ही समाज में असमानता को कम किया जा सकता है।

अंतरराष्ट्रीय सॉवरेन बांड एक्सचेंज ऑफर का समापन

- **ऋण पुनर्गठन, नई प्रतिभूति हासिल करने में मिलेगी मदद**

कोलंबो(ए.)। श्रीलंका ने अपने अंतर्राष्ट्रीय सॉवरेन बॉन्ड एक्सचेंज ऑफर के सफल समापन की घोषणा की है, जिसमें 98 प्रतिशत बॉन्डधारकों ने भाग लिया। यह कदम देश को अपने ऋण का पुनर्गठन करने और नई बॉन्ड प्राप्त करने में मदद करेगा। श्रीलंका ने यह घोषणा शुक्रवार को की गई, जो 14.2 बिलियन अमेरिकी डॉलर के ऋण पुनर्गठन समझौते के कुछ दिनों बाद आई है, जिसे पिछले शासन में तय किया गया था। इस समझौते के तहत मौजूदा बॉन्ड के बदले नए बॉन्ड जारी किए जाएंगे और यह कदम आईएमएफ द्वारा कर्ज स्थिरता बनाए रखने के लिए जरूरी था।

श्रीलंका के राष्ट्रपति और वित्त मंत्री अनुरा कुमारा दिसानायके ने इस उच्च भागीदारी को एक विश्वासमत के रूप में स्वीकार किया। उन्होंने कहा कि इस विनिमय में बाजार प्रतिभागियों की बड़ी भागीदारी यह दिखाती है कि सरकार की योजना में विश्वास है।

श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय और स्थानीय हितधारकों से उच्च भागीदारी को एक विश्वासमत के रूप में सराहा। उन्होंने कहा हम अपने अंतर्राष्ट्रीय और स्थानीय बॉन्डधारकों से इस विश्वास को देखकर बहुत प्रसन्न हैं। पिछले कुछ साल श्रीलंकाई जनता के लिए बहुत चुनौतीपूर्ण रहे हैं, लेकिन हमारे सामूहिक प्रयास अब फल दे रहे हैं। उन्होंने आगे कहा इस ऋण विनिमय का कार्यान्वयन, जो दो वर्षों की गहन वार्ता का परिणाम है। श्रीलंका को पर्याप्त ऋण राहत प्रदान करेगा। इससे हमारे विकास और सामाजिक योजनाओं को वित्तपोषित करने के लिए अल्प और मध्यम अवधि में संसाधन मिलेंगे और हमारे सार्वजनिक वित्त की दीर्घकालिक स्थिरता बहाल होगी।

श्रीलंका ने धारकों को दिया था निमत्रण

बता दें कि श्रीलंका ने 25 नवंबर को अपने आईएसबी (अंतर्राष्ट्रीय सॉवरेन बॉन्ड) धारकों को नए ऋण साधनों के बदले पुराने बॉन्ड्स का आदान-प्रदान करने के लिए आमंत्रित किया था। इन धारकों में अंतर्राष्ट्रीय निवेशक और घरेलू वित्तीय संस्थान शामिल थे, जिनके पास आईएसबी की कुल बकाया राशि का लगभग 50 प्रतिशत हिस्सा था।

खड़े ट्रक में घुसी कार, 5 लोगों की मौत, 3 घायल

रांची/नवप्रदेश। झारखंड के बोकारो-रामगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुए एक हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई है। दुर्घटना में तीन लोगों के घायल होने की भी जानकारी है। दुर्घटना शुक्रवार देर शाम बोकारो के काश्मार थाना क्षेत्र के दांतू गांव के पास हुई। एक खड़े ट्रक में कार जा घुसी। बेरमो अनुमंडल पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) बीएन सिंह ने बताया कि चार पहिया वाहन ने सड़क जाम में फंसे ट्रक को पीछे से टक्कर मार दी। चार पहिया वाहन में करीब आठ लोग सवार थे।

देसंविवि और मॉडर्न ग्लोबल नर्सिंग इंस्टिट्यूट के बीच शैक्षणिक समझौता

हरिद्वार। देव संस्कृति विश्वविद्यालय और मॉडर्न ग्लोबल नर्सिंग इंस्टिट्यूट, बहादराबाद, हरिद्वार के बीच एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक समझौता पर हस्ताक्षर हुआ। यह समझौता दोनों संस्थानों के बीच नैदानिक प्रशिक्षण के क्षेत्र में सहयोग को मजबूत करेगा। इस समझौता का मुख्य उद्देश्य मॉडर्न ग्लोबल नर्सिंग इंस्टिट्यूट के नर्सिंग छात्रों को देव संस्कृति विश्वविद्यालय में नैदानिक अनुभव प्रदान करना है। इसके तहत देव संस्कृति विश्वविद्यालय, मॉडर्न ग्लोबल नर्सिंग इंस्टिट्यूट के छात्रों को एक निर्धारित समयावधि के लिए अपने अस्पतालों में प्रशिक्षण देने का अवसर प्रदान करेगा, जहां उन्हें नर्सिंग सेवाओं का व्यावहारिक अनुभव मिलेगा। इस दौरान छात्रों पर मॉडर्न ग्लोबल नर्सिंग इंस्टिट्यूट द्वारा नियुक्त एक अनुभवी नर्सिंग ट्यूटर की देखरेख होगी, जो उन्हें मार्गदर्शन और सहयोग प्रदान करेगी। इस समझौते पर हस्ताक्षर देव संस्कृति विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति डॉ. चिन्मय पंड्या और मॉडर्न ग्लोबल नर्सिंग इंस्टिट्यूट के अध्यक्ष श्री जितिन कुमार शर्मा ने किया। इसके माध्यम से नर्सिंग छात्रों को व्यावहारिक अनुभव प्राप्त होगा, जिससे उनका प्रशिक्षण और भी प्रभावी बनेगा।

अमेरिका से 18 हजार भारतीयों को निकालेंगे ट्रंप

- **सीमा शुल्क प्रवर्तन ने 15 लाख अवैध प्रवासियों की बनाई सूची**

वाशिंगटन(ए.)। चुनाव के वक्त कड़ी आव्रजन नीतियों का एलान कर चुके डोनाल्ड ट्रंप 20 जनवरी को शपथ के बाद सबसे पहले अवैध प्रवासन पर काम करेंगे। इसकी तैयारी में अमेरिकी आव्रजन-सीमा शुल्क प्रवर्तन (आईसीई) ने निर्वासन के लिए लगभग 15 लाख लोगों की सूची तैयार की है। इनमें से करीब 18 हजार भारतीयों को भारत निकालने का खतरा है। अमेरिकी सरकार ने भारत पर गैर-मददगार होने का आरोप लगाया है।

आईसीई ने निर्वासन प्रक्रिया में मदद नहीं करने वाले 15 देशों की सूची बनाई है, जिन्हें 'गैर मददगार' कहा जाता है। इनमें भारत का नाम भी है। आसीई के डाटा के मुताबिक, अमेरिका में रह रहे करीब 18 हजार भारतीय अवैध कागजी कार्रवाई की लंबी प्रक्रिया में फंस गए हैं। इसमें 3 वर्ष का वक्त लग सकता है। एजेंसी

आईसीई के मुताबिक, पिछले 3 सालों में अमेरिकी सीमा में अवैध रूप से घुसने की कोशिश में 90 हजार भारतीयों को पकड़ा गया है। इन प्रवासियों का एक बड़ा हिस्सा पंजाब, गुजरात और आंध्र प्रदेश से रहा है। एशियाई देशों में अवैध घुसपैठ को लेकर चीन शीर्ष पर है। भारत इस मामले में 13वें नंबर पर है।

अक्तूबर में कुछ भारतीय नागरिकों को किया जा चुका है निर्वासित

अक्तूबर में अमेरिका ने अवैध रूप से देश में रह रहे भारतीयों को निर्वासित करने के लिए एक चार्टर्ड उड़ान का इस्तेमाल किया था। गृह सुरक्षा मंत्रालय के अनुसार, 22 अक्तूबर को भारत के सहयोग से एक उड़ान भारत भेजी गई। अमेरिका में हजारों बगैर कानूनी दस्तावेज के रहने वाले भारतीय अपनी स्थिति को वैध बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। इनमें से कई को आईसीई से मंजूरी मिलने में वर्षों लग गए हैं।

प्राचीन मंदिर... *46 साल से था बंद, 1978 के दंगे के बाद हिंदू परिवार मकान बेचकर चले गए*

संभल के शिव मंदिर में की गई आरती, श्रद्धालुओं ने किया पूजा पाठ

संभल(ए.)। उत्तर प्रदेश के संभल जिले में 46 साल बाद खुले मंदिर में रविवार की सुबह शिव मंदिर में आरती की गई। शनिवार को जिला पुलिस और प्रशासन द्वारा चलाए गए अतिक्रमण विरोधी अभियान के दौरान मंदिर खोजा गया था।

14 दिसंबर को फिर से खोले गए मंदिर के बाहर पुलिस सुरक्षा तैनात की गई है। मंदिर परिसर की सफाई की गई है और बिजली की व्यवस्था की गई है। यहां सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं।

मुस्लिम आबादी के 46 साल बाद खुला मंदिर

संभल के मुस्लिम बहुल मोहल्ले खग्गू सराय में 46 साल से ताला बंद मंदिर मिला है। डीएम और एसपी ने शनिवार को अपनी देखरेख में मंदिर का दरवाजा खुलवाया। एएसपी श्रीश्चंद्र और सीओ अनुज चौधरी ने अपने हाथों से मंदिर की सफाई की।

इसके बाद मंदिर परिसर में बने कुएं की भी खोदाई कराई गई, जो मंदिर बंद होने के बाद पाट दिया गया था। दरअसल 1978 में दंगे में हिंदुओं के पलायन के बाद से यह मंदिर बंद था। डीएम डॉ. राजेंद्र पैंसिया ने बताया कि सूचना मिली थी कि खग्गू सराय इलाके में प्राचीन मंदिर है। इसके बाद बंद मंदिर के ताले खुलवाए गए। संभल के जो तीर्थ और कूप विलुप्त हो चुके हैं उनको संवारने काम किया जाएगा। इलाके के लोगों का कहना है कि खग्गू सराय में 1978 से पहले तक 40 हिंदू (रस्तोगी) परिवार रहते थे। 1978 में हुए दंगे के बाद हिंदू परिवार अपने मकान बेचकर दूसरे मोहल्लों में चले गए थे। जबकि इन परिवारों के कारोबार इसी इलाके के आसपास हैं। इन परिवारों का प्राचीन शिव मंदिर है, जिसकी लंबे समय से देखभाल नहीं हो पा रही थी। विष्णु शरण रस्तोगी (82) ने बताया कि यहां उनके पुश्तैनी मकान थे और परिवार के लोग ही मंदिर में पूजन करते थे। जब मकान बेच दिए तो देखभाल नहीं कर सके। अब प्रशासन ने इस मंदिर को फिर से आबाद कराया है। शाम को मंदिर में काफी लोगों ने पूजन भी किया।

हमें मंदिर बंद रहने की सूचना मिली थी। मंदिर काफी पुराना है। सफाई कराई गई है। कुएं की भी खोदाई कराई गई है। मंदिर कितना पुराना है इसकी भी जांच कराई जाएगी। संभल के जो तीर्थ और कूप विलुप्त हो चुके हैं उनको संवारने की पहल की गई है।
-डॉ. राजेंद्र पैंसिया,
डीएम संभल

'मैं थाने से बोल रहा हूं, रुपये ट्रांसफर करो.. कहकर ठग लिए 50 लाख

दरभंगा(ए.)। दरभंगा में विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र के रुहेलागंज निवासी राकेश रौशन से 50 लाख 85 हजार रुपये साइबर ठगों ने उनके खाते से उड़ा लिया है। पीड़ित के मोबाइल पर अज्ञात नम्बर से साइबर ठगों ने फोन करके कहा कि मैं मुम्बई के चेम्बूर थाना थाना से बोल रहा हूं। आपके आधार कार्ड से फ्रॉड हो गया है। आपका जो मुम्बई के केनरा बैंक के खाता है, उससे नरेश गोयल को कैश ट्रांसफर किया गया था। अब इस रुपये की लिए आपके मोबाइल नम्बर से उन्हें परेशान किया जा रहा है। यह बात सुनते ही राकेश रौशन हैरान रह गए। वह कुछ समझ पाते तब तक साइबर ठगों उन्हें डराने और धमकाने लगा। इस मामले में पीड़ित ने ठगी का जानकारी होते ही डायल 1930 पर कॉल करके शिकायत दर्ज कराई। इस मामले साइबर तकनीकी सेल ने तत्काल 27 लाख रुपये साइबर ठगों द्वारा ठगी की रकम को होल्ड कर लिया है। पीड़ित राकेश रौशन ने बताया कि मैं पांच वर्ष पहले तक मुम्बई में ही रहा करता था।

न्यूज गैलरी

फिजिकल टेस्ट के दौरान अभ्यर्थी की मौत

सीएम साय ने जताया दुख; दस लाख की सहायता की घोषणा

रायपुर/नवप्रदेश। कांकेर में वनरक्षक भर्ती परीक्षा में फिजिकल टेस्ट के दौरान एक अभ्यर्थी की अचानक तबीयत खराब हो गई, जिससे अभ्यर्थी की मौत हो गई। इस घटना को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि अभ्यर्थी की असामयिक मृत्यु अत्यंत दुःखद है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट कर मृतक के परिवार को सरकार की तरफ से 10 लाख रुपए की सहायता राशि देने की घोषणा की है। कांकेर जिले में वन रक्षक भर्ती परीक्षा को लेकर फिजिकल टेस्ट हो रहा था। बीते दिन टेस्ट के दौरान एक अभ्यर्थी महेंद्र कुमार कुरेटी की अचानक तबीयत बिगडने से मौत हो गई। इस घटना को लेकर सीएम विष्णुदेव साय ने अपने सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट कर शोक संवेदना व्यक्त किया है। उन्होंने मृतक के परिवार को सरकार की तरफसे 10 लाख रुपए की सहायता राशि देने की घोषणा भी की है।

राइस मिलर्स हड़ताल : पूर्व मंत्री ननकीराम ने मोदी और शाह को लिखा पत्र

रायपुर/नवप्रदेश। पूर्व विधायक ननकीराम कंवर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल को पत्र लिख कर राइस मिलरों के बकाया का जिक्र करते हुए भुगतान की बात कही है। उन्होंने समितियों में जमा धान के उठाव के लिए शासन और राइस मिलरों के बीच सामंजस्य स्थापित करने की मांग की है, जिससे किसानों में पनप रहे आक्रोश का असर नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव में देखने को न मिले। पूर्व गृह मंत्री ननकीराम कंवर ने अपने पत्र में लिखा कि राइस मिलर को प्रदेश सरकार की उपेक्षा का शिकार होना पड़ रहा है। इन्हें अपने कार्य का पैसा दो-तीन साल से नहीं मिलने की बात कहते हुए इससे इतनी बड़ी इंडस्ट्री को चलाने में आने वाली दिक्कत से अवगत कराया। इसके साथ ही पूर्व मंत्री ने पूर्व में शासन द्वारा स्थापित की गई खुद की किसान राइस मिल के प्रशासन की गलत नीति से बंद हो गई।

सेवा सुंगधम समिति ने किया आडिल हॉस्पिटल के डॉक्टरों और स्टाफ का सम्मान

भाटापारा/नवप्रदेश। सेवा सुगंधम संस्थान रायपुर के द्वारा निरंतर 1993 से सामाजिक, धार्मिक एवं विभिन्न संगठन द्वारा किए जा रहे अतुलनीय कार्यों एवं अपने नगर राज्य के प्रति समर्पित होकर जनहित के कार्यों को करने वाले समूहों एवं व्यक्तियों का निरंतर सम्मान समिति के संस्थापक टिकेंद्र उपाध्याय करते आ रहे है। जिसके माध्यम से भाटापारा के प्रसिद्ध आडिल हॉस्पिटल के मुख्य चिकित्सक डॉ. विकास आडिल, डॉ. विक्रम आडिल, डॉ. कृष्ण कुमार आडिल, डॉ. चंद्रकांत आडिल, डॉ. मेघा आडिल, डॉ. पूनम आडिल सहित हॉस्पिटल के समस्त स्टाफ के लोगों का सेवा सुगंधम सामाजिक जन कल्याण समिति रायपुर के द्वारा ÷सतत सेवारत सम्मान समारोह÷ 2024 प्रमाण पत्र एवं भेंट प्रदान कर उनके द्वारा किए गए कार्यों को विशेष अलंकृत कर सम्मान किया गया एवं निरंतर समाज देश नगर के लिए इसी तरह से कार्य करते रहने के लिए उत्साहित किया गया।

राज्यपाल नि:क्षय मित्र बनकर 10 टी बी मरीजों की करेंगे मदद

राज्यपाल रमेन डेका ने टी. बी. मरीजों के लिए प्रदाय किए फूड बास्केट

रायपुर/नवप्रदेशे। राज्यपाल रमेन डेका ने अपने धमतरी प्रवास के दौरान स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के क्षयमुक्त भारत अभियान योजना अंतर्गत 3 निक्षय मित्रों के माध्यम से 3 टी. बी. के मरीजों के लिए प्रोटीन युक्त फूड्ड बास्केट प्रदाय किये। इस दौरान राज्यपाल श्री डेका ने मरीजों को समझाइश देते हुए कहा कि टी. बी. से घबराना नहीं, यह बीमारी दवाई के नियमित सेवन एवं उचित खानपान से पूर्णतः ठीक हो जाता है। राज्यपाल स्वयं निक्षय मित्र बनकर जिले के 10 टी. बी. मरीजों की मदद करेंगे। टी बी मरीजों को दिये जाने वाला फूड बास्केट जिसकी लागत 500 रूपए होती है, जिसमे पौष्टिक खाद्य पदार्थ होते हैं, जिनके सेवन से मरीजों को ताकत मिलती है और वे जल्दी ठीक हो पाते है। निक्षय मित्र के रूप में 6 माह या उससे अधिक समय के लिए बना जा सकता है ।

राज्यपाल डेका ने प्रधानमंत्री टी बी मुक्त भारत अभियान की गतिविधियों में रेडक्रॉस को भी जोड़ने के निर्देश दिए।

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ दौरे के पहले दिन रायपुर में छत्तीसगढ़ पुलिस को 'प्रेसिडेंट कलर' प्रदान किया

छत्तीसगढ़ पुलिस को 'प्रेसिडेंट कलर' अवार्ड मिलना उनकी कड़ी मेहनत, वीरता व समर्पण का प्रतीक

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ पुलिस को 'प्रेसिडेंट कलर' अवार्ड मिलना, उनकी कड़ी मेहनत, वीरता व समर्पण का प्रतीककेन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज अपने छत्तीसगढ़ दौरे के पहले दिन रायपुर में छत्तीसगढ़ पुलिस को 'प्रेसिडेंट कलर' प्रदान किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

अपने संबोधन में अमित शाह ने कहा कि राष्ट्रपति का निशान मिलना किसी भी सशस्त्र बल के लिए बहुत गर्व का विषय है और अपनी स्थापना के 25 साल की अल्पावधि में ही छत्तीसगढ़ पुलिस ने राष्ट्रपति का विश्वास जीतकर इस सम्मान को प्राप्त किया है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ पुलिस अपने जुनून, वीरता और समर्पण के साथ देश के सर्वश्रेष्ठ पुलिस बलों में से एक है।

गृह मंत्री ने कहा कि अपनी स्थापना के 25वें वर्ष में प्रवेश करते ही राष्ट्रपति के निशान से सम्मानित होना छत्तीसगढ़ पुलिस की कड़ी मेहनत, समर्पण, बहादुरी और जनता के प्रति लगाव का द्योतक है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ पुलिस विशिष्टता, प्रतिबद्धता, बहादुरी और समर्पण के साथ राज्य की जनता की सेवा कर रही है। उन्होंने कहा कि कानून और व्यवस्था को सुदृढ़ करने, नक्सलवाद मुक्त और नशामुक्त भारत अभियान, सार्वजनिक सुरक्षा और नागरिकों के जीवन को सुलभ बनाने के अपने प्रयासों में छत्तीसगढ़ पुलिस हमेशा अग्रणी रही है।

31 मार्च 2026 से पहले छत्तीसगढ़ को नक्सल मुक्त कर दिया जाएगा

अमित शाह ने कहा कि दशकों से चली आ रही छत्तीसगढ़ के गठन की मांग को अटल बिहारी वाजपेयी जी ने पूरा किया था। गृह मंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 31 मार्च, 2026 से पहले छत्तीसगढ़ को नक्सलवाद से पूरी तरह मुक्त कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार छत्तीसगढ़ के साथ-साथ देश के अन्य राज्यों को भी नक्सलवाद से मुक्त कराने के प्रति कटिबद्ध है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ पुलिस बहादुरी के साथ इस संकल्प की प्राप्ति की दिशा में बढ़ रही है और पिछले एक साल में नक्सलवाद के खिलाफलड़ाई में कई उपलब्धियां प्राप्त की हैं।केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पिछले एक साल में नक्सलवाद के खिलाफलड़ाई में सुरक्षा बलों ने 287 नक्सलियों को न्यूट्रलाइज़ किया है, 1000 को गिरफ्तार किया है और 837 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। उन्होंने कहा कि मारे गए नक्सलियों में 14 शीर्ष नक्सली शामिल हैं।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि आज सरदार पटेल जी की पुण्यतिथि है। उन्होंने कहा कि सरदार साहब के अदम्य साहस और दृढ़ता ने ही इस देश को एक करने का काम किया। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने सरदार साहब के अधूरे कामों को पूरा किया और धारा 370 को समाप्त कर कश्मीर को हमेशा के लिए भारत के साथ जोड़ दिया। उन्होंने कहा कि आज पूरा देश कृतज्ञता के साथ सरदार साहब को श्रद्धांजलि दे रहा है।

अमित शाह ने कहा कि दशकों से चली आ रही छत्तीसगढ़ के गठन की मांग को श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी ने पूरा किया था। गृह मंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 31 मार्च, 2026 से पहले छत्तीसगढ़ को नक्सलवाद से पूरी तरह मुक्त कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार छत्तीसगढ़ के साथ-साथ देश के अन्य राज्यों को भी नक्सलवाद से मुक्त कराने के प्रति कटिबद्ध है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ पुलिस बहादुरी के साथ इस संकल्प की प्राप्ति की दिशा में बढ़ रही है और पिछले एक साल में नक्सलवाद के खिलाफलड़ाई में कई उपलब्धियां प्राप्त की हैं।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पिछले एक साल में नक्सलवाद के खिलाफलड़ाई में सुरक्षा बलों ने 287 नक्सलियों को न्यूट्रलाइज़ किया है, 1000 को गिरफ्तार किया है और 837 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। उन्होंने कहा कि मारे गए नक्सलियों में 14 शीर्ष नक्सली शामिल हैं। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद के खिलाफ मोदी सरकार की सख्त नीति के कारण 4 दशकों में पहली बार नागरिकों और सुरक्षाबलों की मृत्यु का आंकड़ा 100 से नीचे आया है।

संजय सोनी सहित 4 प्रधान आरक्षक पदोन्नत होकर बने सहायक उप निरीक्षक

भाटापारा/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में 04 प्रधान आरक्षकों के सहायक उप निरीक्षक के पद पर विभागीय पदोन्नति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधान आरक्षक दिनेश कुर्रे, संजय सोनी, मनीष वर्मा एवं दिलीप कुमार टोप्पो सहायक उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नत हुए हैं। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी प्रधान आरक्षकों के कंधे पर एक स्टार लगाकर एवं कैप पहना कर सहायक उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नति की प्रक्रिया पूर्ण कर शुभकामनाएं दी गई।

वर्तमान में सहायक उप निरीक्षक दिनेश कुर्रे रक्षित केन्द्र, संजय सोनी थाना भाटापारा ग्रामीण, मनीष वर्मा रक्षित केन्द्र एवं दिलीप कुमार टोप्पो थाना भाटापारा शहर में पदस्थ है। इस दौरान कार्यक्रम में उप पुलिस अधीक्षक यातायात, एसडीओपी भाटापारा एवं समस्त पदोन्नत सहायक उप निरीक्षकों के परिवार के सदस्यगण भी उपस्थित थे।

राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का समापन

बिलाईगढ़/नवप्रदेशे। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी अंग्रेजी माध्यम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पवनी का सात दिवसीय विशेष शिविर मेरा युवा भारत के लिए युवा विषय पर ग्राम रमतला के प्राथमिक शाला प्रांगण में आयोजित किया गया । कार्यक्रम अधिकारी द्वय एच.आर.कुर्रे एवम वी पी साहू के मार्गदर्शन में शिविरार्थियों के द्वारा शिविर में प्रतिदिन परियोजना कार्य के अंतर्गत प्रातः 8.15 से 12 बजे तक गली, तालाब, हैंडपम्प कुआँ, विघालय परिसर, चबूतरा निर्माण,डबरी पारा गुरुघासीदास चौक के पास मुरुम बिछाया गया,सार्वजनिक स्थानों की साफ सफाई की गई।बौद्धिक कार्यक्रम के तहत प्रतिदिन दोपहर 2.15 से4.15 तक स्त्रोत व्यक्तिहेतराम चेलक,आर एल टंडन,राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक डॉ सुनीता त्यागी एवम शासकीय

शहीद वीर नारायण सिंह महाविद्यालय बिलाईगढ़ के प्राचार्य डॉ यू के मिश्र,सेवा निवृत्त बीईओ एस एस कवर,गोपाल दुबे,उमाशंकर श्रीवास के द्वारा शिविरार्थियों को विभिन्न विषयों में जानकारी दिया गया।सांस्कृतिक कार्यक्रम में नशे से दूर रहने,शिक्षा के प्रति जागरूक रहने, स्वच्छता के प्रति ध्यान देने,देश भक्ति, भारतीय संस्कृति एवम विरासत आदि विषयों पर गीत संगीत, नुक्कड़ नाटक, नृत्य आदि कर प्रेरित किया गय।समापन कार्यक्रम बी एल डडसेना, डी के साहू, एम एल पटेल, जे के साहू, जितेन्द्र चौधरी, देवमती मनहर,सुरेंद्र साहू,जगदीश देवांगन,नंद कुमार,ईश्वर भारती का सहयोग रहा,शिविर की सफलता पर प्राचार्य अरुण साहू ने सबका आभार ब्यक्त किया।

विस की शीतकालीन सत्र के मद्देनजर कांग्रेस के विधायक दल की बैठक

■ नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत की अध्यक्षता में हुई बैठक

रायपुर/नवप्रदेश। 16 दिसंबर को शुरू हो रहे विधानसभा के शीतकालीन सत्र के मद्देनजर कांग्रेस के विधायक दल की बैठक रविवार को नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत की अध्यक्षता में हुई।

इस दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, छग सह प्रभारी जरीता लेफ्तलांग, श्री विजय जांगीड, पूर्व उप मुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव, पूर्व मंत्री रविन्द्र चौबे, ताम्रध्वज साहू, डॉ. शिवकुमार डहरिया, धनेन्द्र साहू, मोहम्मद अकबर, जयसिंह अग्रवाल, मोहन मरकाम, प्रेमसाय सिंह टेकाम, अमरजीत भगत, गुरू रूद्र कुमार, अनिला भेड़िया, पूर्व विधायक अमितेश शुक्ल, अरूण वोरा, गुरूमुख सिंह होरा, नोबेल वर्मा, कुलदीप जुनेजा, प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आंनद शुक्ला, कांग्रेस विधायक दल सचिव अमित पाण्डेय, प्रदेश कांग्रेस वरिष्ठ प्रवक्ता घनश्याम राजू तिवारी, कांग्रेस विधायकगण भोलाराम साहू, इंद्रशाह मंडावी, सावित्री मंडावी, विक्रम मंडावी, यशोदा निलाम्बर वर्मा, कुंवर सिंह निषाद , संगीता सिन्हा, अंबिका मरकाम, द्वारिकाधीश यादव, दिलीप लहरिया, उत्तरी गणपत जांगड़े, शेषराज हरबंश, विद्यावती सिदार, अटल श्रीवास्तव, बालेश्वर साहू, ब्यास कश्यप, राघवेन्द्र सिंह, चतुरी नंद, फूलसिंह राठिया, कविता प्राणलहरे, संदीप साहू, जनक ध्रुव, ओंकार साहू, इंद्र साव, हर्षिता स्वामी बघेल की उपस्थिति में संपन्न हुई।

संविदा सघर्ष...

एनएचएम के संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों में आक्रोश

19 दिसंबर को सभी जिलों में करेंगे प्रेस कॉन्फ्रेंस

रायपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी अपनी लंबित मांगों को लेकर लंबे समय से संघर्षरत हैं, लेकिन अब तक उन्हें किसी भी प्रकार का लाभ नहीं मिला है, जिससे कर्मचारियों में भारी आक्रोश है. लगातार झूठे वादों से त्रस्त हø।रूकर्मचारी अपने व्यथा बताने के लिए प्रदेश के सभी 33 जिला मुख्यालयों में 19 दिसंबर को प्रेस के माध्यम से प्रेस कांफ्रेंस करने का फैसला लिया है। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अमित मिरी द्वारा बताया गया कि कोरोना कॉल में इन कर्मचारियों को कोरोना योद्धा का दर्जा दिया गया था, जो प्रदेश के आम जनता को आज भी मालूम हैं. उक्त कर्मचारियों द्वारा अपने जान को जोखिम में डाल कर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के इन कर्मचारियों ने रात दिन काम करके प्रदेश की आम जनता की सेवा इलाज स्वास्थ्य व्यवस्था देखरेख लगन से किया

था।कोरोना योद्धा द्वारा अपनी व्यथा समस्याओं को आम जनता तक पहुंचाने के लिए सभी 33 जिलों प्रेस कांफ्रेस कर अपनी व्यथा को फिर से आम जनता को बताएंगे. पूरे प्रदेश में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा कर्मचारी द्वारा आयुष्मान आरोग्य मंदिर उप स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जिला अस्पतालों सहित मेडिकल कालेजों में 20 वर्षों से भी ज्यादा समय से अल्प वेतन एवं कम सुविधा के बावजूद प्रदेश के आम जनता को सेवा देते आ रहे हैं, एनएचएम संविदा कर्मचारियों के अच्छे कार्यों के कारण पुरे प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था गुणवत्ता में लगातार वृद्धि भी हो रहा है. अच्छे कार्यों के कारण इन अस्पतालों को राष्ट्रीय गुणवत्ता मानक व्यवस्था पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा रहा है।

कर्मचारियों ने बताया कि उनका वेतन इतना काम है कि अपने परिवार के लालन-पालन दैनिक दिनचर्या की वस्तु खरीदने के लिए भी असमर्थ रहते हैं. खुद की जान को जोखिम में डालकर इन कर्मचारियों ने कोरोना कॉल प्रदेश की जनता की सेवा किया हैं जो आज भी आम जनता के दिलों में बसी हुई है.

कुछ दिन पहले राज्य के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने मीडिया के सामने इन कर्मचारियों के वेतन में 27 फीसदी बढ़ोतरी की घोषणा की थी, लेकिन वह भी उन्हें नहीं मिली है। कर्मचारी लगातार प्रदेश के मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, विजय शर्मा सहित सभी मंत्रियों को आवेदन देकर उन्हें अपना वादा याद दिलाते रहे हैं।

बता दें कि पिछली सरकार के 31 दिन के आंदोलन में इन कर्मचारियों के मंच पर भाजपा के प्रदेश पदाधिकारी डॉ. रमन सिंह, अरुण साव, विजय शर्मा, ओपी चौधरी, केदार कश्यप सहित अन्य प्रमुख नेता धरना स्थल पर आए थे और भाजपा सरकार बनने के 100 दिन के भीतर मामले के निराकरण करने की बात कही थी. इन कर्मचारियों ने भाजपा सरकार बनाने में बड़ी भूमिका निभाई है और पूरे प्रदेश में इनकी संख्या 16 हजार से ज्यादा है।

रंग–तरंग कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

रायपुर/नवप्रदेश। 14 दिसंबर 2024 को पंडित हरिशंकर शुक्ला इ. मी. हा. से. स्कूल के प्रांगण में 'रंग तरंग ' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रंग तरंग कार्यक्रम में कक्षा नर्सरी से 12वीं तक के छात्रों ने विभिन्न गतिविधियों में अपने कौशल का प्रदर्शन किया। रंग तरंग कार्यक्रम में हमारी प्रबंध समिति की डायरेक्टर प्रिया शुक्ला ने मुख्य अतिथि एवं सुमन राम प्रजापति एवं विशेष अतिथि जी.एस. बामरा, सचिव आकाश गर्ग शुक्ला उपस्थित थे।इस शुभ अवसर पर विद्यालय के छात्र तथा उनके अभिभावक भी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि के आगमन के साथ दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

इसके बाद सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। आकाश गर्ग शुक्ला व प्रिया शुक्ला ने अतिथियों को पुष्प गुच्छ व बैच लगाकर उनका स्वागत किया। विद्यालय की डायरेक्टर प्रिया शुक्ला ने संबोधित करते हुए कहा कि यह वर्ष विशेष रूप से खास है। क्योंकि हमने प्रतिबद्धता, सीखाने और उत्कृष्टता के 29 वर्ष पूरे किये हैं।रंग तरंग कार्यक्रम का आयोजन विद्यार्थियों में छिपी हुई प्रतिभाओं को पहचानने के लिए किया गया है।हमारे विद्यार्थियों ने न केवल शिक्षा के क्षेत्र में बल्कि खेलकूद, नाटक , कला प्रदर्शनी, विज्ञान प्रदर्शनी एवं आनंद मेला का भी सफल आयोजन किया है। कार्यक्रम में उपस्थित छात्र छात्रों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने छात्राओं द्वारा लगाए गए विज्ञान प्रदर्शनी के सराहना करते हुए बाल वैज्ञानिकों को राष्ट्रीय स्तर मेंभाग लेने की शुभकामना दी।

सुविचार

कद्र और वक्त भी कमाल के हैं। जिसकी कद्र करो वह वक्त नहीं देता और जिसको वक्त दो वह कद्र नहीं करता। - अज्ञात

प्रलोभन परोसने की होड़

नई दिल्ली विधानसभा चुनाव की अभी तक तिथि तय नहीं हुई है लेकिन आम आदमी पार्टी, कांग्रेस और भाजपा ने चुनावी तैयारी शुरू कर दी है। इस मामले में पिछले एक दशक से सत्ता पर काबिज आम आदमी पार्टी सबसे आगे है। उसने उम्मीदवारों की दूसरी सूची भी जारी कर दी है। नई दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल अपनी टीम के साथ गली-गली घूम घूमकर सघन जनसंपर्क कर रहे है। इसके साथ ही मतदाताओं को प्रलोभन भी परोस रहे है। गौरतलब है कि फ्री रेवड़ी कल्चर की शुरूआत आम आदमी पार्टी ने ही की थी। मुफ्त बिजली, पानी सहित अन्य लोकलुभावन घोषणाएं करके उन्होंने नई दिल्ली विधानसभा के लगातार प्रचंड बहुमत से चुनाव जीते थे। मुफ्तखोरी को बढ़ावा देने वाली घोषणाएं करके भी आम आदमी पार्टी ने पंजाब में भी दो तिहाई बहुमत प्राप्त कर अपनी सरकार बनाने में सफलता हासिल की थी। जिसके बाद से ही राजनीतिक पार्टियों में मतदाताओं को प्रलोभन परोसने की होड़ लग गई है। इस फ्री रेवड़ी कल्चर को अपनाकर ही कांग्रेस में पहले कर्नाटक में और फिर हिमाचल प्रदेश में अपनी सरकार बनाई। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के दौरान भी महायुति गठबंधन ने फ्री रेवड़ी कल्चर को अपनाया और वहां वह भारी बहुमत से चुनाव जितने में सफल हुई है। कमोवेश हर चुनाव में हर राजनीतिक पार्टी फ्री रेवड़ी कल्चर को किसी न किसी रूप में अपनाती ही है। अब नई दिल्ली में अरविंद केजरीवाल ने ऑटो चालकों को अपने पक्ष में करने के लिए पांच महत्वपूर्ण घोषणाएं कर दी है। इसके साथ ही उन्होंने अपनी सरकार बनने पर सभी महिलाओं को इक्कीस सौ रूपये महीना देने की भी घोषणा कर दी है। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र जैसे भाजपा शासित राज्यों में भी महिलाओं को हर महीने एक हजार से डेढ़ हजार रूपये तक महीना दिया जा रहा है। लेकिन अब अरविंद केजरीवाल ने यह राशि लगभग दोगुनी करने का ऐलान कर दिया है। जाहिर है उनकी देखा देखी भाजपा और कांग्रेस भी महिला मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए इससे भी बड़ा प्रलोभन परोसने पर बाध्य हो जाएंगी। समझ में नहीं आता कि मुफ्तखोरी को बढ़ावा देने वाली ऐसी घोषणाओं पर रोक क्यूं नहीं लगाई जा रही है। यह सीधे सीधे नोट देकर वोट हथियाने का मामला बनता है। किन्तु चुनाव आयोग फ्री रेवड़ी कल्चर पर अंकुश लगाने में असफल रहा है। जबकि खुद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फ्री रवेड़ी कल्चर को अर्थव्यवस्था के लिए घातक बताया है। सुप्रीम कोर्ट ने भी मुफ्तखोरी को बढ़ावा देने वाली घोषणाओं पर गहन चिंता व्यक्त करते हुए ऐसी घोषणाओं पर रोक लगाने की जरूरत पर बल दिया है। इसके बावजूद इस पर प्रभावी अंकुश लगाने की दिशा में अब तक कोई कारगर पहल नहीं हो पाई है। जबकि मुफ्तखोरी वाली घोषणाओं के कारण कर्नाटक, पंजाब और हिमाचल प्रदेश जैसे राज्यों की अर्थव्यवस्था पटरी से उतर चुकी है। और वे गले तक कर्ज में डूबते जा रहे है। इन राज्यों से सबक लेने की जगह जिन राज्यों में भी विधानसभा चुनाव होते है वहां राजनीतिक पार्टियों के बीच मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए प्रलोभन परोसने की होड़ लग जाती है जो चिंता का विषय है। चुनाव आयोग और केन्द्र सरकार इस मामले में कुछ भी नहीं कर रहा है। ऐसी स्थिति में सुप्रीम कोर्ट को ही दखल देना चाहिए और फ्री रेवड़ी कल्चर पर रोक लगाने के लिए कड़े दिशा निर्देश जारी करने चाहिए।

पाकिस्तान में गृह युद्ध के हालात

पड़ौसी देश पाकिस्तान में अब गृह युद्ध के हालात पैदा हो गये है। पाक अधिकृत कश्मीर में सरकार के खिलाफ लोगों का गुस्सा फूटने लगा है। लाखों की संख्या में लोग सड़कों पर उतर आये है और पीओके की आजादी की मांग उठाने लगे है। गिलगिट और बालटिस्तान में भ शहबाज शरीफ की सरकार के विरूद्ध जन आक्रोश फैलता जा रहा है और वहां के लोगों ने चीन की गर्दन ही दबा दी है। चीन ने 1978 में जो हाइवे बनाया था उसे भी लोगो ने अवरूद्ध कर दिया है। जिसकी वजह से चीन को भारी नुकसान हो रहा है। लगभग 260 किलोमीटर लंबे इस हाईवे के रखरखाव और सुरक्षा के लिए चीन पाकिस्तान की सेना को मोटी रकम देता रहा है। क्योंकि इस पर उसने अरबों रूपये का निवेश किया है। अब चीन इस हाइवे पर चीनी सेना की तैनाती करने पर विचार कर रहा है। यदि ऐसा हुआ तो पीओके में हालात और ज्यादा खराब हो सकते है। शहबाज शरीफ की सरकार और पाकिस्तानी सेना के विरूद्ध पीओके में जो बगावत की आंधी उठी है। वह बहुत जल्द तूफान के रूप में तब्दील हो सकती है। जाहिर है पाकिस्तान में गृह युद्ध के हालात निर्मित हो रहे है और ऐसी स्थिति में शहबाज शरीफ की सरकार इन बिगड़ते हालातों पर काबू पाने में सफल हो पायेगी इसे लेकर संदेह है। इसके बाद भी पाकिस्तान के हुक्मरान सबक नहीं सीख रहे है। उनके खुद के घर में आगे लगी हुई है फिर भी वे भारत के खिलाफ बांग्लादेश की कट्टपंथी ताकतों की मदद कर रहे है। कश्मीर में भी आतंकवाद की आग को हवा देने से बाज नहीं आ रहे है। यह समय भारत के लिए अनुकुल है। जब वह पीओके पर कब्जा कर सकता है किन्तु शायद भारत यह चाहता है कि उसे पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य कार्यवाही न करना पड़े और पीओके के लोग खुद ही भारत में शामिल होने की घोषणा कर दें।

प्रेरक प्रसंग

जीवन और समस्याएं

किसी शहर में, एक आदमी प्राइवेट कंपनी में जॉब करता था। वो अपनी ज़िन्दगी से खुश नहीं था, हर समय वो किसी न किसी समस्या से परेशान रहता था। एक बार शहर से कुछ दूरी पर एक महात्मा का काफिला रुका । शहर में चारों और उन्ही की चर्चा थी। बहुत से लोग अपनी समस्याएं लेकर उनके पास पहुँचने लगे, उस आदमी ने भी महात्मा के दर्शन करने का निश्चय किया। छुट्टी के दिन सुबह-सुबह ही उनके काफिले तक पहुंचा । बहुत इंतज़ार के बाद उसका का नंबर आया। वह बाबा से बोला- बाबा , मैं अपने जीवन से बहुत दुखी हूँ, हर समय समस्याएं मुझे घेरी रहती हैं, कभी ऑफिस की टेंशन रहती है, तो कभी घर पर अनबन हो जाती है, और कभी अपने सेहत को लेकर परेशान रहता हूँ। बाबा कोई ऐसा उपाय बताइये कि मेरे जीवन से सभी समस्याएं ख़त्म हो जाएं और मैं चैन से जी सकूं ? बाबा मुस्कुराये और बोले - पुत्र, आज बहुत देर हो गयी है मैं तुम्हारे प्रश्न का उत्तर कल सुबह दूंगा, लेकिन क्या तुम मेरा एक छोटा सा काम करोगे ?

आज का पंचांग

सूर्योदय: 07:59, सूर्यास्त: 05:19
चन्द्रोदय: 06:58, चन्द्रास्त: ??17:06
अयन दक्षिणायणे (दक्षिणगोलीय)
ऋतु: हेमन्त
शक सम्वत: 1946 (क्रोधी)
विक्रम सम्वत: 2081 (काल)
मास पौष, पक्ष कृष्ण
तिथि प्रतिपद
नक्षत्र आर्द्रा , योग धृति
प्रथम करण नाग (11:50 तक)
द्वितीय करण किंस्तुघ्न (24:20 तक)
॥ गोचर ग्रहा: ॥
सूर्य वृश्चिक, चंद्र मिथुन
मंगल कर्क (उदित, पूर्व, मार्गी)
बुध वृश्चिक (अस्त, पश्चिम, वक्री)
गुरु वृष (उदित, पश्चिम, वक्री)
शुक्र धनु (उदित, पूर्व, मार्गी)
शनि कुम्भ (उदित, पूर्व, वक्री)
राहु मीन, केतु कन्या

शुभाशुभ मुहूर्त विचार
अभिजित मुहूर्त 11:45 से 12:27
अमृत काल 30:27 से 08:09
विजय मुहूर्त 13:49 से 14:31
गोधूलि मुहूर्त 17:14 से 17:41
सायाह्न सन्ध्या 17:16 से 18:38
निशिता मुहूर्त 23:39 से 24:34
राहुकाल 07:30 से 09:00
राहुवास उत्तर
यमगण्ड 12:06 से 13:24
दुर्मुहूर्त 15:54 से 16:35
होमाहुति सूर्य
दिशा शूल पश्चिम
नक्षत्र शूल पूर्व (14:24 से)
अग्निवास पृथ्वी

प्रेम शर्मा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2019 के स्वतंत्रता दिवस पर एक देश एक चुनाव का जिक्र किया था। तब से अब तक कई मौकों पर भाजपा की ओर एक देश एक चुनाव की बात की जाती रही है। ये विचार इस पर आधारित है कि देश में लोकसभा और सभी राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव एक साथ हों। अभी लोकसभा यानी आम चुनाव और विधानसभा चुनाव पांच साल के अंतराल में होते हैं। इसकी व्यवस्था भारतीय संविधान में की गई है। अलग-अलग राज्यों की विधानसभा का कार्यकाल अलग-अलग समय पर पूरा होता है। उसी के हिसाब से उस राज्य में विधानसभा चुनाव होते हैं। लेकिन अभी भी कुछ राज्य ऐसे भी हैं जहां विधानसभा और लोकसभा चुनाव एक साथ होते हैं। इनमें अरुणाचल प्रदेश, आंध्र प्रदेश, ओडिशा और सिक्किम जैसे राज्य शामिल हैं। वैसे मूल रूप से पूरे देश में एक साथ चुनाव कराने का विचार बुरा नहीं है।

एक चुनाव को लेकर विरोधाभास क्यों?

अलग-अलग चुनावों पर होने वाले खर्च की बात हो या सरकार के कामकाज में इसकी वजह से होने वाली दिक्कतों की या देश के राजनीतिक माहौल में बनने वाले तनाव की- हर तरह से यह बात सुविधाजनक लगती है कि पांच साल में एक ही बार पूरे देश के चुनाव करा लिए जाएं ताकि बाकी समय सारी सरकारें विकास कार्यों पर फोकस कर सकें। अब एक देश एक चुनाव पर अमल की दिशा में ठोस कदम उठाते हुए केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इससे संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। विपक्षी पार्टियां अभी भी इसके खिलाफ हैं। एक चुनाव को लेकर विपक्ष और सत्तापक्ष में काफी विरोधाभास है। लेकिन सत्ता पक्ष इसे अमल में लाने पर अडिग है। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि संसद में इस पर किस तरह की रस्साकशी होती है।

एक साथ चुनाव पर फैसला करते हुए क्षेत्रीय दलों के तर्क को भी दरकिनार नहीं किया जा सकता। उनकी इस बात में दम है कि एक साथ चुनाव कराने से मतदाताओं के मन पर राष्ट्रीय मसले हावी हो सकते हैं। बहरहाल, यह बिल अभी संसद में पेश किया जाना है। ऐसे में उम्मीद की जानी चाहिए कि वहां इसके सभी पहलुओं पर बारीकी से विचार-विमर्श होगा और फिर सभी पक्षों के हितों व तर्कों को ध्यान में रखते हुए ही कोई अंतिम फैसला लिया जाएगा।इसके साथ ही व्यवहार का पहलू भी जुड़ा है। लोकतंत्र एक जीवंत भाव है और यह सिर्फस्थिरता में नहीं बल्कि अस्थिरता में भी खिलता है। ध्यान रहे, शुरुआती डेढ़ दशक तक देश में लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ होते रहे। लोकतांत्रिक प्रक्रिया के सामान्य उतार-चढ़ावों के क्रम में ये अलग-अलग होने लगे। अगर एक साथ चुनाव शुरू कराने के बाद फिर से अविश्वास प्रस्ताव या खंडित जनादेश के चलते यह क्रम बिगड़ता है तो उसे बनावटी ढंग से एक साथ बनाए रखना लोकतांत्रिक सहजता के लिहाज से कितना उचित होगा, इस पर भी विचार करना जरूरी है।सुविधा के इस तर्क से आगे बढ़ने पर लोकतांत्रिक चेतना का सवाल आता है। किसी भी लोकतंत्र में चुनावों को सिर्फसुविधा और खर्च के नजरिए से नहीं देखा जा सकता।

लोकतंत्र चुनाव में वोट देने की प्रक्रिया तक सीमित रहने वाली चीज नहीं है। असल बात समाज की लोकतांत्रिक चेतना है। उसका मजबूत बने रहना और समय-समय पर शांतिपूर्ण तरीकों से व्यक्त होते रहना जरूरी है। देश के अलग-अलग हिस्सों में समय-समय पर चुनाव होते रहें तो इस चेतना को निरंतरता मिलती है जो इसकी मजबूती को बनाए रखने में सहायक होती है।वैसे दुनिया में कई ऐसे देश हैं जहां पर सारे चुनाव एक साथ ही कराए जाते हैं। साउथ अफ्रीका में संसद, प्रांतीय विधानसभा और नगर पालिकाओं के चुनाव एक साथ होते है।

बेल्जियम में पांच तरह के चुनाव होते हैं. ये हर पांच साल के अंतर पर होते हैं. और सारे चुनाव साथ कराए जाते हैं।यूके में हाउस ऑफ कॉमन्स, स्थानीय चुनाव और मेयर चुनाव साथ में होते हैं। यहां पर मई के पहले हफ्ते में सारे चुनाव कराए जाते हैं। यूके के संविधान के तहत, समय से पहले चुनाव तभी हो सकते हैं जब सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पास हो जाए और कोई दूसरी पार्टी सरकार न बना सके।इंडोनेशिया में राष्ट्रपति और लेजिस्लेटिव इलेक्शन साथ में होते हैं। इनके अलावा जर्मनी, फिलिपींस, ब्राजील, बोलीविया, कोलंबिया, कोस्टा रिका, ग्वाटेमाला, गुआना, होंडुरस जैसे देशों में भी एक साथ ही सारे चुनाव होते हैं।आज भले ही देश में लोकसभा और सभी विधानसभाओं के चुनाव एक-साथ नहीं होते हों, लेकिन एक समय ऐसा होता था। आजादी के बाद देश में पहली बार 1951-52 में लोकसभा चुनाव हुए. उस समय लोकसभा के साथ-साथ सभी राज्यों के विधानसभा चुनाव भी कराए गए थे। इसके बाद 1957, 1962 और 1967 में भी लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ ही करवाए गए. लेकिन 1968 और 1969 में कई राज्यों में समय से पहले विधानसभाएं भंग हो गई. 1970 में लोकसभा भी भंग कर दी गई. इस तरह से साथ चुनाव कराए जाने का ये सिलसिला टूट गया। बहरहाल एक देश एक चुनाव को लेकर सभी राजनीतिक दलों के अलग-अलग विचार हैं। इसीलिए इस पर एक राय नहीं बन पा रही है। छोटे राजनीतिक दलों का मानना है कि ऐसे चुनाव से राष्ट्रीय दलों को तो फायदा होगा। राष्ट्रीय मुद्दों के सामने राज्य स्तर के मुद्दे दब जाएंगे।दसूरे तरफ यह कहा जा रहा है कि एक चुनाव का सबसे बड़ा फायदा यह है कि चुनाव का खर्च घट जाएगा। अलग-अलग चुनाव कराने पर हर बार भारी-भरकम राशि खर्च होती है। बार-बार चुनाव होने से प्रशासन और सुरक्षा बलों पर बोझ पड़ता है। एक बार में चुनाव निपट जाने पर केंद्र और राज्य सरकारें कामकाज पर फोकस कर सकेंगी। एक ही दिन चुनाव होने से वोटरों की संख्या भी बढ़ेगी, क्योंकि उनको यह नहीं लगेगा कि चुनाव तो आते ही रहते हैं. वे घरों से निकलकर अपने प्रतिनिधियों का चुनाव करने में रुचि दिखाएंगे।

आज का इतिहास

2008 में आज ही के दिन सेंट्रल यूनिवर्सिटीज के शिक्षकों के वेतन पुनरीक्षण को गठित चड्ढा समिति की संस्तुतियों को केंद्र सरकार ने मंजूर किया था। **2007** में 16 दिसंबर के दिन ही बांग्लादेश ने पाकिस्तान से मुक्ति दिवस का 36वां विजय दिवस मनाया था। **2006** में आज ही के दिन नेपाल में अंतरिक्ष संविधान को अंतिम रूप दिया गया था। **2002** में 16 दिसंबर के दिन ही बांग्लादेश ने 31वां विजय दिवस मनाया था। **1999** में आज ही के दिन गोलन पहाड़ी के मुद्दे पर सीरिया-इस्रायल वार्ता विफल हुई थी। **1993** में 16 दिसंबर के दिन ही नई दिल्ली में 'सभी के लिए शिक्षा' सम्मेलन शुरू हुआ था। **1971** में आज ही के दिन भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम पर सहमति के बाद बंगलादेश पाकिस्तान से अलग होकर स्वतंत्र राष्ट्र बना था। **1951** में 16 दिसंबर के दिन ही हैदराबाद में सालार जंग संग्रहालय की स्थापना की गई थी। **1938** में आज ही के दिन जर्मन रसायनशास्त्री ओटो हान ने यूरेनियम के नाभिकीय विखंडन की खोज की थी। **1929** में 16 दिसंबर के दिन ही कलकत्ता विद्युत आपूर्ति निगम ने हुगली नदी के भीतर नहर की खुदाई शुरू हुई थी।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

सूर्य हरैं तम

सूर्य हरैं तम जीवन कै अव चन्द्र रहें मुद मंगलकारी। भौम प्रदान हिं भूमि करैं बुधि देंय सदा बुध हों सुखकारी।। गुरु ज्ञान मिलै शुक शुद्ध करें शनि शोक हरैं रवि दृष्टि निहारी। राहू रहैं गति केतु मति सब कष्ट मिटे जब राम निहारी ।। **- अजय मिश्रा अभिज्ञ**

स्त्री में कोई सुंदरता

स्त्री में कोई सुंदरता नहीं होती है, पुरुष में कोई सुंदरता नहीं होती है। सुंदर होते हैं व्यक्ति के कर्म, उसके विचार, उसकी वाणी, उसका व्यवहार एवं उसके संस्कार, उसका चरित्र जिसके जीवन में ये सब है वही इंसान दुनिया का सबसे सुंदर शख्स हैं। **- गौरी पटले**

ख़ास पाती | तेरे-मेरे आँखों के सारे ख़्वाब

तेरे-मेरे आँखों के सारे ख़्वाब लगभग एक से ही है... तुमनें ख्वाहिशें की मैंने फरमाइशों को चुपचाप सुना... तुमनें ख्वाबों को खूब संजोया.. मैंने उन्हें आँखों मे अबतलक है बसाया... साँसों की माला फेर तेरा नाम लेना.. और तेरे ख़यालों में रह ज़िंदगी को यूँ चुन लेना... तुम उम्मीद का दीया खुद को बाती बना दिया.. रोशन है इश्क़ यहाँ वफ़ा का चिराग जलाया.. कि ख्वाहिशों की सरहदें मैंने हद से गुज़र निभाया तेरा दिन, तेरे लिए ही बस खुद को चुन कर..तेरे लिए मैं को मैंने बस "तुम" बनाया.. कि तेरे आँखों के ख़्वाब को मैंने सादगी से अपना हुनर बनाया..!! **- नंदिता तनुजा**

बीते जा रहे हैं दिन एक पल के

बीते जा रहे हैं दिन एक पल के बाद दूसरा पल और दूसरे के बाद तीसरा पल पल में ही बीते जा रहे हैं दिन और दिन दिन करते बीते जा रहे हैं महीने फिर वर्ष मन में पल रही है कुंठा , जलन , क्रोध, प्रतिस्पर्धा के भाव और ऐसे ही लग रहा जीवन का दाव अनमोल जीवन मिट्टी में मिलाकर चल देता है मनुष्य छोड़ यहीं का पाया यहीं पर!!! **- सीमा**

वो जो हमारी बर्बादियों के तलबगार

वो जो हमारी बर्बादियों के तलबगार हैं, कसम से, कसम से वही जिगरी यार हैं आधी रात उठ जिसके साथ चल देता हूं, पता चला है कि उसी हाथ में तलवार है, मैं तो गिर कर उठ कर फिर चलने लगा, तुम बताओ तुम कहां हो क्या मैयार है, जनानियों की तरह चुगलखोरी करते हो, लानत ऐसी मर्दानगी पर और बेशुमार है, बचपन की यारियां और ऐसी साजिशें, शुक्र खुदा का शानों पर सर बरकरार है, **- अनिल अनमोल शर्मा**

कुछ औरतों ने औरत जात को

कुछ औरतों ने औरत जात को कलंकित कर दिया है। पिछले कुछ वर्षों से औरतों के हित के लिए बनाए गए कानून का गलत इस्तेमाल कर जिन औरतों ने मर्द समाज को बहुत दुख दिया है,उन्हे आत्महत्या को भी मजबूर किया है ये बहुत ही खतरनाक है औरतों के लिए।मेरा निजी अनुभव है कि ऐसे बर्बाद होते लोगों को देखकर बहुत से लड़के कभी शादी को तैयार नही हुए। इन औरतों को क्यों याद नही रहता कि इनका भी बेटा ऐसा दुख पा सकता है? मुझे लगता है ऐसी औरतों के लिए सजा का प्रावधान होना चाहिए। जल्दी से जल्दी कानून बनना चाहिए। **- प्रीति श्रीवास्तव**

कुछ औरतों ने औरत जात को

मेरे कवि तुम कहाँ हो ? तेरी कविता यूँ ही खड़ीराह में तेरी राह तकती सिसक रही। बेतरतीब से यहाँ -वहाँ बिखरे पड़े तेरे शब्द हैं। समेट रही किन्तु,कोई छंद ही नहीं बन पा रहा। फिर भीसमेटकर सहेजकर रखी हूँ, अपने पास। तुम एक दिन आओगे। उन्हें समेटोगे खूबसूरती से सजाओगे और प्यार से खुद में समा लोगे। किन्तु, मन में यह भय भी करवटें लेता है। कहीं ये सपना, सपना न रह जाये। बिखरी-सी यह "कविता" सँवरने की आस में। कहीं बिखरी-बिखरी ना रह जाये। **- तनु देहलवी**

सुनो, इतने उतने जितने में,

सुनो, इतने उतने जितने में, पर लगा था कोई बिकने में। पता नहीं था जेहन को भी, तेरा रूह ढह गया कितने में॥ दुनिया से कब तक भागोगे, हल नहीं मिलेगा छिपने में॥ उसकी है गलियारों में तूती, था नहीं कभी जो दिखने में। मिट्टी हो गई आस वो कहीं, टिकता नहीं कुछ चिकने में॥ राह को मंजिल तभी मिलेगी, जब ध्यान रहेगा टिकने में॥ डर-डर के जीने में नहीं मजा, है गिरीश जो लड़के मिटने में॥ **- गजेन्द्र द्विवेदी गिरीश**

QUIZ TIME

1) विक्रमशिला विश्वविद्यालय की स्थापना किसने की थी?

2) साहित्य में नोबेल पुरस्कार पाने वाली प्रथम अश्वेत लेखिका कौन थी?

3) अमृता प्रीतम को उनकी किस कृति के लिए साहित्य का ज्ञानपीठ पुरस्कार दिया गया?

4) खारवेल कहाँ शासन करता था?

5) हाल ही में स्वाति नायक ने कौन सा पुरस्कार जीता है?

Ramaquiz

उत्तरमाला: (1) धर्मपाल (2) टोनी मॉरिसन (3) कागज और कैनवास (4) कलिंग (5) बोरलॉग पुरस्कार

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष: आज के दिन भी आपको स्वास्थ्य एवं अन्य घरेलू समस्याओं का सामना करना पड़ेगा।

वृष: आज का दिन मिला-जुला फल देगा कभी प्रसन्न तो कभी उत्साहहीनता बनेगी। व्यवसायी वर्ग आज प्रातः काल से ही धन की उगाही को लेकर चिंतित रहेंगे।

मिथुन: आज का दिन आप अपने असंतोषी आचरण से खराब करेंगे। परिस्थितियां अधिकांश समय आपके निर्णय के विपरीत रहेंगी।

कर्क: आज का दिन संभावनाओं पर केंद्रित रहेगा जो लोग आपसे नजदीकी बनाये हुए है वो आपकी बेतुकी बातो से दूरी बना सकते है।

सिंह: आज के दिन आपका उद्दंड व्यवहार हस्ते हुए इंसान को रुला देगा। स्वभाव में कठोरता एवं रूखापन आपसी संबंधों को तो खराब करेगा ।

कन्या: आज के दिन आपको परिश्रम का फल ना मिलने से गुस्सा आएगा। दिन का प्रथम हिस्सा तो शांति से व्यतीत करेंगे लेकिन इसके बाद कि दिनचार्य व्यर्थ की भागदौड़ वाली रहेगी।

तुला: आज के दिन अधिकांश समय लापरवाही करेंगे। प्रातः काल यात्रा की योजना बनेगी लेकिन अकस्मात अन्य कार्य आने से निरस्त हो सकती है।

वृश्चिक: आज के दिन व्यर्थ के कार्यो में समय नष्ट होगा जिससे अपने मूल उद्देश्य से भटक जाएंगे। आज घर के बुजुर्ग अथवा वरिष्ठ नागरिको को सलाह की अनदेखी ना करे।

धनु: परिस्थितिया संध्या तक विषम रहेंगी इसके बाद ही थोड़ी राहत अनुभव करेंगे। दिन का आरंभ बेचैनी भरा रहेगा।

मकर: आज के दिन शुभ प्रसंग बनने से उत्साहित रहेंगे लेकिन आज अपने काम से काम रखें कही सुनी बातो पर ध्यान दिया तो किसी ना किसी से गरमा गरमी अवश्य होगी।

कुंभ: आज का दिन उठा पटक वाला रहेगा आज आप जिस कार्य से लाभ की उम्मीद लगाए रहेंगे।

मीन: आज के दिन आपमे धार्मिक भावनाओं का उदय होगा। दैनिक कार्यो से समय निकाल पूजा पाठ धार्मिक यात्रा के लिये उपस्थित रहेंगे।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. चौड़ी और सपाट जमीन, रणभूमि 3. स्वरग्राम, संगीत के सात स्वरों का समूह 6. धूल का कण, किसी वस्तु का सूक्ष्मकण, धूल 7. हिम्मत, सामर्थ्य 8. अभ्यर्थना, रिसेप्शन, यथा अवसर पर पूछे जाने वाला मंगल कुशल 9. आपस का करार, निबटारा 10. वरदान, दुल्हा 12. भोग, ऐश्वर्य 13. कीमत, मूल्य 14. एक वाद्ययंत्र जिसे सपेरे बजाते हैं 16. समता, बराबरी 18. अश्लील, बेहुदा, अभद्र, घटिया 19. युक्ति, उपाय, ढंग 20. रिक्त, अपूर्ण।

ऊपर से नीचे

1. दोस्ती, मित्रता 2. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 4. बचाव, हिफाजत 5. मीठापन, मधुर होने का भाव 7. समुद्र 8. आत्मनिर्भर, जो दूसरे पर आश्रित न हो 9. रसवाला, रसदार 11. मां का बच्चों के प्रति प्रेम 13. खैरात, देने की क्रिया 15. दृष्टि, निगाह 16. वरिष्ठ, बुजुर्ग, चतुर 17. पराजय, हार।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 266 का हल

ला	लू	प्र	सा	द	या	द	व	
प		ति			र	क्ष	क	
र	ह	मा	न					आ
वा		मि	थु	न			दा	स
ह	वा	ला	त		सी	ता		पा
	न				ब	क	वा	स
औ	र	त		म		त		
ला		बे	च	ना		व	च	न
द	ह	ला		ना	ग	र		दी

न्यूज़ गैलरी

एक वर्ष पूर्ण होने पर प्रदर्शनी

दुर्ग। राज्य सरकार के 13 दिसम्बर को एक वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में तथा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश में सुशासन को प्रदर्शित करने दो दिवसीय छायाचित्र प्रदर्शनी लगाई गई। राजेन्द्र पार्क चौराहा पर जनसम्पर्क विभाग द्वारा लगाई इस छायाचित्र प्रदर्शनी में प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी, जनकल्याणकारी योजनाओं तथा राज्य एवं जिले की उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया। योजनाओं और उपलब्धियों पर आधारित पत्रिकाएं व प्रचार सामग्रियां लोगों को वितरित किया गया। नगरवासियों, विद्यार्थियों के अलावा राह चलते लोगों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

जिला शतरंज संघ ने मनाई खुशियां

दुर्ग। भारतीय ग्रैंड मास्टर डी गुकेश ने इतिहास रचते हुए सबसे कम उम्र के शतरंज के विश्व चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया है। सिंगापुर में आयोजित वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप में उन्होंने वर्ल्ड चैंपियन चीन के डिंग लिरेन को 14 वें और अंतिम बाजी में हराकर विश्व चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। जिला शतरंज संघ अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत, सचिव तुलसी सोनी एवं सदस्यों ने गुकेश के विश्व चैंपियन बनने पर खुशी जताते हुए कहा कि इससे भारत में शतरंज के प्रति लोगों का रुझान बढ़ेगा। इससे पहले भारत के ग्रैंड मास्टर विश्वनाथ आनंद भी पांच बार के विश्व चैंपियन रहे हैं। इसी साल 2024 में भारतीय शतरंज टीम ने हंगरी के बुडापेस्ट में आयोजित 45 वें चेस ओलंपियाड में गोल्ड मेडल हासिल कर इतिहास रचा था। संघ संरक्षक प्रवीण भाई आडतिया, राजेश राठी, डॉ.राहुल गुलाटी,मानसी गुलाटी, अशोक राठी, प्रह्लाद रुंगटा, उपाध्यक्ष दिनेश जैन, ललित वर्मा, मोरध्वज चंद्राकर, दिनेश नलोडे, एसके भगत सहसचिव संजय खंडेलवाल, हरीश सोनी, अनिल शर्मा, संजय सिंह ने विश्व चैंपियन बनने खुशियां मनाई।

निधन : अनुजराम देशमुख

अंजोरा। ग्राम चिंगरी (अंडा) निवासी अनुज राम देशमुख (58 वर्ष)का लंबी बीमारी के चलते दुर्ग के आरोग्यम अस्पताल में हृदय गति रुकने से आज रात निधन हो गया। पिछले 13 दिनों से अस्पताल में इलाज चल रहा था लेकिन जीवन की जंग हार गए। उनका अंतिम संस्कार ग्राम चिंगरी के मुक्तिधाम में किया गया। वे श्रीमती दुर्गा बाई के पति और जितेंद्र देशमुख व गुलाब देशमुख के पिता थे।

विभाग एमआरडी शत-प्रतिशत पत्राचार हिंदी में करने को पूर्णतः प्रतिबद्ध : माथुर

बीएसपी एमआरडी विभाग में राजभाषा पर कार्यशाला

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। इस्पात संयंत्र के मटेरियल्स रिकवरी डिपार्टमेन्ट के सभागार में 11 दिसम्बर 2024 को महाप्रबंधक (प्रचालन-एमआरडी) आलोक माथुर के मुख्य आतिथ्य में राजभाषा कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में एमआरडी कार्यक्षेत्र में पदस्थ एफएसएनएल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी भाग लिया। कार्यशाला में उप महाप्रबंधक (एमआरडी) रेजी उन्नूज्नी, सहायक महाप्रबंधक (एमआरडी) अवनीश दुबे, वरिष्ठ प्रबंधक (एमआरडी) प्रशांत यादव सहित विभाग के अन्य कार्मिकगण उपस्थित थे। मुख्य अतिथि आलोक माथुर ने कहा कि मटेरियल्स रिकवरी डिपार्टमेन्ट में समस्त कार्य हिंदी भाषा में ही संपादित किए जाते हैं। हमारा विभाग एमआरडी शत-प्रतिशत पत्राचार हिंदी में करने को पूर्णतः प्रतिबद्ध है। कार्यक्षेत्र में हमारा विभाग एमआरडी व्यर्थ से अर्थ बनाने सतत प्रयासरत है, इसी क्रम में हम राजभाषा हिंदी को शत-प्रतिशत कार्यालयीन कार्यों में उपयोग में लाने सार्थक एवं परिणामदायक प्रयासों में निरंतर जुटे हैं। इन्हीं प्रयासों का ही परिणाम है, जो हमारे विभाग को संयंत्र स्तर पर वार्षिक हिंदी पुरस्कार के रूप में 'निदेशक प्रभारी, राजभाषा वैजयंती' पुरस्कार प्राप्त हुआ है। कार्यालयीन कार्यों में राजभाषा के उपयोग में और भी बेहतर प्रदर्शन हेतु हम संकल्पित हैं। विभागीय प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए सहायक प्रबंधक (एमआरडी) एवं विभागीय राजभाषा समन्वय अधिकारी कुलदीप सिंह तोमर ने बताया कि राजभाषा विभाग के प्रत्येक आयोजन में एमआरडी विभाग के कार्मिकों की हमेशा ही प्रतिभागिता रहती है। विभाग में राजभाषा के सांविधिक प्रावधानों का अनुपालन किया जा रहा है। हिंदी में कार्य करने से समग्र निष्पादन में मदद मिलती है। कार्यक्रम में राजभाषा विभाग द्वारा सामान्य ज्ञान पर आधारित प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार मुनेश्वर राम साहू, द्वितीय सुनील कुमार वर्मा, तृतीय अवनीश दुबे तथा प्रोत्साहन पुरस्कार कुलदीप सिंह तोमर, रेजी उन्नूज्नी एवं प्रशांत यादव ने प्राप्त किया। भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा मनाए जा रहे पर्यावरण जागरूकता माह के अंतर्गत कार्यशाला में पर्यावरण पर आधारित प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया, जिसके विजेता सतीश साहू, अभिनय कुमार, प्रशांत यादव, कमलेश राजपूत, सुनील कुमार वर्मा, एमवी वर्गीस, सुनील कुमार सिंह रहे। उपप्रबंधक (संपर्क व प्रशासन राजभाषा) जितेन्द्र दास मानिकपुरी ने राजभाषा के सांविधिक प्रावधानों की जानकारी दी।

भारती विवि में निबंध प्रतियोगिता आयोजित

भिलाई। भारती विश्वविद्यालय में मानवाधिकार दिवस के अवसर पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य मानवाधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाना है। इस अवसर पर कार्यक्रम समन्वयक डॉ. मंजू साहू सह प्राध्यापक शिक्षा विभाग ने विद्यार्थियों में मानवाधिकारों के प्रति सजग रहने और इसके प्रति जागरूकता से अवगत कराया। आयोजित निबंध प्रतियोगिता का विषय मौलिक अधिकार था। डॉ. आरएन सिंह, कुलपति द्वारा विद्यार्थियों का अपने मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों का पालन करने की सीख दी। उपरोक्त निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान यशवर्धन कुम्भकार, द्वितीय स्थान जया साहू और तृतीय स्थान ऋषभदेव सोनबेर ने हासिल किया। आयोजन में शिक्षा विभाग के प्राध्यापकगण डॉ. मनोज कुमार मौर्य, डॉ. स्वाति पाण्डेय, हेमलता चंद्राकर, नीलम त्रेहान, दुर्गा श्रीवास्तव, अखिलेष सेन आदि ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

खाद्य निरीक्षक ने पुलिस को सौंपा, अब नान टीम करेगी जांच

गुरुदेव राइस मिल से पकड़ाया पीडीएस का चावल

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। जिले में राइस मिल संचालक से मिलीभगत कर सरकारी चावल की तस्करी करने का मामला सामने आया है। फूड डिपार्टमेंट की टीम ने करहीडीह स्थित गुरुदेव राइस मिल के अंदर से एक गाड़ी चावल जब्त किया। उसे जेवरा सिरसा चौकी में रखा गया है। अब नान की टीम चावल की जांच करेगी कि वो पीडीएस चावल है या नहीं। सहायक खाद्य अधिकारी वसुधा गुप्ता ने बताया कि, उन्हें रविवार को सूचना मिली थी कि पिकअप वाहन सीजी 07 बीई 9873 में पीडीएस का चावल लोड कर ले जाया जा रहा है। जब उनकी टीम वहां पहुंची तो उन्हें पता चला गाड़ी गुरुदेव राइसमिल के अंदर गई है।

फूड डिपार्टमेंट के अधिकारी जब गुरुदेव राइसमिल के अंदर पहुंचे, तो देखा कि गाड़ी से चावल अनलोड किया जा रहा है। वहां राइसमिल के संचालक राजेश कुमार जैन भी मौजूद थे। फूड इंस्पेक्टर वसुधा गुप्ता ने प्रथम दृष्टया जांच में पाया कि चावल पीडीएस का है।

इसके बाद उन्होंने उतरे हुए चावल को गाड़ी में लोड कराया और पंचनामा कार्रवाई के बाद उसे गाड़ी सहित जेवरा सिरसा पुलिस चौकी में खड़ा करा दिया है। जेवरा सिरसा चौकी प्रभारी का कहना है कि फूड विभाग ने उनकी सुपुर्दगी में 42 कट्टा चावल से भरी पिकअप गाड़ी को खड़ा करवाया है।

राइस मिल संचालक ने कहा- उनके यहां नहीं उतरा चावल

जब गुरुदेव राइस मिल के संचालक राजेश कुमार जैन से बात की गई, तो उन्होंने कहा कि उन्हें ऐसी कोई जानकारी नहीं है। फूड इंस्पेक्टर गलत बोल रही हैं। उनके यहां कोई भी चावल नहीं उतर रहा था ना कोई कार्रवाई हुई है। वहीं फूड इंस्पेक्टर का कहना है कि राजेश जैन ने पंचनामा कार्रवाई में खुद हस्ताक्षर किया है कि उनकी मिल के अंदर से चावल जब्त हुआ है।

अस्पताल से ओएसटी सेंटर हटाने की मांग, छावनी में शिफ्ट का सुझाव

भिलाई/ नवप्रदेश। लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला में संचालित ओएसटी सेंटर को छावनी के सिविल डिस्पेंसरी में शिफ्ट किए जाने की मांग की गई है। यहां के चिकित्साधिकारी डॉ. पीयाम सिंह ने इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज दानी को पत्र लिखा है। डॉ. पीयाम सिंह ने लिखा है कि सुपेला अस्पताल में निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में सांसद विजय बघेल ने भाग लिया था। इस मौके पर सांसद ने अस्पताल का दौरा किया। यहां की व्यवस्था और समस्याओं का जायजा लिया। इसमें उन्हें बताया गया था कि कैजुअल्टी वार्ड मेल के आधे भाग में ओएसटी सेंटर संचालित है। उन्हें अवगत कराया गया कि अस्पताल परिसर के अंदर सेंटर होने से कई तरह की परेशानी होती है। नशे में लोग मरीजों और अस्पताल के स्टॉफसे दुव्यवहार करते हैं। इसके साथ ही ओएसटी सेंटर यदि मेल वार्ड के बगल से हटा तो वहां और अधिक जगह मिल पाएगी, जिससे अधिक मरीजों का इलाज हो पाएगा। चिकित्साधिकारी ने मांग की है कि इसे छावनी सिविर डिस्पेंसरी में शिफ्ट किया जाए, जिससे यहां की समस्या का समाधान हो सके। कुछ महीने पहले सूबे के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने सुपेला अस्पताल का दौरा किया था। इस दौरान उन्होंने अस्पताल परिसर से ओएसटी सेंटर को हटाने का निर्देश दिया था। अस्पताल के बहर से जनऔषधि केंद्र को हटाकर दूसरी जगह शिफ्ट करने का भी आदेश दिया था।

2 लाख से अधिक कीमत की 25 पेटी शराब जब्त

भिलाई का शराब तस्कर कोंडागांव में गिरफ्तार

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। कोंडागांव पुलिस ने दुर्ग जिले के बड़े शराब तस्कर कमलेश साहू को गिरफ्तार किया है। आरोपी कार से शराब की तस्करी कर रहा था। उसके कब्जे से 2.29 लाख कीमत की 25 पेटी शराब जब्त की गई है। कोंडागांव थाना प्रभारी सौरभ उपाध्याय को मुखबिर से सूचना मिली थी कि बिलासपुर जिला पासिंग सफेद रंग की डिजायर सीजी 10 एएफ 5919 में कुछ लोग बड़ी मात्रा में शराब लेकर जा रहे हैं। कार भिलाई से शराब लेकर जगदलपुर की तरफ जा रही है। पुलिस ने सूचना मिलते ही अलर्ट हो गई। पुलिस की टीम ने तुरंत मेन रोड में नाकेबंदी करके चेकिंग शुरू कर दी। जैसे ही शराब तस्कर कमलेश साहू वहां पहुंचा और चेकिंग को देखा तो कार को मोड़ने लगा। इससे पहले की वो कार मोड़कर भागता पुलिस की गाड़ियों ने उसे चारों तरफ से घेर लिया। कार की तलाशी लेने पर उसमें भारी मात्रा में शराब भरी हुई थी। कोंडागांव पुलिस ने कार के अंदर से 17 कार्टून में गोवा शराब और 8 कार्टून में रायल स्टेज विस्की की बोतलें जब्त किया। जब्त की गई शराब की कुल कीमत 2 लाख 29 हजार 950 रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से कार और एक मोबाइल फोन को भी जब्त कर लिया है। पूछताछ करने पर आरोपी ने अपना नाम कमलेश साहू पिता मोहित राम साहू (23 साल) निवासी राम नगर मुक्तिधाम के पास सुपेला भिलाई बताया।

साई महोत्सव में महाप्रसादी में उमड़े श्रद्धालु,शोभायात्रा के साथ समापन

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। कसारीडीह सिविल लाइन स्थित प्रसिद्ध श्री साई बाबा मंदिर के 48वें वार्षिक साई महोत्सव के अंतिम दिन शनिवार को मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। दिनभर मंदिर में साई भजन की धूम मची रही। दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की कतारे लगी रही। दोपहर में महाप्रसादी (भंडारा) का आयोजन किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ के अलावा अन्य राज्यों से श्रद्धालुओं ने हजारों की संख्या में शामिल होकर महाप्रसादी ग्रहण कर कर पुण्य लाभ प्राप्त किया।महाप्रसादी ग्रहण करने पूर्व विधायक अरुण वोरा, महापौर धीरज बाकलीवाल, पूर्व महापौर आरएन वर्मा, नगर निगम सभापति राजेश यादव, समाजसेवी चतुर्भुज राठी,डॉ.मानसी गुलाटी, छत्तीसगढ़ चैंबर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज प्रदेश मंत्री अशोक राठी, निगम एमआईसी सदस्य संजय कोहले, भोला महोबिया, सत्यवती वर्मा, पार्षद प्रीति गीते, प्रकाश जोशी, नजहत परवीन, पूर्व पार्षद अल्ताफ अहमद, प्रकाश गीते, युवा कांग्रेस नेता संदीप वोरा, सुमित वोरा, गौरव उमरे, जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, महामंत्री सुरेंद्र कौशिक, उपाध्यक्ष राजेंद्र पाध्य, आशीष निमजे, दीपक चोपड़ा, डॉ. सुनील साहू, जनसमर्पण सेवा संस्था अध्यक्ष बंटी शर्मा के अलावा अन्य जनप्रतिनिधि व समाजसेवी मंदिर पहुंचे। उन्होंने श्रद्धालुओं के साथ पंगत पर बैठकर महाप्रसादी ग्रहण की। शाम को श्री साई बाबा की महाआरती उपरांत श्री साई बाबा की भव्य शोभायात्रा (पालकी यात्रा) निकाली गई। यह शोभायात्रा बाजे गाजे के साथ साई मंदिर से शुरू होकर सिविललाइन, पदमनाभपुर, मुक्तनगर, आदर्श नगर, कन्हैयापुरी चौक, आजाद चौक, कसारीडीह चौक पहुंची। शोभायात्रा का पूरे रास्ते भर श्रद्धालुओं द्वारा आतिशबाजी कर जगह-जगह स्वागत किया गया, वहीं कई श्रद्धालुओं ने शोभायात्रा के स्वागत में अपने-अपने घरों के सामने दीपक जला रखे थे। जिससे शोभायात्रा के दौरान क्षेत्र में दिवाली का माहौल बना। कसारीडीह चौक से शोभायात्रा मंदिर पहुंची जहां शोभायात्रा का समापन हुआ। देर रात्रि श्री साई बाबा की सेज आरती उपरांत तीन दिवसीय महोत्सव का समापन हुआ।

एथलेटिक्स प्रतियोगिता

भिलाई। इस्पात संयंत्र के क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा अंतर विभागीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता (पुरुष एवं महिला)-2024 का आयोजन 27 दिसम्बर 2024 को प्रातः 7:30 बजे से संध्या 6 बजे तक सेल एथलेटिक्स अकादमी ग्राउंड, बोकारो हॉस्टल, सेक्टर-4, भिलाई में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में भिलाई इस्पात संयंत्र के सभी नियमित एवं प्रशिक्षणार्थी कर्मचारीगण भाग ले सकते है। पुरुष वर्ग में 100 मी., 200 मी., 400 मी., 2000 मी. पैदल चाल, लंबी कूद, जेवलीन थ्रो तथा शॉटपुट का आयोजन किया जाएगा। महिला वर्ग में 100 मी., 200 मी. पैदल चाल, लंबी कूद, जेवलीन थ्रो (600 ग्राम) तथा शॉटपुट (4 कि. ग्रा.) का आयोजन किया जाएगा।

लोड कम करने तीसरे नये फीडर का निर्माण

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड दुर्ग क्षेत्र द्वारा उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति प्रदान करने के लिए निरंतर विद्युत सेवाओं में विस्तार किये जा रहे हैं। विद्युत व्यवस्था विस्तार करने की दिशा में एक नई कड़ी जोड़ते हुए लगभग 33. 79 लाख की लागत से शहर जोन के अंतर्गत स्थित 33/11 केव्ही सबस्टेशन से निकलने वाली लगभग 7.87 किलोमीटर लंबाई के तकियापारा एवं खंडेलवाल फीडर को विभाजित कर तीसरे नये 11 के.व्ही. ऋषभ नगर फीडर को चार्ज किया गया। इससे तकियापारा एवं खंडेलवाल फीडर पर लोड कम होगा जिससे लगभग 1550 उपभोक्ताओं को निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति प्रदान की जा सकेगी। नये 11 के.व्ही. फीडर ऋषभ नगर को मुख्य अभियंता एम.जामुलकर द्वारा को चार्ज किया गया। श्री जामुलकर ने बताया कि विद्युत उपकेंद्र (सबस्टेशन) से निकलने वाली 11केव्ही तकियापारा एवं खंडेलवाल पर लोड बहुत अधिक हो रहा था जिससे उपभोक्ताओं को निर्बाध आपूर्ति प्रदान करने के लिए सात किलोमीटर से अधिक 11 केव्ही लाइन के दोनों फीडरों को विभाजित कर लगभग 1.3 किलोमीटर के 11 के.व्ही. ऋषभनगर फीडर को चार्ज किया। नये फीडर के चार्ज होने से शास्त्री चौक, ऋषभ नगर, बैजनाथ पारा, मुकुंद भवन एवं आसपास के क्षेत्र को गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति प्रदान की जा सकेगी।

जिला स्तरीय पंथी प्रतियोगिता कल, आवेदन का आज अंतिम दिन

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में जिले के अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों की पारंपरिक लोक कला यथा लोकगीत/लोक गायन/लोक नृत्य जैसे- पंथी नृत्य, पंडवानी, भरथरी तथा अनुसुचित जाति वर्ग के लोगों के पारंपरिक लोक वाद्य आदि में कलाकारों की प्रतिभा की पहचान करने एवं उन्हे प्रस्कृत कर प्रोत्साहित करने हेतु 17 दिसंबर को सुबह 11 बजे विश्व बैंक कॉलोनी भिलाई 03 में जिला स्तरीय पंथी प्रतियोगिता आयोजित की गयी है। 16 दिसंबर शाम 4 बजे तक कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास दुर्ग में प्रस्तुत कर सकते है। आदिवासी विकास विभाग दुर्ग के सहायक आयुक्त से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रविष्ठियां प्रस्तुत करने हेतु इच्छुक दलों को अपेक्षाओं की पूर्ति करना अनिवार्य होगा। जिसके अंतर्गत अनुसूचित जाति लोक कला दल का पूर्ण विवरण, अनुसूचित जाति वर्ग में अपनी पारंपरिक कला के माध्यम से चेतना जागृत करने तथा सामाजिक उत्थान के लिए यदि कार्य किए है तो इसका विवरण, यदि कोई अन्य पुरस्कार प्राप्त किए है तो उसकी जानकारी, प्रविष्ठिर्ता के उत्कृष्ट कार्य के विषय में कोई लेख प्रकाशित हुआ है तो उसका विवरण, सामाजिक चेतना जागृत करने तथा सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में उनके कार्य के संबंध में कोई ख्यात व्यक्ति अथवा पत्र पत्रिकाओं द्वारा टिप्पणी की गई तो उसकी प्रति, अन्य जानकारी जो प्रविष्टिकर्ता देना चाहे संलग्न करना होगा। प्रविष्टिकर्ता दल को जिला स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए आने जाने एवं अन्य व्यय स्वयं वहन करना होगा। चयनित सर्वश्रेष्ठ एक दल को राज्य स्तरीय प्रतिस्पर्धा के लिए आने जाने तथा ठहरने एवं भोजन की व्यवस्था विभाग द्वारा की जायेगी।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम हेमंत कुमार यादव | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202412100400105/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका हेमंत कुमार यादव आ./पति श्री लाल सिंह निवासी वार्ड 3 सहरनवास रेवारी हरियाणा द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम पुरई प.ह.न. 54 तह. व जिला दुर्ग	994/14	0.0097 हें 1050 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजन

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 06/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर | अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम मोनिका यादव | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202412100400106/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका मोनिका यादव आ./पति श्री हेमंत कुमार यादव निवासी वार्ड 3 सहरनवास रेवारी हरियाणा द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम पुरई प.ह.न. 54 तह. व जिला दुर्ग	994/15	0.0097 हें 1050 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजन

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 06/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर | अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम उषा ठाकुर | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202412100400123/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका उषा ठाकुर आ./पति श्री राजू ठाकुर निवासी बोरगहन तह. अर्जुन्दा द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम उमरपोटी प.ह.न. 52 तह. व जिला दुर्ग	246/4	0.0200 हें 2035 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजन

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 06/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर | अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./अ-5/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक हेमंत साहू आ. स्व. जीवनलाल साहू साकिन चिखलाकसा जिला बालोद द्वारा ग्राम कोहका प.ह.नं. 45 रा.नि.मं. कोहका तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि बंदोबस्त पूर्व खसरा नं. 284/134 रकबा 0.039 हे था जो बंदोबस्त पश्चात खसरा नं. 2406 रकबा 0.020 हे. भूमि दर्ज हो गया है एवं नक्शा में त्रुटि हो गई है के सुधार के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है जिस पर प्रकरण न्यायालय में लंबित है।

अतः बंदोबस्त पूर्व अभिलेख के अनुसार नक्शा में सुधार किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 24.12.2024 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27.11.2024 के मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन के मुहर के साथ जारी किया गया है।

मुहर | अतिरिक्त तहसीलदार भिलाईनगर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार बोरी जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./202411102700026 /अ-74/वर्ष 2024-25

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक विमल तिवारी पिता स्व. भूषण प्रसाद तिवारी, निवासी पंचशील नगर दुर्ग, तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है कि ग्राम हिरी, प.ह.नं. 10, तहसील बोरी स्थित भूमि खसरा नं. 1220, 1949, 2330 रकबा क्रमशः 0.40, 0.60, 0.05 हे जो कि आवेदक विमल तिवारी पिता स्व.भूषण तिवारी व अन्य 03 के नाम पर भूमिस्वामी हक में दर्ज है, की मूल ऋण पुस्तिका गुम हो जाने के कारण डुप्लीकेट ऋण पुसतिका प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन मय बैंक चालान, खसरा नक्शा बी-1 की नकल, नोड्युज, पुलिस रिपोर्ट की कापी, तलवाना सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जोकि इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदक के नाम पर द्वितीय प्रति ऋणपुस्तिका प्रदाय किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या दावा हो तो वे स्वयं अथवा अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ सुनवाई तिथि 17.12.2024 को या उसके पूर्व उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27.11.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर | तहसीलदार बोरी (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मैं शपथकर्ता मुकेश कुमार (MUKESH KUMAR) पिता श्री ईश्वरी प्रसाद बन्छोर, उम्र 40 वर्ष, निवासी-क्वाटर नं.-18/ए, रिसाली सेक्टर, भिलाईनगर, तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.) का हूँ जो कि निम्न लिखित कथन शपथपूर्वक करता हूँ कि यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है। मेरे समस्त आवश्यक दस्तावेजों जैसे मेरे आधार कार्ड इत्यादि में मेरा नाम मुकेश कुमार (MUKESH KUMAR) पिता श्री ईश्वरी प्रसाद बन्छोर दर्ज है। तथा मेरे शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरा नाम मुकेश कुमार (MUKESH KUMAR) पिता श्री ईश्वरी प्रसाद दर्ज है। मेरे पिता के दाखिल खारिज पंजी में मेरे पिता का नाम ईश्वर प्रसाद दर्ज है तथा मेरे दाखिल खारिज पंजी में मेरे पिता का नाम ईश्वरी प्रसाद दर्ज है। यह कि, मैं अपने समस्त आवश्यक दस्तावेजों एवं अपने दाखिल खारिज पंजी में अपने पिता का नाम ईश्वर प्रसाद दर्ज कराना चाहता हूं। मुकेश कुमार (MUKESH KUMAR) पिता श्री ईश्वरी प्रसाद बन्छोर, मुकेश कुमार (MUKESH KUMAR) पिता श्री ईश्वर प्रसाद, तथा मुकेश कुमार (MUKESH KUMAR) पिता श्री ईश्वरी प्रसाद ये तीनों ही नाम एक ही व्यक्ति अर्थात मेरे स्वयं का ही नाम है। अत: शपथपत्र उपरोक्त कथनों की सत्यता के समर्थन में तथा अपना सहीं एवं वास्तविक नाम मुकेश कुमार (MUKESH KUMAR) पिता श्री ईश्वर प्रसाद, अपने समस्त दस्तावेजों में दर्ज कराने तथा छ.ग. राजपत्र में प्रकाशन हेतु श्रीमान सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत है।

शपथकर्ता
मुकेश कुमार

नाम-परिवर्तन

मैं शपथकर्ता प्रियंका सिंह पिता अशोक नारायण सिंह, उम्र 38 वर्ष, निवासी फ्लैट नं. 352, कल्पकृति परिसर, अवधपुरी, रिसाली भिलाई, तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.) की हूँ जो कि निम्न लिखित कथन शपथपूर्वक करती हूँ कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है। यह कि, मेरी पुत्री कनिका सिंह का जन्म दिनांक-01/10/2011 को स्थान भिलाईनगर, जिला-दुर्ग (छ.ग.) में हुआ है जो कि सहीं एवं सत्य है। मेरी पुत्री का जन्म प्रमाण पत्र संबंधित जन्म/मृत्यु पंजीयन कार्यालय सेक्टर-8 भिलाई से जारी किया गया है जिसका पंजीयन क्रमांक-3187 दिनांक-14/10/2011 है। मेरी पुत्री के उक्त जन्म प्रमाण पत्र में मेरी पुत्री का नाम कनिका सिंह नागर दर्ज है। मेरे एवं मेरे पति विवाह विच्छेद माननीय न्यायालय श्रीमान नरेन्द्र सिंह चावला मुख्य न्यायाधीश, परिवार न्यायालय दुर्ग (छ.ग.) के समक्ष दिनांक-15/12/2022 को हो चुका है। मेरा एवं मेरे पति का विवाह विच्छेद पश्चात मैं उक्त जन्म प्रमाण पत्र में अपनी पुत्री का नाम कनिका सिंह दर्ज कराना चाहती हूं। आज दिनांक से मेरी पुत्री कनिका सिंह के नाम से जानी एवं पहचानी जायेगी। कनिका सिंह एवं कनिका सिंह नागर ये दोनों ही नाम एक ही व्यक्ति अर्थात मेरी पुत्री का ही नाम है। अत: यह शपथपत्र अपनी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र एवं आवश्यक दस्तावेजों में अपनी पुत्री का सहीं एवं वास्तविक व परिवर्तित कनिका सिंह नाम दर्ज कराने एवं छ.ग. राजपत्र में प्रकाशन हेतु श्रीमान सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करना है।

शपथकर्ती
प्रियंका सिंह

नाम-परिवर्तन

मैं शपथकर्ता प्रियंका सिंह पिता अशोक नारायण सिंह, उम्र 38 वर्ष, निवासी फ्लैट नं. 352, कल्पकृति परिसर, अवधपुरी, रिसाली भिलाई, तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.) की हूँ जो कि निम्न लिखित कथन शपथपूर्वक करती हूँ कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है। यह कि, मेरे समस्त आवश्यक दस्तावेजों जैसे मेरे आधार कार्ड इत्यादि मे मेरा नाम प्रियंका सिंह पिता अशोक नारायण सिंह दर्ज है जो कि मेरा सहीं एवं वास्तविक नाम है। मेरी पुत्री कनिका सिंह का जन्म दिनांक-01/10/2011 को स्थान भिलाईनगर, जिला-दुर्ग (छ.ग.) में हुआ है जो कि सहीं एवं सत्य है। मेरी पुत्री का जन्म प्रमाण पत्र संबंधित जन्म/मृत्यु पंजीयन कार्यालय सेक्टर-8 भिलाई से जारी किया गया है जिसका पंजीयन क्रमांक-3187 दिनांक 14/10/2011 है। मेरी पुत्री के उक्त जन्म प्रमाण पत्र में मेरा नाम प्रियंका सिंह नागर दर्ज है। मेरे एवं मेरे पति विवाह विच्छेद माननीय न्यायालय श्रीमान नरेन्द्र सिंह चावला मुख्य न्यायाधीश, परिवार न्यायालय दुर्ग (छ.ग.) के समक्ष दिनांक-15/12/2022 को हो चुका है। मेरा एवं मेरे पति का विवाह विच्छेद पश्चात मैं उक्त जन्म प्रमाण पत्र में अपना नाम प्रियंका सिंह दर्ज कराना चाहती हूं। आज दिनांक से मैं प्रियंका सिंह के नाम से जानी एवं पहचानी जाउंगी तथा हस्ताक्षर इत्यादि करूंगी। प्रियंका सिंह एवं प्रियंका सिंह नागर ये दोनों ही नाम एक ही व्यक्ति अर्थात मेरे स्वंय का ही नाम है। अत: यह शपथपत्र अपनी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों में अपना सही एवं वास्तविक व परिवर्तित नाम प्रियंका सिंह दर्ज कराने एवं छ.ग. राजपत्र में प्रकाशन हेतु श्रीमान सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करना है।

शपथकर्ती
प्रियंका सिंह

न्यूज गैलरी

तीन दिवसीय संगीतमय मानस गान का होगा भव्य आयोजन

अंतागढ़/नवप्रदेश। कल दिनांक 14 दिसंबर दिन शनिवार को शीतला मंदिर प्रांगण में मानस गान के संबंध मीटिंग रखा गया था जिसमें मकर-संक्रांति के शुभ अवसर पर प्रति वर्ष की भाँति नववर्ष में भव्य मानसगान का आयोजन 13/14/15 जनवरी दिन सोमवार मंगलवार बुधवार को कराने का निर्णय समस्त नगरवासियों के द्वारा लिया गया है। इस बार लगभग 18 टीमों को आमंत्रित किया गया है जिसमें प्रथम महिला/पुरुष 5100 रू द्वितीय महिला/पुरूष 3100 रू और तृतीय महिला/पुरुष 2100 रू ईनाम रखा गया है। इस मीटिंग में गायता, माता पुजारी ,ग्राम पटेल, पुजारी ,शीतला समिति अध्यक्ष उपाध्यक्ष कोषाध्यक्ष मानस गान समिति के अध्यक्ष उपाध्यक्ष कोषाध्यक्ष पार्षद गण व्यापारी गण एवं नगरवासी उपस्थित हुए। उपरोक्त कार्यक्रम की जानकारी आयोजन समिति के अध्यक्ष अमलसिंह नरवास ने देते हुए समस्त नगरवासियों को कार्यकम को सफल बनाने अधिक से अधिक सहयोग करने की अपील की है।

भाजपा के एक साल, प्रदेश की जनता बेहाल : सुनील गोस्वामी

कांकेर/नवप्रदेश। प्रदेष में भाजपा सरकार का एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर छत्तीसगढ़ प्रदेष कांगेस कमेटी के निर्देष पर जिला कांग्रेस कामेटी द्वारा भाजपा के विफल कार्यकाल और प्रदेष में नाराम हो चुकी कानून व्यवस्था सहित विभिन्न जनहित के मूददो से आम जनता के बेहाल स्थिति और छत्तीसगढ़ प्रदेष की बदहाल हालात को स्लोगन, पोस्टर के माध्यम से प्रदर्षित कर कांग्रेसजनो ने पुराने बस स्टैण्ड से लेकर मुख्यमार्ग मस्जिद चौक तक पैदल चल कर भाजपा सरकार की नाकामियो से आम जनता को बताया।जिला कांग्रेस महामंत्री सुनील गोस्वामी ने कहा कि प्रदेष में भाजपा सरकार के एक वर्श पूरे हो रहे है किन्तु प्रदेष की जनता इस सरकार से खुष नहीं है आम जनता के सामने बदहाल स्थिति निर्मित हो गई है किसान युवा व्यापारी सभी परेसान है।भाजपा सरकार की अपनी कोई उपलब्धि जनता के बीच नजर नहीं आ रही है कांग्रेस सरकार मे स्वीकृत कार्यों के अलावा नवीन कार्ययोजना के लिए इस सरकार ने अभी तक कोई प्रयास नहीं किया है कानून व्यवस्था धाराषाही हो चुकी है।राजस्व विभाग में भ्रश्टाचार चरम सीमा पर है किसान व आम जनता परेषान है युवाओं के पास रोजगार नही है प्रदेष में महिलाए सुरक्षित नहीं है, प्रदर्षन के दौरान मुख्य रूप से जितेन्द्र सिंह ठाकुर, नितिन पोटाई, जनकनंदन कष्यप, हेमन्त ध्रुव, मकबूल खान, तरेन्द्र भण्डारी, सुनील गोस्वामी, नरेन्द्र यादव, गफ्फार मेमन, गोमती सलाम, रोमनाथ जैन, अजय रेनू, नरेस बिछीया, सुनील बबला, पाढ़ी, मनीश योगी, दीपक सोरी, राजेष भास्कर, मतीन खान, सतीस दीपक मिथलेष षोरी, मुकेष तिवारी, रोषन आरा, अमीला, लता मण्डावी सुमति नेताम, सरमार्थ करायत, सुमित राय, अमित साहू, लोमेंद्र यादव, सरजु षोरी, पवन कांगे, सोमेष सोनी षदाब खान, लतीफ मेमन सहित बड़ी सख्या में कांग्रेस जन षामिल हुए।

नपं साजा के वार्डों का आरक्षण 17 को

साजा/नवप्रदेश। नगरीय निकायों के आम निर्वाचन 2024 हेतु छत्तीसगढ़ नगर पालिका (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति, पिछड़ा वर्ग एवं महिलाओं के लिए वार्डो का आरक्षण) नियम 1994 के प्रावधानों के तहत नगर पंचायत साजा के वार्डो का आरक्षण 17 दिसंबर मंगलवार को कलेक्टोरेट सभा कक्ष दृष्टि में 4 बजे से 4.30 बजे तक की जावेगी। उक्त जानकारी देते हुए सीएमओ ने बताया कि वार्ड आरक्षण की कार्यवाही के दौरान आम नागरिक उपस्थित रह सकते हैं।

मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं की सबसे पहली प्राथमिकता है बस्तर

रायपुर/नवप्रदेश। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज छत्तीसगढ़ के जगदलपुर में छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और असम के उन लोगों से मुलाकात की जो हथियार छोड़कर समाज की मुख्यधारा में शामिल हो चुके हैं। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

मुलाकात के बाद अपने संबोधन में श्री अमित शाह ने कहा कि 2019 में कश्मीर, उत्तरपूर्व और नक्सलवाद प्रभावित क्षेत्र में देश के युवा हथियार लेकर अपना जीवन बर्बाद कर रहे थे, हिंसा कर रहे थे और पूरे क्षेत्र को विकास से दूर रखते थे। उन्होंने कहा कि उस वक्त प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में ये तय किया गया था कि जो लोग हथियार छोड़कर समाज की मुख्यधारा में शामिल होना चाहते हैं, उन्हें ये मौका दिया जाए।

श्री शाह ने कहा कि 2019 से 2024 तक सिर्फ नॉर्थईस्ट में ही 9000 से अधिक लोगों ने हथियार छोड़कर सरेंडर किया है। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार नक्सलवाद प्रभावित क्षेत्र में भी कई युवाओं ने सरेंडर किया है और अब भारत सरकार ऐसे लोगों और नक्सलवाद से पीड़ित लोगों के कल्याण के लिए समग्र योजना बना रही है। गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने नक्सलवाद प्रभावित क्षेत्रों में 15 हज़ार मकान बनाने को मंजूरी दी है। इसके साथ ही, नक्सलवाद प्रभावित क्षेत्रों में हर परिवार को एक गाय या भैंस देकर डेयरी कोऑपरेटिव बनाने की शुरूआत भी की जा रही है।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि पिछले वर्ष छत्तीसगढ़ में सरकार बनने के बाद नक्सलवाद मुक्त छत्तीसगढ़ का संकल्प लिया गया था। उन्होंने कहा कि हिंसा रास्ता नहीं है, बल्कि जिन लोगों ने हथियार उठा रखे हैं, उन्हें मेनस्ट्रीम में वापिस लाना है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने सबसे अच्छी सरेंडर पॉलिसी बनाई है और इसे पूरे देश में रेप्लिकेट करके हथियार छोड़ने वाले युवाओं को समाज में पुनर्स्थापित करने का प्रयास किया जाएगा।

बस्तर ओलंपिक का आयोजन केवल खेल नहीं, बल्कि बस्तर की संस्कृति, उत्साह, और प्रतिभा का उत्सव : मुख्यमंत्री

विकास की यशोगाथा बनेगा बस्तर ओलंपिक : अमित शाह

रायपुर/नवप्रदेश। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने आज बस्तर जिले के जगदलपुर में आयोजित बस्तर ओलंपिक के समापन समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि बस्तर ओलंपिक आने वाले दिनों में बस्तर के विकास की यशोगाथा बनेगा और शांति, सुरक्षा, विकास और नई उम्मीद की नींव डालने का काम करेगा। उन्होंने कहा कि हम देश से नक्सलवाद को पूर्ण रूप से 31 मार्च 2026 तक समाप्त करेंगे।

केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने कहा कि बस्तर से नक्सलवाद समाप्त होने पर यहां कश्मीर से ज्यादा पर्यटक आएंगे। मां दंतेश्वरी की कृपा से बस्तर को प्रकृति के अनुपम सौंदर्य का वरदान मिला है। हम यहां पर पर्यटन को आगे बढ़ाएंगे। हम यहां पर छोटे-छोटे उद्योगों को आगे बढ़ाकर रोजगार के अवसरों का सृजन करेंगे। उन्होंने बस्तर के युवाओं से कहा कि हार मानने वाला कभी नहीं जीतता। जीतता वह है जो कभी हार नहीं मानता। बस्तर के अंदर अनेक संभावनाएं हैं। यहां जो 3000 बच्चे मेरे सामने बैठे हैं उसमें से कोई बच्चा अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक में गोल्ड मेडल लेकर आएगा तो पूरा भारत इस पर गर्व करेगा।

उन्होंने कहा कि नक्सलवाद के खिलाफ हमने दोनों मोर्चे पर काम किया है। एक ओर वह नक्सली जो सरेंडर नहीं हुए और जो हिंसा करते थे उनके खिलाफ सुरक्षा बलों को खड़ा करके उनको मार गिराने का काम किया। जो सरेंडर हुए उनको बसाने का काम किया और नक्सल प्रभावित क्षेत्र में जो विकास से पिछड़ गए थे, उनको विकसित करने का अभियान भी चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के लोगों के आशीर्वाद से राज्य में डबल इंजन की सरकार बनी और नक्सलवाद के खिलाफ हमारा अभियान तेज हुआ और नक्सल उन्मूलन की दिशा में हमें लगातार सफलता मिल रही है।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने बस्तरवासियों का हार्दिक अभिनंदन करते हुए कहा कि आप सभी ने पूरे उत्साह के साथ बस्तर ओलंपिक में भाग लेकर इसे ऐतिहासिक रूप से सफल बनाया है। इस आयोजन में 1 लाख 65 हजार से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। इतनी बड़ी संख्या में खिलाड़ियों के लिए प्रबंधन करना एक चुनौती थी, बस्तर संभाग के सातों जिलों की पूरी टीम ने इसे बखूबी पूरा किया, इसके लिए मैं उन्हें बधाई देता हूँ।मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि मुझे यह कहते हुए गर्व की अनुभूति हो रही है कि बस्तर ओलम्पिक के माध्यम से हम सभी बस्तर अंचल के युवाओं की ऊर्जा को खेल के माध्यम से एक सकारात्मक दिशा देने में सफल रहे हैं। बस्तर ओलंपिक का यह आयोजन केवल खेल नहीं है, बल्कि बस्तर की संस्कृति, उत्साह, और प्रतिभा का उत्सव है। यह आयोजन एक संदेश देता है कि बस्तर का असली चेहरा इसकी सांस्कृतिक विरासत और प्राकृतिक सुंदरता है, न कि माओवाद की हिंसा।

बस्तर का असली चेहरा सांस्कृतिक विरासत-प्राकृतिक सुंदरता

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि मुझे यह कहते हुए गर्व की अनुभूति हो रही है कि बस्तर ओलम्पिक के माध्यम से हम सभी बस्तर अंचल के युवाओं की ऊर्जा को खेल के माध्यम से एक सकारात्मक दिशा देने में सफल रहे हैं। बस्तर ओलंपिक का यह आयोजन केवल खेल नहीं है, बल्कि बस्तर की संस्कृति, उत्साह, और प्रतिभा का उत्सव है। यह आयोजन एक संदेश देता है कि बस्तर का असली चेहरा इसकी सांस्कृतिक विरासत और प्राकृतिक सुंदरता है, न कि

हैण्डबॉल प्रतियोगिता में विजेता बनी रायगढ़ एवं उपविजेता दुर्ग की टीम

■ पीजी कॉलेज कांकेर में राज्य स्तरीय हैण्डबॉल (पुरुष) प्रतियोगिता का शानदार आयोजन

कांकेर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग के तत्वाधान मे राज्य स्तरीय हैण्डबॉल (पुरुष) प्रतियोगिता 2024 का आयोजन 13 दिसम्बर से 14 दिसम्बर तक भानुप्रतापदेव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कांकेर के खेल मैदान में किया गया। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ से कुल 10 संभाग रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, रायगढ़, कोरबा, जांजगीर-चांपा, राजनांदगांव, सरगुजा, बलौदाबाजार एवं बस्तर के 200 खिलाड़ियो एवं मैनेजर/कोच ने भाग लिया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सरला आत्राम के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। अतिथियों का स्वागत बस्तर के पारंपरिक नृत्य द्वारा किया गया, उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष देवेंद्र कुमार भाऊ एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ.वी के.रामटेके के द्वारा माँ सरस्वती के चरणों में पुष्प अर्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा खिलाडियों को प्रोत्साहित करते हुए प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन किया जिसमे प्रथम मैच बिलासपुर एवं कोरबा के मध्य खेला गया, जिसमे बिलासपुर की टीम विजेता रहीं जिसकी प्रसंशा मुख्य अतिथि द्वारा किया गया।समापन समारोह के मुख्य अतिथि ने फाइनल मैच का लुफ्त उठाया फाइनल मैच रायगढ़ एवं दुर्ग के मध्य खेला गया जिसमे बहुत ही रोमांचक मुकाबले में रायगढ़ टीम ने अंतिम क्षणों में निर्णायक गोल करते हुए 23/22 के अंतर से दुर्ग को पराजित कर विजेता बनी एवं मुख्य अतिथि द्वारा खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाते हुए विजेता टीम रायगढ़ सेक्टर को बधाई दी एवं उपविजेता टीम दुर्ग सेक्टर को भविष्य में उत्कृष्ट खेल दिखाते हुए विजेता बनने के लिए शुभकामनाएं दी।

प्राचार्य पद पर पदोन्नति को लेकर विधानसभा अध्यक्ष से चर्चा

कांकेर/नवप्रदेश। स्कूल शिक्षा विभाग में विगत दस वर्षों से लंबित प्राचार्य एवं व्याख्याता के पदों पर पदोन्नति की मांग को लेकर प्राचार्य /व्याख्याता पदोन्नति फोरम का प्रतिनिधि मंडल छत्तीसगढ़ विधान सभा के अध्यक्ष डॉ रमन सिंह से मुलाकात कर अपनी समस्याओं को रखें । कांकेर जिला अध्यक्ष दीपक रायस्त एवं महामंत्री प्रदीप सेन ने बताया कि स्कूल शिक्षा विभाग में प्राचार्य के स्वीकृत4783 पद में 3576 पद रिक्त है तथा व्याख्याता के स्वीकृत 40806 पद में 8203 पद रिक्त है विभाग में विगत दस वर्षों से प्राचार्य एवं आठ वर्षों वर्षो से व्याख्याता पद की पदोन्नति नहीं होने के कारण प्रदेश की अस्सी प्रतिशत विद्यालय प्राचार्य विहीन हैं जिसके कारण शिक्षा गुणवत्ता एवं स्कूल प्रशासन प्रभावित हो रहा है। उल्लेखनीय है कि 2024 के बजट सत्र में 16 फरवरी को विधान सभा की कार्यवाही के दौरान तत्कालीन शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने छः माह में पदोन्नति करने की घोषणा किए थे जिसकी समय सीमा 16 अगस्त को समाप्त होने के बाबजूद स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव एवं संचालक यह बता पाने की स्थिति में नहीं है कि प्राचार्य के पदोन्नति आदेश कब तक जारी हो पाएंगे।

जबकि बृजमोहन अग्रवाल द्वारा मंत्री पद छोड़ने के बाद विगत पांच माह से स्कूल शिक्षा विभाग प्रदेश के मुख्यमंत्री के अधीन है। विधान सभा अध्यक्ष से प्रतिनिधि मंडल ने आग्रह किया कि विधान सभा में दिए गए आश्वाशन का पालन नहीं होने के कारण पहल कर तत्काल कार्यवाही करने का अनुरोध किया गया तथा आगामी शीतकालीन विधान सभा सत्र में प्राचार्य पदोन्नति को लेकर कई विधायकों द्वारा लगाए गए विधान प्रश्न पर चर्चा करने की मांग भी की गई।प्राचार्य/व्याख्याता पदोन्नति फोरम द्वारा आगामी 17 दिसंबर को प्रदेश भर से शिक्षक एकत्रित होकर नया रायपुर में स्थित लोकशिक्षण संचालनालय एवं मंत्रालय के समक्ष प्रदर्शन करने का अल्टीमेटम दे चुके हैं। प्रतिनिधि मंडल में छत्तीसगढ़ शिक्षक कांग्रेस के प्रांताध्यक्ष अनिल शुक्ला, प्रांतीय महामंत्री सुनील यादव, छत्तीसगढ़ व्याख्याता संघ के प्रांताध्यक्ष राकेश शर्मा, महामंत्री राजीव वर्मा, जिलाध्यक्ष अरुण साहू, वरिष्ठ व्याख्याता संघ के प्रांतीय संयोजक श्याम कुमार वर्मा, नरेंद्र धीवर, प्रधान पाठक मंच के प्रांतीय उप संयोजक मलखम वर्मा, ज्ञानेश्वर वर्मा, छत्तीसगढ़ राज्य व्याख्याता पदोन्नति समिति के प्रांतीय संयोजक मुकुंद उपाध्याय एवं विद्यालयीन शिक्षक कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष संजय तिवारी सम्मिलित रहे।

प्रथम तीन का शेष

मार्च 2026 के ओलम्पिक में ...

है। जवानों का बढ़ा हुआ हौसला और आत्मविश्वास देखकर मैंने भी अपने भीतर नयी ऊर्जा का महसूस की है। हमारी डबल इंजन की सरकार ने नियद नेल्लानार योजना के माध्यम से बस्तर के अंदरूनी गांव तक लोकतंत्र और विकास की किरणों को पहुंचाने में सफल हुए है।

वर्षो से बंद पड़े स्कूलों ..

ने हाल ही में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। कांगेर घाटी में स्थित गांव धुड़मारास को संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन के अपने अपग्रेड प्रोग्राम फॉर बेस्ट टूरिज्म विलेज के अंतर्गत पर्यटन के विकास के लिए चुना गया है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि बस्तर के माओवादी हिंसा से प्रभावित लोगों ने केंद्रीय गृह मंत्री से राजधानी मुलाकात की थी। अब बस्तर का दर्द दिल्ली तक पहुंच पाया है। हम बस्तर को संवारने और युवा ऊर्जा को सकारात्मक दिशा देने का काम हमारी सरकार कर रही है। उन्होंने बस्तर ओलम्पिक के सफल आयोजन के लिए बस्तर वासियों को शुभकामनाएं दी।कार्यक्रम को खेल मंत्री टंकराम वर्मा ने भी संबोधित किया।

खूंखार महिला नक्सली ...

उनके हालात का फायदा उठाकर नक्सलियों ने उन्हें अपने काडर में शामिल करवाया। अब इनकी बदली जिंदगी, नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन में शामिल

इसके बाद इन दोनों महिलाओं की जिंदगी का एक अलग अध्याय शुरू होता है। दोनों महिलाएं जो कि पहले नक्सलियों की दुर्दांत काडर थीं। अब वह सुरक्षा बलों का हिस्सा बन गईं यानी कि उन्हें छत्तीसगढ़ पुलिस की डीआरजी का हिस्सा बना लिया गया। जयमती पर 5 लाख और सुशीला पर 10 लाख का इनाम था। अब ये दोनों छत्तीसगढ़ पुलिस के डीआरजी स्क्वायड का हिस्सा हैं। यह छत्तीसगढ़ पुलिस की वह टुकड़ी है, जो मौजूदा समय में नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन में शामिल हैं।

फडणवीस कैबिनेट का ...

हैं। सातवें नंबर पर भाजपा विधायक गणेश नाइक ने मंत्री पद की शपथ ली है। 11वें नंबर पर भाजपा विधायक मंगल प्रभात लोढ़ा ने मंत्री पद की शपथ ली है। 13वें नंबर पर भाजपा विधायक जयकुमार रावल ने मंत्री पद की शपथ ली है। जयकुमार रावल शिंदखेड़ा विधानसभा सीट से विधायक हैं। 14वें नंबर पर भाजपा की पंकजा मुंडे ने मंत्री पद की शपथ ली है। 15वें नंबर पर भाजपा के अतुल सावे ने मंत्री पद की शपथ ली है। अतुल सावे औरंगाबाद पूर्व विधानसभा सीट से विधायक हैं। 16वें नंबर पर भाजपा विधायक अशोक उइके ने मंत्री पद की शपथ ली है। अशोक उइके रालेगांव विधानसभा सीट से विधायक हैं।

सांसद बृजमोहन के भतीजे...

बाद से धान का उठाव बंद हो गया।

सरकार और राइस मिलरों के बीच पिछले कुछ दिनों से विवाद चल रहा है। मिलर्स ने कस्टम मिलिंग रोक दिया है और धान का उठाव नहीं हो पा रहा है। राइस मिलर अपनी मांगों को लेकर अड़े हुए हैं। इधर अब नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ शासन ने कार्रवाई शुरू कर दी है। आज कार्रवाई के दौरान टीम द्वारा एसोसिएशन के महासचिव प्रमोद जैन की आर.टी. राईस मिल के खिलाफ विधिक कार्रवाई की गई। बताया जा रहा है कि मिल प्रबंधन द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में कस्टम मिलिंग के लिए पंजीयन कराने के बावजूद अनुमति और अनुबंध का निष्पादन नहीं किया गया था। इसके अलावा, शासकीय धान का उठाव भी नहीं किया जा रहा था।

जांच के दौरान मिल परिसर में 390 क्विंटल उसना चावल और 1200 क्विंटल धान फ्री सेल प्रयोजन हेतु पाया गया, जो छत्तीसगढ़ कस्टम मिलिंग चावल उपार्जन आदेश, 2016 का उल्लंघन था। मिल परिसर को सील कर धान और चावल जब्त कर लिया गया है। इसके अलावा, जांच दल ने जिला महासमुंद में श्रीवास्तव राईस मिल, नारायण राईस मिल, माँ लक्ष्मी राईस मिल, जिला धमतरी में आकांक्षा राईस मिल, और जिला राजनांदगांव में अतुल राईस मिल में भी दबिश दी और जांच की जा रही है। जांच दल में तहसीलदार बाबूलाल कुर्रे, नायब तहसीलदार राजेन्द्र चन्द्राकर, सहायक खाद्य अधिकारी बिन्दु प्रधान सहित अन्य अधिकारी शामिल थे।

तबला वादक उस्ताद...

उन्हें यूएस नेशनल एंडॉमेंट फॉर द आर्ट्स ने नेशनल हेरिटेज फेलोशिप से सम्मानित किया था, इसके बाद उस्ताद जाकिर हुसैन को भारतीय शास्त्रीय संगीत के ग्लोबल एंबेसडर के रूप में मान्यता मिली।

प्रणब को बनना था पीएम,...

संभावनाओं का अंत कर दिया था। अय्यर ने अपनी आगामी किताब 'अ मैवरिक इन पॉलिटिक्स' में ये टिप्पणियां की हैं। किताब में अय्यर ने राजनीति में अपने शुरुआती दिनों, पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव के शासन, यूपीए-द्ध में मंत्री के रूप में अपने कार्यकाल, राज्यसभा में अपने कार्यकाल और फिर अपनी स्थिति में गिरावट, परिदृश्य से बाहर होने और राजनीतिक तौर पर पतन का भी जिक्र किया है। '

फिट इंडिया का शुभारंभ ...

यह कार्यक्रम देश भर के एक हजार से अधिक स्थानों पर आयोजित किया जायेगा। भारतीय खेल प्राधिकरण के क्षेत्रीय केंद्रों में एक साथ कार्यक्रम होंगे। इस शुरुआत के बाद हर मंगलवार को पूरे देश में साइकिलिंग स्पर्धा एक पहल के रूप में जारी रहेगी। राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार को होने वाले कार्यक्रम में आम जनता के अलावा शीर्ष एथलीट, फिटनेस प्रभावित और महत्वपूर्ण हस्तियां राष्ट्रीय स्टेडियम से रायसीना हिल्स तक और वापस तीन किलोमीटर की साइकिलिंग जॉय राइड में हिस्सा लेंगी।

नाम-परिवर्तन

मैं शपथकर्ता बेदूराम सोनकर पिता श्री फागुराम सोनकर (Beduram Sonkar S/o Faguvaram Sonkar) उम्र-48 वर्ष, पता-मकान नं.-56, वार्ड नं.-39, डिपरा पारा, दुर्ग, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) में निम्नलिखित हैं यह कि, मैं उपरोक्त पते पर निवास करता हूँ। यह कि, मेरे आधार कार्ड एवं सभी शासकीय अभिलेखों में मेरा नाम व्यासनारायण सोनकर पिता गोवर्धन सोनकर (Vyasnarain Sonkar S/o Govardhan Sonkar) दर्ज है, किन्तु मेरे शैक्षणिक दस्तावेज में मेरा नाम बेदूराम पिता फागुराम (Beduram S/o Faguvaram) दर्ज है, इसके अतिरिक्त मेरे पुत्र अजय सोनकर एवं ओंकार सोनकर के शैक्षणिक अभिलेखों में पिता के नाम के स्थान पर मेरा नाम बेदूराम सोनकर (Beduram Sonkar) दर्ज है। व्यासनारायण सोनकर पिता गोवर्धन सोनकर (Govardhan Sonkar), बेदुराम पिता फागुराम (Beduram S/o Faguvaram) एवं बेदूराम सोनकर (Beduram Sonkar) तीर्थ एक ही व्यक्ति है अर्थात मेरा ही नाम है और मेरी उक्ति तीन प्रकार की है -पहचाना जाता हूँ, मथुरा में अपने नाम में एकरूपता लाते हुए अपने उन समग्र अभिलेखों में अभिलेख व अर्धशासकीय संयुक्त राष्ट्र के अभिलेखों में अपना नाम परिवर्तन कर, बेदूराम सोनकर पिता फागुराम सोनकर (Beduram Sonkar S/o Faguvaram Sonkar) प्रवेश द्वार चाहता है और नाम परिवर्तन की सूचना राजपत्र में प्रकाशित आरक्षण चाहता है। यह कि, नाम परिवर्तन के समर्थन में यह शपथ-पत्र श्रीमान सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत है।

शपथकर्ता
बेदूराम सोनकर

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम जितेन्द्र कुमार | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202412100400107/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका जितेन्द्र कुमार आ./पति श्री रामकिशन निवासी सेक्टर-5 भिलाई तह. व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम पुरई प.ह.न. 54 तह. व जिला दुर्ग	994/16	0.0096 हें 1039.61 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजन

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 06/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम उषा ठाकुर | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202412100400124/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका उषा ठाकुर आ./पति श्री राजू ठाकुर निवासी बोरगहन तह. अर्जुन्दा द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम उमरपोटी प.ह.न. 52 तह. व जिला दुर्ग	246/7	0.020 हें 2035 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजन

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 06/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग, जिला दुर्ग

।। कार्यालय नगर पालिका निगम, दुर्ग।।

Emailld:-durgmc2019@gmail.com Phone:-0788-232248

-:: मेनुअल निविदा आमंत्रण सूचना ::-

क्र./209/लो.क.वि.अ./2024-25 दिनांक 09.12.2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से लो.नि.वि. में प्रचलित भवन एस.ओ.आर. दिनांक 01.01.2015 एवं विद्युत एस.ओ.आर. दिनांक 01.06.2020 में निविदा दिनांक तक संशोधित दर पर कम/अधिक प्रतिशत दर पर तीन लिफाफा पद्धति के माध्यम से स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक से निम्नांकित निर्माण कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है:-

निविदा प्रपत्र क्रय हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि -16.12.2024
निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि -19.12.2024
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि -24.12.2024
निविदा खोलने की तिथि -24.12.2024 शाम 4.00 बजे

क्र.	कार्य का नाम	लागत
1.	वार्ड क्र. 31 में सरदार पटेल (इंग्लिश मीडियम) स्कूल में मूत्रालय निर्माण कार्य हेतु। (पार्षद निधि 2023-24) एवं 2024-2025 की बचत राशि से)	4.42
2	वार्ड क्र. 25 गायत्री मंदिर वार्ड में नाली एवं सी.सी. रोड निर्माण कार्य हेतु। (पार्षद निधि 2024-25 की राशि से)	3.00
3	वार्ड क्र. 24 आमदी मंदिर में सी.सी. रोड नाली एवं रिपेरिंग कार्य हेतु। (पार्षद निधि 2024-25 की राशि से)	3.00
4	वार्ड क्र. 26 में सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण कार्य हेतु। (पार्षद निधि 2024-25 की राशि से)	3.00
5	वार्ड क्र. 18 में मुक्तिधाम के पास सी.सी. रोड व यादव क्लीनिक के पास नाली पुलिया निर्माण कार्य हेतु।(पार्षद निधि 2023-24 की बचत राशि से)	2.00
6.	वार्ड क्र. 06 ठेठवार पारा, शीतला मंदिर रोड एवं अन्य स्थानों पर चबूतरा निर्माण कार्य हेतु। (पार्षद निधि 2024-25 की राशि)	3.00
7.	वार्ड क्र. 22 में मंच निर्माण कार्य टाईल्स लगाने का कार्य हेतु। (पार्षद निधि 2022-23 की बचत राशि)	2.80
8.	वार्ड क्र. 05 गोवर्धन चौक विभिन्न स्थानों पर नाली व पुलिया निर्माण कार्य हेतु। (पार्षद निधि 2024-25 की राशि से)	1.50
9.	वार्ड क्र. 22 में बॉउण्ड्रीवाल, पेंटिग एवं अन्य संधारण संधारण (पार्षद निधि 2024-2025 की राशि से)	3.00

टीप:-यदि निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन/परिवर्तन किया जाता है, तो विभागीय वेबसाइट www.municipalcorporation durg.in एवं www.uad.cg.gov.in में अपलणेड किया जावेगा। जिसका अवलोकन किया जा सकता है। समाचार पत्रों में इसकी सूचना प्रकाशित नहीं कराया जावेगा।

कार्यपालन अभियंता,
नगर पालिक निगम, दुर्ग

सकारात्मक परिवर्तन लाने होता हैं ऊर्जा का सही दिशा में उपयोग : दीपेश साहू

बेमेतरा/नवप्रदेश। जिला प्रशासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग और नेहरू युवा केन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में स्वामी विवेकानंद स्टेडियम कंतेली में जिला स्तरीय युवा उत्सव का भव्य आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस उत्सव में जिलें के युवाओं ने विभिन्न सांस्कृतिक और खेलकूद की विधाओं में हिस्सा लिया और अपने कौशल का प्रदर्शन किया। समापन कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विधाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले युवाओं के बीच अंतिम प्रतिस्पर्धा का आयोजन हुआ, जिसमें युवाओं ने अपनी प्रतिभा का श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। इस प्रतिस्पर्धा में नृत्य, संगीत, नाटक, चित्रकला, लोकगीत, और पारंपरिक खेलों जैसी विधाओं को प्रमुखता दी गई। बता दें कि जिलें में 9 से 13 तक विकासखंड स्तर मे विभिन्न विधाओं में युवा प्रतिभाओं ने अपना प्रतिभा दिखाया और आज जिला स्तरीय युवा उत्सव के कार्यक्रम मे युवाओं ने अपनी अंतिम प्रतिभा दिखाई। इस दौरान उन्होंने कला, संस्कृति और खेलकूद से संबंधित क्षमताओं का प्रदर्शन किया। जिला स्तरीय युवा उत्सव में विभिन्न प्रतियोगिताएँ आयोजित कि गई जिनमें सामूहिक लोक गीत, सामूहिक लोक नृत्य, व्यक्तिगत लोक गीत व नृत्य, विज्ञान मेला, हस्तशिल्प, टेक्सटाइल, कृषि उत्पाद, कहानी लेखन, कविता, चित्रकला, और तत्कालिक भाषण की प्रतियोगिताएँ शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, रॉक बैंड और मोबाइल फोटोग्राफी की प्रतियोगिता आयोजित करी गई। कार्यक्रम में स्थानीय विधायक दिपेश साहू, कलेक्टर रणबीर शर्मा, एसपी रामकृष्ण साहू, जिला पंचायत सीईओ टेकचंद अग्रवाल सहित समस्त जिला अधिकारी उपस्थित थे।

विधायक दिपेश साहू ने जिला स्तरीय युवा उत्सव के समापन कार्यक्रम में बच्चों और युवाओं का उत्साह बढ़ाया। उन्होंने अपने प्रेरणादायक शब्दों से बच्चों और युवाओं को जोश और आत्मविश्वास दिया। विधायक दीपेश ने कहा कि इस तरह के उत्सव युवा पीढ़ी को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करते हैं और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए उनकी ऊर्जा का सही दिशा में उपयोग होता है। उन्होंने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी बच्चों और युवाओं की सराहना की और कहा कि ये बच्चे न केवल अपनी कला और कौशल से जिले का नाम रोशन कर रहे हैं, बल्कि समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत बन रहे हैं। विधायक ने इस मौके पर बच्चों को और अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित किया, ताकि वे अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकें।उनके उत्साहवर्धक शब्दों से युवाओं में नई ऊर्जा और प्रेरणा का संचार हुआ, जिससे समापन कार्यक्रम का माहौल और भी उत्साही बन गया। कलेक्टर रणबीर शर्मा युथ फेस्टिवल के आयोजन के दौरान अपने स्कूली दिनों को याद करते हुए कहा कि वह भी बचपन में इस तरह के उत्सवों का हिस्सा रहे हैं और ऐसे आयोजनों ने उन्हें अपनी क्षमताओं को पहचानने और व्यक्त करने का अवसर दिया।

युवाओं को प्रशस्ति पत्र-मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया

स्वामी विवेकानंद स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय युवा उत्सव के समापन कार्यक्रम में विभिन्न विधाओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले युवाओं को प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उत्सव के समापन समारोह में सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें उनकी मेहनत और कला के प्रति समर्पण के लिए दिया गया, ताकि वे प्रेरित हों और अपनी प्रतिभा को और अधिक निखार सकें। इस सम्मान समारोह में प्रमुख अतिथियों ने विजेताओं को शुभकामनाएं दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

न्यूज गैलरी

गायत्री महायज्ञ में शामिल हुई जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू

राजनांदगांव/नवप्रदेश। अंबागढ़ चौकी नगर में चल रहे 24 कुंडीय राष्ट्र जागरण गायत्री महायज्ञ मे आज राजनांदगांव जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू जी पहुंच कर पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिए। यज्ञ हवन में शामिल होकर क्षेत्रवासियों की सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की है और इस पुण्य कार्य के लिए गायत्री परिवार एवं नगर वासियों को बहुत-बहुत हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दिए। श्रीमती साहू ने कहा कि इस तरह के आयोजन होने से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और कार्यक्रमों के माध्यम से अध्यात्म संस्कृति और जन चेतना को बढ़ावा देने का प्रयास गायत्री परिवार द्वारा किया जा रहा है जो की अनुकरणीय है।

शासकीय पॉलिटेक्निक में हुआ वाद विवाद और रंगोली प्रतियोगिता

भाटापारा/नवप्रदेश। संस्था में छत्तीसगढ़ सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में ÷छत्तीसगढ़ सरकार गठन के एक वर्ष की योजनाओं÷ पर रंगोली एवं ÷छत्तीसगढ़ शासन के सरकार गठन के एक वर्ष का सुशासन÷ विषय पर संगोष्ठी, भाषण एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन संस्था की सांस्कृतिक क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सम्पन्न किया गया 7

उक्त कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य डॉ. आई.सी.भारती, सांस्कृतिक प्रभारी श्रीमतीआम्रपाली धमगया, एन एस एस प्रभारी रोशन लाल कैवर्त एवं संस्था के सभी व्याख्याता उपस्थित रहे 7

आपने मुझे चुनकर अपना कार्य किया अब कार्य की बारी मेरी : दीपेश साहू

बेमेतरा/नवप्रदेशे। बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम गोड़गीरी में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण कार्यक्रम रखा गया था, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप बेमेतरा विधायक दीपेश साहू शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुवात छत्तीसगढ़ महतारी की छाया चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर किया गया। तत्पश्चात अतिथियों का श्रीफल साल भेटकर स्वागत अभिनंदन किया गया। इस दौरान विभिन्न विकास कार्य का लोकार्पण विधायक दीपेश साहू द्वारा किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत गोड़गीरी में विधायक निधि द्वारा सांस्कृतिक मंच 2 लाख 30 हजार रूपये, परिक्षेत्रीय साहू समाज के लिए सामाजिक भवन 6 लाख 50 हजार रूपये के विकास कार्यों का लोकार्पण विधायक दीपेश साहू ने फीता काटकर किया। इस दौरान विधायक दीपेश साहू ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधानसभा और लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को जीत दिलाने के लिए सर्वप्रथम ग्रामवासियों का आभार व धन्यवाद प्रकट किये। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप सभी लोगों ने आशीर्वाद देकर मुझे क्षेत्र के जनप्रतिनिधि विधायक के रूप मे चुने हैं तो अब आगे मेरी जिम्मेदारी हैं, आप लोगों की पांच साल सेवा करना, आप लोग जैसे विकास चाहेंगे, हम सब मिलकर गांव क्षेत्र और पुरे विधानसभा का हर गांव गली मोहल्ला में विकास करेंगे। इस अवसर पर यशवंत वर्मा, भुनेश्वरी वर्मा जिला पंचायत सदस्य, पोषण वर्मा, त्रिलोचन वर्मा, चंद्रकांत परगनिया, द्रोपती साहू सरपंच, मन्नू निषाद सरपंच, जोहतरीन सरपंच, अलख नायक, उमाकांत वर्मा, अलख राम पाटिल, पुरुषोत्तम साहू, भोजेन्द्र वर्मा, नरेंद्र परगनिया, नेमसिँह साहू, राम भगत साहू, मानसिँह साहू, जीवन साहू, पुरुषोत्तम यादव सहित ग्रामवासी, क्षेत्रवासी, भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्त्ता उपस्थित रहें।

विधायक दीपेश साहू ने सुशासन दिवस की शपथ दिलाई

बेमेतरा/नवप्रदेश। राज्य सरकार के एक साल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिलें में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लोगों को योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी दी जा रही है। इसी क्रम में आज जिला मुख्यालय में एक भव्य सायकल रैली का आयोजन किया गया। सायकल रैली का मुख्य उद्देश्य सरकार की एक साल की उपलब्धियों को आम जनता तक पहुंचाना था। रैली में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया, जिसमें जनप्रतिनिधि, जिला प्रशासन के अधिकारी, स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थी और स्थानीय नागरिक शामिल हुए।

सायबर ठग नाईजीरियन को राजनांदगांव पुलिस ने दिल्ली से किया गिरफ्तार

युवती से किया था 16 लाख रुपए की आनलाइन ठगी

राजनांदगांव/नवप्रदेश। प्रार्थिया ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि अज्ञात आरोपी द्वारा shadi.com की प्रोफाईल आईडी आलोक देशपांडे के नाम से प्रार्थिया से विवाह के संबंध मे बात कर स्वयं को यूनाईटेड किंगडम मे कार्यरत होना बताया एवं जल्द ही भारत वापस लौटकर प्रार्थिया से शादी कर घर बसाने की बात कहीं गयी। उसी दौरान दिनांक 11.07.2024 को प्रार्थिया के पास एक अनजान महिला के द्वारा फोन कर बताया कि आलोक देशपांडे भारत में दिल्ली एयर पोर्ट में विदेशी मुद्रा के साथ आये हैं, उस मुद्रा को भारतीय मुद्रा मे एक्सचेंज करने के लिये प्रक्रिया के तहत फीस जमा करनी होगी, उसी दौरान अज्ञात आरोपी आलोक देशपांडे ने भी प्रार्थिया को कॉल कर बोला कि पैसों की अर्जेन्ट जरूरत है साथ ही लगातार इमोशनल ब्लेकमेलिंग कर विभिन्न बैंक खातों में कई किस्तो मे कुल 15,72,000/- रूपये प्रार्थीया से डलवा कर ठगी कर लिया हैं साथ ही घटना मे प्रयुक्त सभी मोबाइल को बंद कर दिया गया है। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर थाना डोंगरगांव में अपराध क्रमांक 189/2024 धारा 318 (4) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया था, विवेचना के दौरान सायबर सेल राजनांदगांव के माध्यम से उक्त shadi.com की प्रोफाईल आईडी, मोबाईल धारक का पतासाजी किया गया एवं उपयोग किये गये shadi.com के आईडी के संबंध में तकनीकी सहायता के माध्यम से आरोपी का पतासाजी किया गया। उक्त मोबाईल धारक का लोकेशन दिल्ली तिलक नगर होना पाया गया और घटना के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक राजनादगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में एसडीओपी डोंगरगांव श्री दिलीप सिंह सिसोदिया के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी डोंगरगांव निरीक्षक श्री उपेन्द्र कुमार शाह एवं सायबर प्रभारी निरीक्षक श्री विनय पम्मार के नेतृत्व में थाना डोंगरगाव व साइबर सेल की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर दिल्ली के तिलकनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत चौखण्डी संतनगर एक्सटेंशन पर आरोपी के ठिकाने पर रेड कार्यवही किया गया जहाँ आरोपी किराये के मकान मे रह रहा था। आरोपी जानसन सेमुअल पिता सेमुअल, उम्र- 40 साल, वर्तमान निवासी डब्ल्यू.जेड.जी.-81 संत नगर एक्सटेंशन, शाहपुरा, थाना तिलक नगर, नई दिल्ली, स्थायी पता- N-18 Ejigbo State lagos, Country – Nigeria (जो दिल्ली आने से पूर्व नाईजीरिया में निवासरत था) को हिरासत मे लेकर पूछताछ किया गया एवं गवाहों के समक्ष धारा- 23(2) भारतीय साक्ष्य अधिनियम के तहत मेमोरण्डम कथन लिया गया जिन्होने अपने कथन मे अपराध घटित करते हुये ठगी में उपयोग किये गये 01 नग लैपटाप एवं 04 नग मोबाईल पेश किया, जिसे समक्ष गवाहों के जप्त किया गया एवं आरोपी के द्वारा दिल्ली में रह कर अपने एक अन्य भारतीय महिला सहयोगी के द्वारा ठगी करना बताया जो कि उक्त आरोपी को ठगी करने हेतु कई फर्जी बैंक खाता तथा सीम उपलब्ध कराती थी, उसके एवज में 50 प्रतिशत कमीशन लेती थी साथ ही साथ ठगी का पैसा खातों में आने पर ए.टी.एम. से निकासी कर प्रदाय करती थी।

तकनीकी सहायता से पतासाजी किया गया

विवेचना के दौरान सायबर सेल राजनांदगांव के माध्यम से उक्त shadi.com की प्रोफाईल आईडी, मोबाईल धारक का पतासाजी किया गया एवं उपयोग किये गये shadi.co के आईडी के संबंध में तकनीकी सहायता के माध्यम से आरोपी का पतासाजी किया गया। उक्त मोबाईल धारक का लोकेशन दिल्ली तिलक नगर होना पाया गया और घटना के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक राजनादगांव मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में एसडीओपी डोंगरगांव दिलीप सिंह सिसोदिया के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी डोंगरगांव निरीक्षक उपेन्द्र कुमार शाह एवं सायबर प्रभारी निरीक्षक विनय पम्मार के नेतृत्व में थाना डोंगरगाव व साइबर सेल की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर दिल्ली के तिलकनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत चौखण्डी संतनगर एक्सटेंशन पर आरोपी के ठिकाने पर रेड कार्यवही किया गया जहाँ आरोपी किराये के मकान मे रह रहा था।

छुरिया नगर में पहली बार ब्राह्मण सम्मेलन

समाज के उत्थान में युवाओं की भागीदारी जरूरी है : ललित मिश्रा, विक्रांत शर्मा

धमतरी/नवप्रदेश। छुरिया जिला राजनांदगांव जनपद पंचायत के सामुदायिक भवन में सर्व ब्राह्मण सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमें सर्व ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा राष्ट्रीय महासचिव सर्व ब्राह्मण समाज शशिकांत तिवारी,प्रदेशाध्यक्ष ब्राह्मण युवा मंच विक्रांत शर्मा, राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं सोशल मीडिया प्रभारी पीयूष पाण्डेय,प्रदेश संगठन सचिव सुभाष शर्मा,सुमित शर्मा,मौलेश तिवारी पोषण शुक्ला, धमतरी से प्रदेश सचिव सुभाष शर्मा लव मिश्रा , श्रीमती कनक दत्ता दुबे , श्रीमती विजेता शर्मा , श्रीमती अर्चना बाजपेयी , विनोद तिवारी ,गोपाल तिवारी ,दौवा प्रसाद तिवारी , रुखम प्रसाद दुबे , श्रीमती पूनम सुरेश शर्मा, पवन तिवारी ,लखन प्रसाद मिश्रा , मिथलेश दुबे आदि अतिथियों का सम्मेलन में आगमन हुआ। राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा ने शनैश्चर धाम एंव मां दन्तेश्वरी मंदिर में विधि विधान से वैदिक पंडितों द्वारा मंत्रों के साथ पूजन अर्चना पश्चात बाजेगाजे के साथ ब्राह्मण समाज ने अतिथियों को कार्यक्रम स्थल तक भव्य स्वागत के साथ लाया गया, कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान परशुराम जी के तैल चित्र में पूजा-अर्चना माल्यार्पण दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया पश्चात अतिथियों का स्वागत सत्कार किया गया , छुरिया ब्लाक सर्व ब्राह्मण समाज अध्यक्ष टीकम प्रसाद पांडेय ने अतिथियों स्वागत किया पांडेय ने सर्व ब्राह्मण समाज के गठन समाज के उत्थान में किये कार्य विवरण प्रस्तुत किया ,प्रकाश शर्मा जी द्वारा ओजस्वी संबोधन देते हुए समाज को एकसूत्र में पिरोना समाज को संगठित करना समाज द्वारा किए जा रहे रचनात्मक कार्य की जानकारी दी।

मुख्यमंत्र-उपमुख्यमंत्री के नेतृत्व में विकास कार्यों को प्रदर्शित करेगी

विकास की ओर बढ़ता कवर्धा: हाट-बाजार जन चौपालों में जनसंपर्क के लिए विकास रथ रवाना

कवर्धा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार के ÷सुशासन का एक सालः छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल÷ अभियान के तहत कवर्धा जिले में विकास रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय और उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा के नेतृत्व में यह रथ विकास और जनकल्याण का संदेश लेकर हाट-बाजार जनचौपालों के माध्यम से जनसंपर्क और संवाद स्थापित करेगा।

उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक कार्यालय से रवाना हुए इस विकास रथ में एलईडी स्क्रीन लगाई गई है, जो मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री के नेतृत्व में कवर्धा विधानसभा क्षेत्र में हुए विकास कार्यो को प्रदर्शित करेगी। इसके माध्यम से जनता को विभिन्न योजनाओं और उनकी सफलता की जानकारी दी जाएगी।

ग्रामीण क्षेत्रों में जनचौपालों का आयोजन

विकास रथ का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर हाट-बाजार जनचौपालों के माध्यम से शासन की योजनाओं और उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाना है। इसके तहत ग्रामीणों को प्रधानमंत्री आवास योजना, तेंदूपत्ता संग्रहण, मुख्यमंत्री महतारी वंदना योजना समेत अन्य योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।

कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य श्री रामकुमार भट्ट, संतोष पटेल, कैलाश चंद्रवंशी, मनीराम साहू, नरेंद्र मानिकपुरी, ईश्वरी धुर्वे, गोरवर्धन साहू, नीतीश चंद्रवंशी, बिहारी धुर्वे और उपमुख्यमंत्री कार्यालय के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

घासीदास जयंती पर सतनामी समाज का विविध कार्यक्रम

- पूर्व सांसद अभिषेक सिंह होंगे मुख्य अतिथि

राजनांदगांव/नवप्रदेश। महान संत शिरोमणि गुरु घासीदास जी की जयंती पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन जिला सतनामी सेवा समितिप . क्र. 5041 द्वारा किया जा रहा है घासीदास की जयंती के अवसर पर ग्रामीण क्षेत्र से लेकर शहरी क्षेत्र में भी समाज द्वारा कार्यक्रम में आने का आहवान किए हैं। शिरोमणी परम् पूज्य बाबा गुरु घासीदास जयंती 268 वीं मनाया जाएगा जिसमें दिनांक 15-17-18 दिसम्बर 2024 प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी जिला सतनामी सेवा समिति, पंजी. क्र. 5041 राजनांदगांव के तत्वधान में 18 दिसम्बर 268 वीं शिरोमणी परम् पूज्य बाबा गुरु घासीदास जयंती के पावन पर्व पर 3 दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। गुरु घासीदास मनखे-मनखे एक समान के मानव कल्याण व समता समरसता बंधुत्व के उद्देश को अंगीकार करता है। कार्यक्रम दिनांक 18 दिसम्बर 2024 बुधवार, समय दोपहर 12 बजे जैतखाम में ध्वजारोहण (समाज के प्रमुख व्यक्तियों द्वारा) सतनाम भवन, जी.ई. रोड, राजनांदगांव कार्यक्रम दिनांक 15 दिसम्बर 2024 रविवार, समय दोपहर 12 बजे भव्य बाईक रैली स्थान सतनाम भवन, राजनांदगांव (छ.ग.) से दिनांक 17 दिसम्बर 2024 मंगलवार, समय दोपहर 12 बजे विशाल शोभायात्रा (रैली) रात्रि में जिला स्तरीय पंथी प्रतियोगिता एवं मंचस्थ कार्यक्रम में अतिथिगण मुख्य अतिथि अभिषेक सिंह, पूर्व सांसद राज. अध्यक्षता श्रीमती हर्षिता स्वामी विधायक, विशिष्ट अतिथि मधुसुदन यादव पूर्व सांसद व पूर्व महापौर, विशिष्ट अतिथि धनेश पाटिला जी पूर्व विधायक चेतन चन्देल (समाजसेवी) उपस्थित रहेंगे।

महतारी वंदन की राशि से भुनेश्वरी साहू कर रही रसोई गैस और राशन की पूर्ति

बिलाईगढ/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य में चल रहे सुशासन अंतर्गत जिले के नगर पंचायत पवनी की भुनेश्वरी साहू की जिंदगी में महतारी वंदन योजना ने बड़ी राहत दी है। भुनेश्वरी साहू जो एक साधारण गृहिणी हैं। अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियों को पूरा करने में कई चुनौतियों का सामना कर रही थीं लेकिन अब इस योजना के तहत मिलने वाली 1000 रुपये की राशि ने उनके जीवन को सरल बना दिया है।

हर महीने मिलने वाले 1000 रुपये की मदद से भुनेश्वरी साहू अब अपने घर का खर्च आसानी से चला पा रही हैं। इस राशि का उपयोग वे एलपीजी गैस सिलेंडर भरवाने और राशन के लिए करती हैं। पहले जहां ईंधन की कमी और रसोई की जरूरतों को पूरा करना मुश्किल होता था, तब पति या पुत्र के आय पर निर्भर रहना पड़ता था। अब महतारी वंदन राशि की सहायता उनके लिए मददगार है। भुनेश्वरी साहू का कहना है कि इस योजना ने न केवल उनके परिवार की आर्थिक तंगी को कम किया है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनने का भी अवसर दिया है। अब वे अपनी दैनिक जरूरतें पूरी कर पा रही हैं, जिससे उनके परिवार को एक स्थिर जीवन मिला है। हितग्राही भुनेश्वरी साहू ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि महतारी वंदन योजना से मुझे और मेरे परिवार को बड़ी मदद मिली है। अब मैं अपने बच्चों और घर की जरूरतों को बिना किसी परेशानी के पूरा करती हूं। इसके लिए मैं मुख्यमंत्री साय जी का धन्यवाद करती हूं। भुनेश्वरी साहू जैसे असंख्य जरूरतमंद ग्रामीण और शहरी महिलाओं के घरेलू खर्च में महतारी वंदन की राशि सहयोग कर रही है।

भाव के भूखे है भगवान... तृतीय दिवस पर बराह चरित्र , सती प्रसंग और ध्रुव चरित्र की कथा

जो भाव से भजता है उनका तो भव से बेड़ा पार हो जाता है

गरियाबंद/नवप्रदेश। गरियाबंद के हृदय स्थल गांधी मैदान में अपने पितरों के मोक्षार्थ मनकुपिया परिवार द्वारा आयोजित भगवत कथा के तृतीय दिवस पर बराह चरित्र , सती प्रसंग और ध्रुव चरित्र की कथा निकुंज आश्रम से आए नारायण जी महराज द्वारा गया गया ।

उन्होंने बताया कि *जीवन में व्यक्ति सत्संग तो बाद में करता है पहले संत का संग करता है* और संत के संग के माध्यम से ही सत्संग किया जाता है , सत्संग करने की पद्धति बताते हुए उन्होंने बताया कि *सत्संग करने के लिए तीन कार्य आवश्यक है सर्वप्रथम मन का शुद्ध होना , दूसरा दृष्टि की पवित्रता को और तीसरा आसन की पवित्रता होनी चाहिए। संत का कोई वेश नहीं होता संत का तो परिवेश होता है , संत का चित्त नहीं होता संतो का चरित्र होता है वैसे ही भक्त का भी भाव और स्वभाव ही होता है भक्त का भी कोई वेश नहीं होता । भगवान से मिलने का अगर स्वभाव हो गया तो सुख ढूंढने की जरूरत नहीं है वो खुद ब खुद जीवन में प्रवेश करने लगेगा , *जिस व्यक्ति के प्रतिदिन मंदिर जाने के स्वभाव होता है वह व्यक्ति अनर्गल विचारों से दूर हो जाता है ।हजारों हजार की संख्या में मौजूद भक्तों से नारायण जी महराज ने कहा कि *भगवान कभी नहीं बदलते , संत कभी नहीं बदलते , गुरु कभी नहीं बदलते हमारी दृष्टि बदल जाती है , हमारा समर्पण बदल जाता है , हमारे भाव बदल जाते हैं , हमारी श्रद्धा बदल जाती है।लेकिन सच्चे भक्त के जीवन की दशा यही होती है कि भक्त के जीवन में अभाव भी आए तो गोविंद की कृपा समझ के स्वीकार कर लेता है ।

सुशासन से सफर का सराबोर रहा मुख्यमंत्री साय का एक वर्षीय कार्यकाल : विजय मोटवानी

धमतरी/नवप्रदेश। प्रदेश की आम जनता का सेवा के संकल्प के साथ 1 वर्ष पूर्व राज्य में भारतीय जनता पार्टी की सरकार को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश मे सरकार सत्तारूढ़ हुई थी जिसके कार्यकाल पर प्रतिक्रिया देते हुए युवा मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं आमापारा वार्ड के पार्षद विजय मोटवानी ने कहा है कि सेवा संकल्प तथा समाधान भाजपा का मूल मंत्र है जिस पर आगे बढ़ते हुए भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश सरकार ने किसान, युवा, महिला, बेरोजगार, गरीब सहित समाज के सर्वांगीण वर्ग की जीवन स्तर को ऊपर उठने के लिए अनेक योजनाएं बनाकर धरातल पर उतार कर फलीभूत करने का कार्य की है प्रधानमंत्री आवास लोगों के सर के ऊपर छत की परिकल्पना को साकार करती है तो कृषि को समृद्ध करने के लिए रमन सिंह के नेतृत्व वाली सरकार के 0त्न ब्याज के अवधारणा को आगे बढ़कर?31 प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी करते हुए किसानों के जीवन को समृद्ध साली व खुशहाल बनाने के लिए एक कदम आगे बढ़ी है ।

4 लाख 9137 छात्रों का बनना हैं कार्ड, डीईओ ने विकासखण्ड प्राचार्यों को भेजा नोटिस

अपार आईडी बनाने में बिलासपुर पीछे, शिक्षा संचालक की फटकार के बाद जागे अधिकारी

■ 1.25 लाख छात्र-छात्राओं का ही बना कार्ड

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले में अब तक 1 लाख 25 हज़ार छात्रों का अपार आईडी कार्ड बन गया है। स्कूल शिक्षा विभाग के अनुसार 40 प्रतिशत काम हो चुका है, आने वाले दिनों में सभी बच्चों का अपार आईडी कार्ड बन जाएगा।जिले में अपार आईडी बनाने का काम बेहद धीमा चल रहा है, जिसके कारण बिलासपुर 28वें नंबर पर पहुंच गया है। डीईओ ने ब्लॉक अफसरों को नोटिस जारी कर यूडीआईएस और छात्रों का प्रोफाइल जल्द पूरा करने की चेतावनी दी है।

जिले में कुल 4 लाख छात्रों में से अब तक सिर्फ 1लाख25 हजार का ही अपार आईडी बन पाया है। इसे लेकर तीन दिन पहले ही एक वीडियो क्रांफ्रेंसिंग हुई थी। जिसमें बिलासपुर में अपार आईडी की धीमी गति को लेकर प्रबंध संचालक ने डीईओ को फटकार तक लगाई जिसके बाद डीईओ ने बिल्हा, तखतपुर, मस्तूरी और कोटा के ब्लॉक शिक्षा अधिकारी के साथ ही प्राचार्यों को नोटिस जारी करते हुए समय पर अपार आईडी के लिए जरूरी दस्तावेज और यूडीआईएस कोड के साथ ही छात्रों के प्रोफाइल अपडेट करने के लिए कहा है। अपार आईडी बनाने में अभी कोरबा जिला प्रदेश में टॉप पर है। यहां 2503 स्कूलों के 256242 छात्रों में से 179948 यानी 70.23 प्रतिशत छात्रों का आईडी जनरेट हो चुका है। जबकि बिलासपुर 28वें नंबर पर है। यहां 2540 स्कूलों के 409137 छात्रों में से अब तक केवल1लाख25 हजार यानी 40 प्रतिशत छात्रों का ही अपार आईडी बन पाया है। जबकि काम शुरू हुए दो माह बीत चुके हैं।जिला शिक्षा अधिकारी टीआर साहू ने सभी शासकीय विद्यालयों को निर्देशित किया है कि वे अपने विद्यालयों के सभी विद्यार्थियों का अपार आईडी अविलंब जनरेट करें। अपार आईडी जनरेट करने से पहले यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी छात्रों की जानकारी यूडीआईएस प्लस पोर्टल पर अपडेट हो। यदि किसी छात्र का डेटा पोर्टल में नहीं है, तो उसकी एंट्री तुरंत पूरी कराएं, अन्यथा अपार आईडी नहीं बन पाएगा। इस मामले में विद्यालय प्रमुख की जिम्मेदारी होगी और किसी भी लापरवाही पर उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

तकनीकी समस्या पर बीआरसी ऑपरेटर से करें संपर्क

जिले के शासकीय हाई/हायर सेकेंडरी विद्यालयों को सत्र 2024-25 के लिए यूडीआईएस प्लस पोर्टल पर विद्यार्थियों का प्रोफाइल प्रविष्ट करने और अपार आईडी जनरेट करने के लिए तत्काल निर्देश दिए गए हैं। जिला शिक्षा अधिकारी ने पत्र में स्पष्ट कहा है कि इस कार्य में भारी देरी हो रही है, जबकि पहले ही निर्देश दिए गए थे। प्रबंध संचालक ने 9 दिसंबर को हुए बैठक में असंतोष व्यक्त किया था। ऐसे में सभी काम पूरा करें। उन्होंने यह भी कहा है कि पोर्टल से संबंधित किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या होने पर अपने संबंधित विकासखंड बीआरसी के ऑपरेटर से संपर्क कर सकते हैं। ताकि काम जल्द से जल्द पूरा हो सके।

40 प्रतिशत काम पूरा, प्राचार्यो को दिए हैं नोटिस

जिले में अपार आईडी का काम लगभग 40 प्रतिशत पूरा हो चुका है बहुत ही जल्द लक्ष्य को पूरा कर लिया जाएगा। सभी स्कूलों के प्राचार्यो को ऑनलाइन बैठक लेकर काम में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं। जिन स्कूलों में काम धीमा हो रहा है उनको नोटिस भी भेजा गया है। अपार आईडी के काम में पहले की अपेक्षा तेजी आई है।

टी.आर. साहू
जिला शिक्षा अधिकारी

■ न्यूज गैलरी

हाईकोर्ट में स्टॉफ कार ड्राइवर के 17 पदों पर भर्ती

बिलासपुर/नवप्रदेश। हाईकोर्ट में स्टॉफ कार ड्राइवर के रिक्त 17 पदों में भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया है। 17 जनवरी शाम 5 बजे तक आवेदन स्वीकार किया जाएगा। इनमें तीन पद महिलाओं के लिए आरक्षित रखा गया है। रजिस्टार जनरल के विनोद कुजूर द्वारा जारी विज्ञापन के अनुसार 9 पद अनारक्षित वर्ग के लिए है, इसमें 3 पद महिला व 1 पद बेकलॉग है। अजा 3 अजजा 3 एवं 2 पद अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए है। कुल पद में 1 पद दिव्यांग के लिए रखा गया है। शैक्षणिक योग्यता- किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10 वी उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। वैध ट्रांसपोर्ट कर्मशियल ड्राइविंग लाइसेंस, समस्त प्रकार के वाहन चलाने का अनुभव होना अनिवार्य है। कुशल व दक्ष मैकेनिक को प्राथमिकता दी जाएगी। भारतीय नागरिकों के लिये आयु 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण हो परन्तु 30 वर्ष से अधिक न हो, छत्तीसगढ़ के मूल निवासियों के लिये आयु सीमा अधिकतम 40 वर्ष होगी। अजा, अजजा वर्ग व अन्य पिछड़ा 5 वर्ष छूट के पात्र होंगे। छत्तीसगढ़ के मूल निवासी महिला उम्मीदवार को आयु सीमा में 10 वर्ष की छूट दी गई है, परन्तु किसी भी स्थिति में आयु 45 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए।

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के अधिकारी कुंभकरणीय नींद में

हाउसिंग बोर्ड की जमीनों पर बिल्डरों का कब्जा, कई भवनें खंडहरों में तब्दील

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के द्वारा शहर और शहर से लगे आसपास के क्षेत्र में जितने भी कालोनियां मकान बनाई गई है उसकी स्थिति जर्जर है और खंडहर नुमा हाल में दिख रही है। छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के द्वारा शहर के मंगला में दीनदयाल कॉलोनी में 2000 से अधिक मकान बनाए गए हैं उसके अलावा बिरकोना धानमंडी का निर्माण भी हाउसिंग बोर्ड के द्वारा किया गया है। चिल्हाटी और पुराना बस स्टैंड में भी बने भवन खंडहर में तब्दील होते नजर आ रहे हैं। इस ओर हाउसिंग बोर्ड के अधिकारियों का ध्यान नहीं जा रहा है। छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के द्वारा शहर में कई प्रोजेक्ट जिसमें कॉलोनी और आवास बनाए गए थे बहुत से प्रोजेक्ट फेल हो गए, जो खाली पड़े हुए हैं कई लोगों ने मकान ही छोड़ दिया कही और शिफ्ट हो गए। वहीं शहर में एक दो ही प्रोजेक्ट हाउसिंग बोर्ड के सफल माने जाते हैं। जिले में करोड़ों की लागत की परी संपत्तियां खंडहर के रूप में तब्दील होते जा रही है ।

हाउसिंग बोर्ड के अधिकारियों को कई बार शिकायत रहवासियों ने की उसके बाद भी उसका निराकरण नहीं किया गया है । मंगला स्थित दीनदयाल कॉलोनी में हाउसिंग बोर्ड की जमीन पर बिल्डरों ने कब्जा कर रखा है चारों ओर घेरा लगाकर और दीनदयाल कॉलोनी में चेंबर को तोड़ कर आम रास्ता भू माफिया के द्वारा बिल्डरों के द्वारा किया गया है। मगर इस ओर हाउसिंग बोर्ड के अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं । रहवासियों ने पहले भी कई बार शिकायत किया है उसके बाद उनके समस्याओं का निराकरण नहीं हो पाया है दीनदयाल कॉलोनी में हाउसिंग बोर्ड की जमीन में अवैध कब्जे को लेकर कई बार शिकायत की बात कही गई मगर अब तक हाउसिंग बोर्ड के तरफ से नाप जोख नहीं की गई इसका फायदा उठाकर बिल्डर कब्जा कर रहे हैं। गौरतलब है कि सन 2005 में वर्तमान मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने मंगला दीनदयाल कॉलोनी का भूमि पूजन किया था। जहां पर 2000 से अधिक मकान बनाए गए जिन्हें हाउसिंग बोर्ड के द्वारा बेचा गया है कई मकानों पर हजारों परिवार निवासरत है।

> छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के अभी भविष्य में कोई नई प्रोजेक्ट फिलहाल नहीं है और बाकी जानकारी मैं आपको दो दिन के बाद ही दे पाऊंगा क्योंकि अभी काम की व्यस्तता है।
>
> **एस.के. सोम**
> संपदा अधिकारी छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल

गुमटी वालों ने स्थाई व सुविधायुक्त जगह मांगी

■ अखबार वितरक संघ ने जोन कमिश्नर को सौंपा ज्ञापन

बिलासपुर/नवप्रदेश। आज प्रेस अभिकर्ता संघ के सभी अखबार वितरक साथी 16 वर्षों पूर्व अमर अग्रवाल विधायक बिलासपुर से प्रदत्त ईदगाह चौक की गुमटियों को नगर निगम द्वारा हटा कर अन्यत्र जगह ले जाने के संबंध में उप मुख्यमंत्री अरुण साव के नाम से जोन कमिश्नर क्रमांक 05 को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया कि प्रेस अभिकर्ता संघ के अखबार वितरक साथियों को स्वावलंबन बनाने हेतु वर्ष 2008 में 21 गुमटी ईदगाह चौक एवं 29 गुमटी जरहाभाठा छात्रावास के सामने कुल 50 गुमटी नगर निगम के माध्यम से प्रदत्त किया गया था। इतने लंबे समय बाद अब इन गुमटियों को नगर निगम के द्वारा ही अन्यत्र जगह शिफ्ट किया जा रहा है। प्रेस अभिकर्ता संघ के अखबार वितरक साथियों ने अपनी बात रखते हुए कहा है कि गुमटी हटाने में हमे कोई आपत्ति नही है बशर्ते निगम हमारे लिए उचित, स्थाई एवं मूलभूत सुविधाओं सहित जगह उपलब्ध करे, जिससे कि हम सभी प्रेस अभिकर्ता संघ के अखबार वितरक साथी अपने और अपने परिवार का भरण पोषण कर सके।

पार्टी मापदंड में आने वाले पदाधिकारी ही चुनाव में मत देंगे

■ मण्डल अध्यक्ष निर्वाचन प्रक्रिया की जिला कार्यालय में समीक्षा

बिलासपुर/नवप्रदेश। भाजपा के जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग सिंहदेव ने आज जिला भाजपा कार्यालय में मण्डल के चुनाव प्रभारियों की बैठक लेकर चुनाव प्रक्रिया की समीक्षा की बिलासपुर जिला में 10,11 और 12 दिसम्बर को जिले की सभी 29 मंडलों में मण्डल अध्यक्षों के निर्वाचन की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद आज ही चुनाव प्रभारी और चुनाव सहयोगियो को बुला कर प्राप्त नामों पर बिन्दुवार समीक्षा कर ली गई। मण्डल अध्यक्षों के निर्वाचन प्रक्रिया में इस बार काफ़ी बदलाव किए गए हैं जिसके लिए चुनाव प्रभारी और सहयोगियों की नियुक्ति के साथ तय मापदंडों के अधीन आने वाले पदाधिकारी ही चुनाव में अपना मत दे सकेंगे इसके पश्चात उन नामों की जिला स्क्रीनिंग कमेटी से गुजरने के बाद ही अंतिम मुहर लगाई जाएगी। चुनाव में उम्मीदवार के जातिगत समीकरण के साथ यह भी ध्यान में रखा गया कि किसी भी प्रकार से उम्मीदवार का उम्र 45 वर्ष से अधिक ना हो इसके अलाव अभ्यर्थी पूर्व में मण्डल स्तर पर किसी न किसी महत्वपूर्ण दायित्व का निर्वहन कर लिया गया हो। बैठक में अनुराग सिंह देव बिलासपुर संभाग प्रभारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, रामदेव कुमावत जिलाध्यक्ष भाजपा, इन्द्रजीत सिंह गोल्डी जिला सहप्रभारी, कृष्णकुमार कौशिक जिला निर्वाचन सहअधिकारी, जयश्री चौकसे, जिला निर्वाचन सहअधिकारी, मंडल चुनाव अधिकारी विनोद सोनी, राजेश मिश्रा, प्रवीर सेन गुप्ता, रमेश लालवानी, विजय सिंह, बृजभषण वर्मा, संतोष वर्मा, जनकराम देवांगन, तिलकराम साहू, शंकरदयाल शुक्ला, राजेश तम्बोली, दिनेश सिंह राजपूत, अश्वनी शर्मा, नैनलाल साहू, डॉ.सुनील जायसवाल, रामलाल साहू, मोहनलाल श्रीवास, घनश्याम रात्रे, एस.कुमार मनहर, यदुराम साहू, बी.पी. सिंह, दिलेन्द्र कौशिल, संतोष मिश्रा उपस्थित रहे।

जिला कोर कमेटी लगाएगी अंतिम मुहर

भारतीय जनता पार्टी के संगठन महापर्व में बूथ कमेटियों के गठन के बाद अब प्रत्येक मंडलों के लिए अध्यक्षों का चुनाव प्रक्रियाधीन है इसके लिए पार्टी द्वारा जिला और मण्डल स्तर पर बाकायदा चुनाव प्रभारियों और चुनाव सहयोगियों की नियुक्ति कर मंडलों में चुनाव प्रणाली को पूरा कराया गया अब जो नाम प्राप्त हुए हैं उन नामों पर अलग अलग स्तर पर समीक्षा की जाएगी और जिला कोर कमेटी अंतिम मुहर लगने पश्चात नामों की घोषणा कर दी जाएगी।

आर्मी में चयन होने पर रितिक प्रीतम, वेदांत का सम्मान

बिलासपुर/नवप्रदेश। रितिक राजपूत, प्रीतम कश्यप, वेदांत कौशिक साइंस कॉलेज मैदान में एक्सरसाइज और प्रेक्टिस करते थे। तीनों का आर्मी में सलेक्शन होने पर साथ में एक्सरसाइज करने वाले साथियों के द्वारा मेडल, माला एवं उपहार देकर तीनों का सम्मान किया गया। रवीना प्रजापति एवं साहिल मलिक ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस कार्यक्रम में सिकंदर रजक, मिथिला ध्रुव, प्रकाश ध्रुव,सादिक सिद्दिकी, भूमिका मधुकर, ममता पटेल, दिनेश तिवारी आदि उपस्थित थे।

देश की एकता व अखंडता के लिए निरंतर काम करने की जरुरत: परते

■ पत्थरखान में वीर नारायण सिंह का बलिदान दिवस मनाया गया

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिल्हा पत्थरखान में वीर नारायण सिंह का बलिदान दिवस आदिवासी समाज ने अपने लोकपरम्परिक रीतिरिवाज के साथ मनाया। सर्व आदिवासी समाज बिल्हा के तत्वाधान में अमर शहीद वीर नारायण सिंह की शहादत दिवस मनाया गया। जहाँ सुबह रैली पूरे बिल्हा में भ्रमण करते हुवे मंचीय कार्यक्रम हुवा। जहां देव पूजन के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम हुवे। मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष युवा प्रभाग सुभाष परते रहे उन्होंने कहा हमें अपने वीर शहीदों से सीख लेने की आवश्यकता है, और इस देश के एकता एवं अखंडता को बरकरार रखने के लिए निरंतर काम करने की आवश्यकता है एवं जल जंगल जमीन का संरक्षण एवं संवर्धन रखते हुए आर्थिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक विकास में आदिवासियों की सहभागिता को और बढ़ाने की आवश्यकता है। अतिविशिष्ट के रूप में सविता साय प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रभाग सर्व आदिवासी समाज छत्तीसगढ़,युवराज प्रधान जिलाध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज बिलासपुर, बंशीलाल नेताम अध्यक्ष मावली महासभा, मूरित राम ध्रुव उपाध्यक्ष मावली महासभा, शिवनारायण चेचाम जिलाध्यक्ष युवा प्रभाग , रंगिया प्रधान जिलाध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज महिला प्रभाग आदि उपस्थित थे।

कबीर साहेब के सिद्धांतों पर चलकर ही समाज में सुख-शांति:अटल

विधायक अटल ने किया कबीर कुटी कोटसागर में समुदायिक भवन का भूमिपूजन

करगीरोड (कोटा)/नवप्रदेश। कोटा नगर में कबीर कुटी कोटसागर कोटा में विधायक अटल श्रीवास्तव द्वारा सामुदायिक भवन निर्माण हेतु भूमिपूजन किया गया। इसके पश्चात् उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सद्गुरु कबीर साहेब के सिध्दांतों पर चलकर ही समाज एवं देश में सुख शांति आ सकती है और हम गर्व के साथ कह सकते हैं कि मानिकपुरी पनिका समाज इसी राह पर चल रहा है। कबीर कुटी में सामुदायिक भवन बनने से उन्हें कबीर धर्म के कार्यक्रम करने में सुविधा होगी। अपने कार्यकाल में इसे और भव्य बनाने के लिए मैं सहयोग करता रहूंगा। सभा को डा ललित मानिकपुरी प्रांताध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष महंत लीलादास मानिकपुरी ने भी संबोधित किया। उनके साथ ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष आदित्य दीक्षित, वार्ड पार्षद गीता संतोष गुप्ता, कुलवंत सिंह विधायक प्रतिनिधि, दिलीप श्रीवास, बबलू अहिरवार पार्षद, लक्ष्मीनारायण दुबे, रामानंद तिवारी, बीना मसीह,नाजरा बेगम, संतोष मिश्रा, प्रकाश जायसवाल, फूलचंद अग्रहरि, अश्वनी टोडर, सुरेश चौहान ,मधु पांडेय सोनू मानिकपुरी, विनीता साहू, लक्ष्मीन बिंझवार, रहस यादव, कान्हा गुप्ता आदि उपस्थित रहे। इसके पूर्व विधायक अटल श्रीवास्तव का मानिकपुरी समाज के पदाधिकारियों ने फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किए। स्वागत कर्त्ताओं में मानिकपुरी समाज के प्रांताध्यक्ष डा. ललित मानिकपुरी, रविप्रकाश मानिकपुरी अध्यक्ष कबीर कुटी, भरतदास मानिकपुरी ब्लाक अध्यक्ष, महंत लीलादास मानिकपुरी जिला अध्यक्ष, शंभूदास मानिकपुरी जिला उपाध्यक्ष, प्रेमेन्द मानिकपुरी उपाध्यक्ष कबीरकुटी, सुमिरन दास अध्यक्ष तखतपुर ब्लाक आदि उपस्थित थे।

आप पदाधिकारियों का सम्मान निकाय चुनाव की तैयारियों पर चर्चा

बिलासपुर/नवप्रदेश। आज आम आदमी पार्टी के जिला कार्यालय में खगेश चंद्राकर जिला अध्यक्ष ग्रामीण एवं वीरेंद्र राय जिला अध्यक्ष शहर द्वारा अपनी टीम का विस्तार करते हुए नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र बाँटे एवं माल्यार्पण कर सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत किया। कार्यकर्ता सम्मान समारोह के पश्चात आगे आने वाले नगरी निकाय चुनाव ग्राम पंचायत चुनाव एवं महापौर चुनाव को लेकर चर्चा की गई । इस अवसर परपार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी नेसभी नवनियुक्त पदाधिकारी से आगामी चावन को लेकर चर्चा की एवं अभी वरिष्ठ पदाधिकारी ने अपने अनुभव अनुसार आगामी चुनाव की रणनीति को लेकर दिशा निर्देश देकर सभी कार्यकर्ताओं को चार्ज किया।

रासेयो

सीएमडी कालेज के रासेयो स्वयंसेवकों ने गोद ग्राम नेवसा में किए कई कार्यक्रम

मंदिर निर्माण के साथ विधिक साक्षरता एवं स्वच्छता अभियान चलाया

बिलासपुर/नवप्रदेश। शहर के सीएमडी महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना का साथ दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन 11 दिसंबर से 17 दिसंबर तक चल रहा है इस आयोजन में एनएसएस के स्वयंसेवकों ने अनेक कार्य कर रहे हैं यह भारत सरकार युवा खेल मंत्रालय द्वारा संचालित है यह शिविर में मेरा युवा भारत के लिए युवा डिजिटल साक्षरता के लिए युवा की थीम पर कार्य चल रहा है साथ ही विधिक सेवा जागरूकता भी चलाया जा रहा है, जिसमें हाईटेक बस के माध्यम से गांव-गांव जाकर बैगा आदिवासी समुदाय के बीच नशा मुक्ति घरेलू हिंसा लैंगिक समानता के विरुद्ध कार्यक्रम जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। यह कार्यक्रम राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव अशोक कुमार लाल और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव राकेश सिंह सोरी के साथ मिलकर विधिक जागरूकता का कार्यक्रम एनएसएस के नेतृत्व में कार्य को पूरा किया जा रहा है । द्वितीय दिवस के उपरांत में व्यक्तित्व विकास और राष्ट्र निर्माण के लिए युवा का परिचय देते हुए डॉ. एस एल निराला प्राचार्य शासकीय जेपी वर्मा कॉलेज बिलासपुर साथ ही डॉ डी के महिलांगे उपस्थित रहे डॉ निराला ने बताया एन एस एस व्यक्तित्व के विकास एवं सामुदायिक भावना को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। युवाओं में अनुशासन एवं देश तथा समाज के प्रति समर्पण भाव जागृत करता है स्वयंसेवकों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि लहरों से डर कर नौका पार नहीं होती कोशिश करने वालों की हार नहीं होती और भी कई कविता के माध्यम से युवाओं को जागरूक किया।

शिविर में 300 लोगों ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण

इस शिविर में 300 लोगों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण और फ्री में आयुर्वेदिक टेबलेट वितरण किया गया इसमें हमारे महाविद्यालय के एनसीसी ने बढ़-चढ़कर भी भाग लिए और हमारे बीच में वाइल्डलाइफ के उपेंद्र दुबे विश्व प्रकृति जीव जंतु संरक्षण के बारे में हमें बताएं साथ अभिषेक सिंह डिप्टी रेंजर अचानकमार भी उपस्थित रहे डीके पी स्कूल के कार्यक्रम अधिकारी विक्रमधार दीवान ने हमारे शिविर का निरीक्षण किया और बताया कि एनएसएस सीएमडी कॉलेज का कार्य बहुत ही सराहनीय है।

न्यूज गैलरी

गुरूघासीदास जयंती पर शुष्क दिवस घोषित

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी राहुल देव ने 18 दिसंबर गुरूघासीदास जयंती के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित किया है। उन्होंने जिले की समस्त दे.म.दु. सी.एस.-2 घघ, दे.म.दु. सी.एस.-2 घघ-कम्पोजिट शॉप, वि.म.दु. एफएल-1 घघ, वि.म.दु. एफएल-1 घघ कम्पोजिट की फुटकर दुकानों, सी.एस.-2 ग अहाता, सी.एस.-2 ग-कम्पोजिट अहाता, एफएल.-1 ख अहाता, एफएल.-1 ख कम्पोजिट अहाता तथा एफएल.-3 होटल बार, होटल सिटी पैलेस मुंगेली को बंद रखे जाने एवं जिले में स्थित आसवनी मेसर्स भाटिया वाईन मर्चे. प्रा. लि. धूमा में मदिरा का परेषण आयात-निर्यात व परिवहन पूर्णतः निषिद्ध किए जाने हेतु आदेश जारी किया है। कलेक्टर ने कहा है कि संबधित अधिकारी जारी आदेश का कड़ाई से पालन कराना सुनिश्चित करें।

मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की तैयारियां शुरू

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले के मुंगेली विकासखंड के अमरटापू मोतिमपुर में 18 दिसंबर को बाबा गुरुघासीदास जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के संभावित आगमन के दृष्टिगत कलेक्टर राहुल देव और पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। कलेक्टर ने वहां टेंट एवं पंडाल व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, पार्किंग, पेयजल, साफ-सफाई, बेरिकेटिंग, लाइटिंग, साउंड सिस्टम, हेलीपेड व्यवस्था सहित अन्य तैयारियों की जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने कारकेड, सुरक्षा, वाहन सहित कानून व्यवस्था, ट्रैफिक रूट चार्ट आदि के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर श्रीमती निष्ठा पाण्डेय तिवारी एवं श्रीमती मेनका प्रधान, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर अजय शतरंज सहित संबंधित अधिकारी और समिति के सदस्यगण मौजूद रहे।

नगरीय निकायों में वार्डों का आरक्षण 19 को

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल देव ने नगरीय निकायों में वार्डों के आरक्षण हेतु समय-सारणी जारी किया है। जिले के सभी नगरीय निकायों, जिसमें नगर पालिका परिषद मुंगेली, नगर पालिका परिषद लोरमी, नगर पंचायत सरगांव, नगर पंचायत पथरिया, नगर पंचायत जरहागांव और नगर पंचायत बरेला के वार्डों का आरक्षण छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम 1994 के प्रावधानों के तहत 19 दिसंबर को जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में संपन्न कराया जाना है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर मेनका प्रधान ने बताया कि 19 दिसंबर को नगर पालिका परिषद मुंगेली के वार्डों का आरक्षण के लिए समय दोपहर 10.30 बजे से 12.30 तक निर्धारित किया गया है।

सिटी बस चलने के इंतजार में बीत गए 12 साल

अब भाजपा सरकार से उम्मीद, मिलेगी सिटी बस की सुविधा

मुंगेली/नवप्रदेश। जिलेवासियों को सिटी बस जैसी मूलभूत सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। जिला मुख्यालय का दर्जा मिले लगभग 13 वर्ष पूर्ण होने को है, लेकिन जो सुविधा जिले के यात्रियों को वर्षों पहले प्रशासन द्वारा उपलब्ध करा दी जानी चाहिए थी, वह आज भी नहीं मिल पाई है।

मुख्यमंत्री के आगमन पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि सिटी बस चलाये जाने की मांग मुख्यमंत्री से करेंगे। जिला बनने के बाद जहां मुंगेली नगर का विस्तार हुआ है सुविधाएं नही बढ़ पाई है। जिससे आम जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। नगर से 3 किलोमीटर दूर जहां कलेक्ट्रेट आफिस का निर्माण किया गया है। वही लगभग 10 किलोमीटर दूर जिला पंचायत कार्यालय और 8 किलोमीटर दूर लाईवलीहूड कालेज के अलावा इंजीनियरिंग महाविद्यालय, आईटीआई, जवाहर नवोदय विद्यालय, साइंस कालेज की दूरियां भी लगभग 5-10 किलोमीटर के बीच में है। जहां आने-जाने में आम जन के अलावा छात्र-छात्राओं को भी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उल्लेखनीय है कि मुंगेली से रायपुर रोड पर पण्डरभठ्ठा से टेमरी, चकरभठा होते हुए फास्टरपुर-सेतगंगा होते हुए वापस मुंगेली, मुंगेली से करही कलेक्ट्रेट से गीधा तहसील कार्यालय, धरमपुरा जिला पंचायत कार्यालय, आरटीओ कार्यालय होते हुए जरहागांव, बरेला से पथरिया होते

हुए सोनपुरी, गितपुरी होते हुए वापस मुंगेली, मुंगेली से संगवा, सुरदा, जमकोर लाईवलीहूड कॉलेज, रोजगार पंजीयन कार्यालय, आईटीआई होते हुए कंतेली, मनोहरपुर होते हुए लोरमी तक, लोरमी से लालपुर, कोदवा से गीधा होते हुए जरहागांव से मुंगेली मार्ग पर चार सिटी बस चलाये जाने की आवश्यकता महसूस की जा रही है। जिले में सिटी बस का संचालन होने से बड़े शहरों की तरह जिले के यात्रियों को बस के सफर में कम किराया देना पड़ेगा और यात्रीगण सस्ते में सुगम यात्रा कर पाएंगे। लेकिन जिले में सिटी बस का संचालन अब तक नहीं होने से यात्री महंगे दाम पर सफर कर रहे हैं। वहीं त्यौहारी सीजन और शादी सीजन में तो यात्रियों को बस के अंदर जबरदस्ती ठूंस-ठूंस कर भरे जाते हैं, जिसके कारण महंगे दाम देने के बावजूद भी यात्रियों को सुगम यात्रा नसीब नहीं होती। जो यात्रियों की मजबूरी ही उनके शोषण का कारण बनता है। जिला बनने के बाद आम नागरिकों की मांग पर सिटी बस सेवा शुरू करने के लिए बसों की स्वीकृति मिली थी। किन्तु जनप्रतिनिधियों के उदासीन रवैये एवं सत्ता बदलने के पश्चात यह सुविधा प्रारंभ नही हो पाई। पथरिया, लोरमी जैसे दूरस्थ गांव से आने वाले लोगों को इन जगहों तक पहुंचने के लिए जहां जद्दोजहद उठानी पड़ती है वही आर्थिक क्षति भी होती है। जिले में ऑटो का संचालन तो किया जा रहा है किन्तु ऑटो चालकों की मनमानी पर भी प्रशासन का शिकंजा नही है। ग्रामीण लोगों को किराये के रूप में अधिक राशि खर्च करनी पड़ती है। रामगढ़ स्थित जिला अस्पताल के पहुंच मार्ग जर्जर होने के साथ-साथ अबूझमार्ग होने के कारण लोगों को परेशानी होती है। साथ ही लगभग 9 किलोमीटर दूर जिला पंचायत होने के कारण लोगों को असुविधा होती है। स्थानीय विधायक एवं पूर्व खाद्य मंत्री पुन्नूलाल मोहले इस दिशा में लगातार विधानसभा से लेकर अधिकारियों तक सिटी बस संचालन की बात रखते रहे। पूर्व में भाजपा शासन काल में स्वीकृत सिटी बस का संचालन कांग्रेस सरकार में नही हो पाई। सत्ता परिवर्तन एवं पुनः भाजपा की सरकार आने पर क्षेत्रवासियों को पुनः सिटी बस चालू होने की आस बंधी है।

सरकार के एक वर्ष की उपलब्धियां विधायक मिंज ने की साझा

सरकार ने वादे पूरे किए, जनहित में लेकर आई नई योजनाएं

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। राज्य सरकार गठन के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित जनादेश परब कार्यक्रम अंतर्गत जिले में प्रेस वार्ता का आयोजन कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में किया गया। कार्यक्रम में लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में राज्य सरकार के पिछले एक वर्ष की उपलब्धियों को मीडिया के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

उन्होंने जनादेश परब के अवसर पर राज्य एवं जिले के विकास कार्यों एवं उपलब्धियों को प्रदर्शित करते हुए जनसंपर्क विभाग द्वारा कलेक्टोरेट परिसर में नवीन कंपोजिट बिल्डिंग में लगाई गई फोटो प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। इस दौरान पूर्व नगर निगम सभापति त्रिलोक कपूर कुशवाहा, कलेक्टर विलास भोस्कर, एसपी योगेश पटेल, अपर कलेक्टर सुनील नायक उपस्थित रहे। प्रेस वार्ता के दौरान विधायक मिंज ने राज्य में पिछले एक वर्ष में हुए विकास कार्यों और जन-

कल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी मीडिया के साथ साझा की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने अपने वादों को पूरा करते हुए जनहित में कई महत्वपूर्ण योजनाओं को लागू किया है। सबसे पहले 18 लाख पीएम आवास स्वीकृत किए गए। 13 लाख किसानों को दो साल के बकाया धान की बोनस राशि दी। 3100 रुपए प्रति क्विंटल और 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी की। उन्होंने बताया कि खाद्य सुरक्षा एवं वितरण प्रणाली में सुधार करते हुए गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को निःशुल्क चावल और अन्य खाद्यान्न उपलब्ध कराए गए। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के डिजिटलाइजेशन से पारदर्शिता और लाभार्थियों की सुविधा में सुधार हुआ है। 70 लाख महिलाओं के खाते में महतारी वंदन योजन की अब तक 10 किश्तों में 6 हजार 530 करोड़ रुपए की राशि भेजी जा चुकी है। प्रदेश के श्रद्धालुओं के श्रीरामलला के दर्शन के लिए अयोध्या धाम श्रीराम लला दर्शन योजना के तहत अब तक 20 हजार श्रद्धालुओं को दर्शन का लाभ मिल चुका है। तेंदूपत्ता संग्रहण की राशि 4 हजार रूपए प्रति मानक बोरा से बढ़ाकर साढ़े 5 हजार रूपए की गई है। जनजातीय गौरव दिवस के दिन मुख्यमंत्री ने राज्य के बैगा, गुनिया, सिरहा आदि को पांच-पांच हजार रुपए सम्मान निधि देने की घोषणा की है।राज्य सरकार ने अपने एक वर्ष के कार्यकाल में जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। इस दौरान उन्होंने जिले की एक वर्ष की उपलब्धियों एवं नवाचारों की भी जानकारी मीडिया के समक्ष साझा की। उन्होंने कहा कि जिले के विकास में भी तेज गति से कार्य हुए हैं और आने वाले समय में हम विकास की नई ऊंचाइयों को छुएंगे। उन्होंने मीडिया कर्मियों और जिलेवासियों से अपील की कि वे सरकार की योजनाओं का लाभ लें और विकास कार्यों में सहयोग दें। प्रेस वार्ता के अंत में विधायक श्री मिंज ने पत्रकारों के सवालों का जवाब दिया और आगामी योजनाओं की जानकारी दी।

जनसंपर्क विभाग द्वारा फोटो प्रदर्शनी के माध्यम से केन्द्र एवं राज्य शासन के विभिन्न जनकल्याकारी योजनाओं से रूबरू हुए छात्र-छात्राएं जनसंपर्क विभाग द्वारा लगाई फोटो प्रदर्शनी के माध्यम से केन्द्र एवं राज्य शासन के जनकल्याकारी योजनाओं, जिले के विकास कार्यों, नवाचार तथा अभियानों को दर्शाया गया है।

14 संकुल समन्वयकों को कारण बताओ नोटिस

मुंगेली/नवप्रदेश। अपार आइडी के क्रियान्यवन में धीमी प्रगति पर जिले के 14 से अधिक स्कूलों के संकुल शैक्षणिक समन्वयकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। यह नोटिस कलेक्टर राहुल देव के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी ने जारी किया है।

जारी नोटिस में कहा गया है कि अपार आईडी के निर्माण हेतु संकुल शैक्षणिक समन्वयकों को निर्देशित किया गया था, इसके बाद भी अपेक्षाकृत परिणाम प्राप्त नहीं हो रहा है। यह संकुल समन्वयकों के कर्तव्य के प्रति लापरवाही, उदासीनता को प्रदर्शित करता है।

सभी संकुल शैक्षणिक समन्वयकों को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम के तहत कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है और तीन दिवस के भीतर शतप्रतिशत अपार आईडी का कार्य पूर्ण करते हुए अपना स्पष्टीकरण जिला शिक्षा अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है। संकुल शैक्षणिक समन्वयक झाफल, सुरेठा, तिलकपुर, लालपुर थाना, खुड़िया सुरही, राम्हेपुर, लालपुर, मोहबंधा, सरगढ़ी, खुड़िया छपरवा, खुड़िया दुल्लापुर, बरमपुर, ढोलगी, खुड़िया, चंदली स्कूल के संकुल शैक्षणिक समन्वयकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया हैं। बता दें कि अपार, जिसका अर्थ है स्वचालित स्थायी शैक्षणिक खाता पंजीकरण, यह एक आजीवन, 12-अंकों की अद्वितीय पहचान प्रणाली है जो भारत के सभी छात्रों के लिए डिजाइन की गई है। 2020 की राष्ट्रीय शिक्षा नीति छात्रों के लिए एक अद्वितीय आईडी बनाने की आवश्यकता पर जोर देती है, जो छात्रों की शैक्षणिक प्रगति को ट्रैक करने और उनकी शिक्षा को उनके सीखने की यात्रा के दौरान अधिक प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने में मदद करेगी। यह डिजिटलीकरण, व्यक्तिगत शिक्षा, शिक्षा के सार्वभौमिकरण जैसे व्यापक लक्ष्यों का भी समर्थन करती है, जिसमें स्कूल से बाहर गए बच्चों (ओओएससी) को स्कूलों में वापस लाना और छात्रों की शैक्षणिक राहों में अधिक कुशल हस्तक्षेप को सक्षम बनाना शामिल है।

एसपी ने किया पुलिस लाइन का वार्षिक निरीक्षण

पेंड्रा/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के द्वारा आज पुलिस लाइन का वार्षिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने आयोजित परेड की सलामी ली और परेड का निरीक्षण किया इसके साथ ही उन्होंने वाहनों की स्थिति और उनकी देखभाल की समीक्षा की, इसके उपरांत जिला पुलिस बल के जवानों के दरबार में शामिल हुई जहां पर पुलिस अधीक्षक ने पुलिसकर्मियों से उनके सुझाव और समस्याओं को सुना व समस्याओं के समाधान का आश्वासन देते हुए कहा कि पुलिस कर्मियों की कार्यक्षमता और सुविधाओं को बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे।
पुलिस अधीक्षक ने सभी को अनुशासित रहने और संवेदनशील व्यवहार करने की सखूत हिदायत दी और कहा कि किसी पुलिस कर्मी की अनुशासनहीनता की शिकायत पर सक्त कार्यवाही होगी। पुलिस अधीक्षक ने सभी को संबोधित करते हुए पुलिसकर्मियों को स्वयं हेलमेट पहनने और आम जनता को भी

इसकी अनिवार्यता के प्रति जागरूक करने हेतु कहा गया पुलिस अधीक्षक ने पुलिसकर्मियों से नए कानून की जानकारी रखने और डिजिटल अरेस्ट के मामलों में सतर्क रहने की बात कही व आम जनता को भी इस विषय में जागरूक करने हेतु प्रेरित किया।फिट कॉप फिट सिटी के तहत पुलिस कर्मियों को उनके स्वास्थ्य एवं फिटनेस पर जोर देते हुए कहा कि अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें तथा दीर्घ जीवन के लिए फिट रहना जरूरी है उसके लिए पुलिसकर्मी नियमित रनिंग, जॉगिंग, योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करें उन्होंने स्मोकिंग और अल्कोहल से बचने की सलाह दी और हर महीने स्वास्थ्य जांच कराने व हेल्थ कार्ड बनाने के निर्देश रक्षित निरीक्षक को दिए साथ ही साप्ताहिक योग, टीम गेम्स, साइक्लिंग इवेंट आदि के आयोजन कराने के निर्देश रक्षित निरीक्षक को दिए।इसके उपरांत पुलिस लाइन के शस्त्रागार, ऑफिस, स्टोर, एमटी शाखा का निरीक्षण किया।

पुलिस अधीक्षक ने शस्त्रागार का निरीक्षण कर परेड के दौरान उपस्थित जवानों को नियमित रूप से बलवा ड्रिल कराने का निर्देश दिए। एम टी शाखा का निरीक्षण कर पुलिस वाहनों के उच्चतम रख रखाव के निर्देश रक्षित निरीक्षक को दिए साथ ही कंट्रोल रूम, समाधान और साइबर हेल्प लाइन नंबर पुलिस वाहनों पर डिस्प्ले करने के निर्देश भी दिए।

युवक ने घर की बाड़ी में लगा ली फांसी

लखनपुर/नवप्रदेश। थाना क्षेत्र में इन दिनों खुद कुशी करने का ग्राफ दिन-ब-दिन बढ़ने लगा है। ग्राम पंचायत बेलदगी के आश्रित ग्राम घुईभवना में एक युवक जगदीश राम आ0 स्व0 रामवृक्ष जाति पड़ो उम्र 25 वर्ष ने अज्ञात कारणों से अपने घर बाड़ी के पास बेर पेड़ में गमछे का फंदा बना फांसी लगाकर जान दे दी।14 दिसम्बर दिन शनिवार को परिवार वालों ने हादसे की इतिला थाना लखनपुर में दी। सूचना पर लखनपुर पुलिस घटनास्थल पहुंच मौका-मुआयना करते हुए मकतुल युवक के शव को अपने कब्जे लेकर पोस्टमार्टम करा मर्ग कायम कर परिजनों को सौंप दिया है।

डीजल की अवैध खरीदी-बिक्री करने वाले पर कार्रवाई

मुंगेली/नवप्रदेश। हाइवे रोड मे अधिक मात्रा में ज्वलनशील पदार्थ डीजल रखने व खरीदी बिक्री करने वाले ढाबा संचालकों पर कार्यवाही की गई। वर्मा ढाबा संचालक शिवप्रसाद वर्मा से 150 लीटर डीजल व महावीर ढाबा संचालक ईश्वर गुप्ता से 200 लीटर कुल 350 लीटर डीजल जप्त किया गया। थाना सरगांव क्षेत्रांतर्गत 13 दिसम्बर को नेशनल हाईवे मे ढाबा संचालकों के द्वारा अवैध रूप से अत्यधिक मात्रा मे ज्वलनशील पदार्थ डीजल भंडारण कर रखा गया है, सूचना पर पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के द्वारा डीजल भंडारण का पतासाजी कर कार्यवाही करने निर्देशत करने व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल

एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस पथरिया नवनीत पाटिल के मार्गदर्शन पर साइबर सेल व थाना सरगांव पुलिस स्टॉफ के द्वारा संयुक्त रूप से मुखबीर व साइबर सेल की तकनीकी सहायता लेकर नेशनल हाईवे 30 पर मेन रोड वर्मा ढाबा व महावीर ढाबा मे घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किया गया, जिस पर वर्मा ढाबा संचालक शिवप्रसाद वर्मा पिता छेदीलाल वर्मा उम्र 40 वर्ष साकिन मोहभट्ठा थाना सरगांव के कब्जे से अत्यधिक मात्रा मे ज्वलनशील पदार्थ डीजल 150 लीटर एवं महावीर ढाबा के संचालक ईश्वर गुप्ता पिता राजकुमार गुप्ता उम्र 23 वर्ष साकिन भरारी से 200 लीटर ज्वलनशील पदार्थ डीजल मिला, दोनो व्यक्तियो को अत्यधिक मात्रा मे ज्वलनशील पदार्थ डीजल रखने के संबंध व खरीदी बिक्री करने के सम्बन्ध मे वैध दस्तावेज पेश करने नोटिस दिया गया, जो दस्तावेज नही होना बताये जिस पर आरोपी शिवप्रसाद वर्मा व ईश्वर गुप्ता से कुल 350 लीटर डीजल जप्त कर आरोपियों का कृत्य अपराध धारा सदर का पाये जाने से धारा 287 बीएनएस कायम कर विवेचना मे लिया गया और आगे की कार्यवाही की जा रही है।

हिन्दी व्याख्याता बच्चों में हिन्दी की समझ बढ़ाएं

पेण्ड्रा/नवप्रदेश। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत एससीईआरटी के निर्देशन पर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पेण्ड्रा में विषयवार व्याख्याता प्रशिक्षण के अंतर्गत हिन्दी विषय का प्रशिक्षण दो चरणों में संपन्न हुआ। प्रथम चरण का प्रशिक्षण दिनांक 09 दिसंबर से 11 दिसंबर तक आयोजित हुआ।

जिसमें गौरेला पेण्ड्रा मरवाही के तीनों विकासखंड के हिन्दी संस्कृत भाषा के 80 व्याख्याताओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। द्वितीय चरण में दिनांक 12 दिसंबर से 14 दिसंबर तक जिला मुंगेली के तीनों विकासखंड लोरमी, मुंगेली, पथरिया के 80 व्याख्याताओं

ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस प्रकार कुल 160 हिन्दी विषय के व्याख्याताओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण का आयोजन डाइट पेण्ड्रा के प्राचार्य जे पी पुष्प के संरक्षण तथा मार्गदर्शन में, प्रशिक्षण प्रभारी रश्मि नामदेव व्याख्याता हिन्दी डाइट पेण्ड्रा के संयोजन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संपूर्ण संचालन एवं समन्वय आशुतोष दुबे एवं प्रशिक्षक के रूप में रश्मि नामदेव डाइट पेण्ड्रा, व्याख्याता राममणि साहू,शा.उ.मा.विद्यालय, आमाडांड एवं व्याख्याता अनुरत सोन्ड्रे,सेजेस धनौली ने प्रशिक्षण प्रदान किया। उद्घाटन सत्र में डाइट पेण्ड्रा प्राचार्य जे पी पुष्प, उप प्राचार्य आभा सिंह, सहायक प्राध्यापक ममता चक्रवर्ती, सहायक प्राध्यापक शांति पेन्द्रो ने संबोधित किया।प्रशिक्षण में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत हुए व्यापक परिवर्तनों एवं भविष्य में शिक्षा के पैटर्न और आवश्यकताओं पर चर्चा की गई। भाषा शिक्षण के अंतर्गत हिंदी भाषा के मूल नियमों इसकी वैज्ञानिकता, कठिनाइयां और इसके अधिगमम को आसान बनाने के तरीकों पर चर्चा परिचर्चा हुई। साथ ही हिन्दी विषय को बच्चों के बीच भाषा और साहित्य के रूप में प्रस्तुत कर उन्हें भाषा के माध्यम से विषय से जोड़ना एवं विविध गतिविधियों एवं कथोपकथन द्वारा व्याकरण की समझ बनाने पर अनुभव और विचार साझा किए गए।

प्रशिक्षण | उप जिला निर्वाचन अधिकारी, रिटर्निंग आफिसर एवं मास्टर ट्रेनर को प्रशिक्षण

नगरीय निकाय-पंचायत चुनाव की प्रशासनिक तैयारियां तेज

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। जिला पंचायत सरगुजा के सभाकक्ष में सरगुजा संभाग के सभी जिलों के निर्वाचन से जुड़े अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। राज्य निर्वाचन आयोग के उपसचिव आलोक श्रीवास्तव, अवर सचिव प्रणय वर्मा द्वारा राज्य में नगरपालिका और पंचायत चुनाव की सुचारु व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए अद्यतन नियमों और निर्देशों की जानकारी सभी संबंधित अधिकारियो को दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में संभाग के सभी जिलों के उप जिला निर्वाचन अधिकारी, मास्टर ट्रेनर, रिटर्निंग अधिकारी, सहायक रिटर्निंग अधिकारी और नोडल अधिकारी (प्रशिक्षण) ने भाग लिया। प्रशिक्षण सत्र में निर्वाचन कार्यो की रूपरेखा जिसमें मतदान पूर्व की तैयारी, मतदान दिवस तथा मतदान पश्चात किये जाने वाले जिम्मेदारियों से अवगत कराया गया। निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन, निर्वाचन सामग्री की व्यवस्था, मतदान केंद्र का गठन, निर्वाचन सामग्री का वितरण, मतगणना स्थल का चयन, सिक्योरिटी प्लान तैयार करना, नामनिर्देशन प्राप्ति, मतपत्रों का मुद्रण, परिवहन व्यवस्था, निर्वाचन हेतु विभिन्न स्तर पर कार्मिकों की नियुक्ति एवं प्रशिक्षण, निर्वाचन कर्तव्य मतपत्र द्वारा मतदान हेतु सुविधा केन्द्र, नामनिर्देशन प्राप्ति, संवीक्षा

एवं प्रतीक आवंटन एवं नामनिर्देशन पत्रों की प्राप्ति हेतु कार्यालय में आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था एवं बेरिकेटिंग किये जाने के साथ-साथ निर्वाचन व्यय लेखा संधारण एवं प्रस्तुतीकरण संबंधी जानकारी प्रशिक्षण में दिया गया। इसी तरह मतदान दिवस की तैयारी, पीठासीन अधिकारी द्वारा मतदान समाप्ति की विधिवत घोषणा, मतगणना हेतु आवश्यक प्रावधान, गणना का अंतिम परिणाम पत्र तैयार करने, निर्वाचन की घोषणा तथा निर्वाचन प्रतिवेदन के संबंध में जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान मतपेटियों के खोलने और बंद करने की प्रक्रिया के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गयी।प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों और निर्वाचन के दौरान आने वाली समस्याओं पर भी आवश्यक सुझाव दिए गए।

रासेयो शिविर में विकसित भारत के लक्ष्य पर चर्चा

मुंगेली/नवप्रदेश। राष्ट्रीय सेवा योजना पुरुष इकाई एवं महिला इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर संयुक्त रूप से पौनी के हाई स्कूल एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय पौनी में शुभारम्भ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम सरपंच गायत्री ठाकुर एवं सरपंच प्रतिनिधि प्रकाश ठाकुर उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर कमलेश कुमार मिश्रा एवं वरिष्ठ प्राध्यापक डॉक्टर अमित कुमार सिंह उपस्थित रहे। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर मिश्रा द्वारा डिजिटल साक्षरता और भारत का युवा पर व्याख्यान दिया गया एवं बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य निर्माण, व्यक्तित्व निर्माण के साथ साथ विकसित भारत 2047 में पूर्ण सहभागिता हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी संजय कुमार बिंझवार एवं ज्योति डहरिया के द्वारा किया गया।

न्यूज गैलरी

पंचकुण्डी रूद्र महायज्ञ में शामिल हुए विधायक दीपेश साहू

बेमेतरा/नवप्रदेश। शहर के कृषि उपज मंडी में पंच कुण्डिय रुद्र महायज्ञ एवं भागवत गीता सप्ताह ज्ञान यज्ञ में गुरुवार को विधायक दीपेश साहू संध्या आरती में शामिल हुए। इस अवसर पर विधायक द्वारा मंच पर पहुंचकर श्रीमद्भागवत पुराण की पूजन की एवं कथावाचक दंडी स्वामी ब्राम्हचारी ज्योतिर्मायानन्द महाराज को पुष्प हार पहनाया और विधायक ने आशीर्वाद प्राप्त किया और क्षेत्रवासियों सुख समृद्धि एवं मंगलकामना के लिए प्रार्थना किया। इसके बाद उन्होंने श्रीमद् भागवत कथा का रसपान किया। इस दौरान पूर्व विधायक अवधेश सिँह चंदेल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, विकास तम्बोली, राजू देवांगन, रेवा राम निषाद, युगल देवांगन, नरेश साहू, ओमकार साहू, रोशन दत्ता, डॉ भुनेश्वर साहू, राजीव तम्बोली, नीतू कोठारी पार्षद, सावित्री रजक, पिंकी गुप्ता, मीनू पटेल, ममता साहू सहित नगरवासी, क्षेत्रवासी उपस्थित रहें।

जगदीश वैष्णव ने थानखमरिया समिति अध्यक्ष का प्रभार ग्रहण किया

बेमेतरा/नवप्रदेश। सेवा सहकारी समिति थानखमरिया में आज प्राधिकृत अध्यक्ष जगदीश वैष्णव ने समिति कार्यालय थानखम्हरिया पहुंच कर अपना कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर पुरन पटेल अध्यक्ष बनराका, दुखित साहु अध्यक्ष खाती, तोषु पटेल अध्यक्ष कांपा, युवराज साहु सैगोना, आकाश जोशी, चन्द्रशेखर राजपूत, घनश्याम सिंह, भारती राजपूत, भगत साहु, चेतन सिन्हा, कपिल साहु, समिति प्रबंधक आशिष राजपूत, खुलेश्वर उपाध्याय, अमर चन्द्राकार एवं अन्य पदाधिकारी, किसानगण उपस्थित रहें।

नगरीय निकायों के वार्ड आरक्षण की प्रक्रिया कल

बेमेतरा/नवप्रदेश। नगरीय निकायों के आम निर्वाचन 2024 हेतु छत्तीसगढ़ नगर पालिका (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति, पिछड़ा वर्ग एवं महिलाओं के लिए वार्डो का आरक्षण) नियम 1994 के प्रावधानों के तहत जिलें के नगरीय निकायों (मारो को छोड़कर) के वार्डो का आरक्षण 17 दिसंबर मंगलवार को 11 बजे से कलेक्टोरेट सभा कक्ष दृष्टि में की जावेगी। आरक्षण हेतु निकायों का अधिमान क्रम निम्नानुसार होगा।निकाय का नाम वार्डो के आरक्षण हेतु निर्धारित समय इस प्रकार हैं - नगर पालिका परिषद बेमेतरा 11 बजे से 11:30 बजे तक, नगर पंचायत नवागढ़ 11:30 से 12 बजे तक, नगर पंचायत बेरला 12 से 12:30 बजे तक रहेगा। इसी प्रकार नगर पंचायत थानखम्हरिया 12:30 से 1 बजे तक, नगर पंचायत देवकर 1 से 1:30 बजे तक, नगर पचायत भिंभौरी 2:30 से 3 बजे तक निर्धारित हैं।

कौशल प्रशिक्षण शिविर आज

धमतरी/नवप्रदेश। लाईवलीहुड कॉलेज धमतरी में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना आदि में निःशुल्क प्रशिक्षण संचालित हो रहा है। सहायक परियोजना अधिकारी ने बताया कि उक्त कौशल प्रशिक्षण के लिए पंचायत क्षेत्र के युवाओं के चयन के लिए आगामी 16 दिसंबर को सुबह 11 से शाम चार बजे तक ग्राम पंचायत भवन कोर्रा में शिविर आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि वर्तमान में लाईवलीहुड कॉलेज धमतरी में कम्प्यूटर हार्डवेयर कोर्स में तत्काल बैच शुरू होगी। इसके लिए शैक्षणिक प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बैंक पासबुक की छायाप्रति और एक पासपोर्ट साईज फोटो के साथ इच्छुक आवेदक आवेदन कर सकते हैं।

धान खरीदी केंद्र में सरकार के एक वर्ष पूरा होने पर सुशासन दिवस मना

नगरी/नवप्रदेश। आदिम जाति सेवा सहकारी समिति सिहावा के अंतर्गत धान खरीदी केंद्र सिहावा में भाजपा शासन काल के एक वर्ष पूरा होने पर सुशासन दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा वरिष्ठ नेता एवं जिला मंत्री राजेंद्र गोलछा उपस्थित रहे। अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष रामलाल नेताम विशेष अतिथि के रूप में भाजपा जिला मंत्री एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रेमलता नागवंशी, भाजपा के वरिष्ठ नेता नेमसिंह साहू, सिरसिदा के पूर्व सरपंच सुभद्राबाई ध्रुव, छिपलीपारा बूथ अध्यक्ष बंशीलाल, उपस्थित रहे।

बाहर से आए मुसाफिरों और फेरीवालों वालों की होगी जांच

पुलिस ने चलाया अभियान : हर संदिग्धों से होगी पूछताछ, अपराधों पर लगाम लगाने की कवायद

राजनांदगांव/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव मोहित गर्ग के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में जिले में हो रही चोरी सहित अन्य घटनाओं की रोकथाम के लिए अभियान के तहत दो दिन 11 से 12 दिसंबर तक सभी थाना व चौकी में अभियान चलाकर बहार से आए मुसाफिरों की जांच की गई। संदिग्ध किरायेदारों की भी चेकिंग भी हुई।

इसी क्रम में दो दिनों में 700 से अधिक लोगों की जांच हुई। कोतवाली पुलिस द्वारा 25, थाना लालबाग पुलिस द्वारा 20, थाना बसंतपुर पुलिस द्वारा 10, थाना सोमनी पुलिस द्वारा 12, ओ.पी. चिखली पुलिस द्वारा 14, ओ.पी. तुमड़ीबोड पुलिस द्वारा 35, ओ.पी. सुकुलदैहान पुलिस द्वारा दो, थाना बागनदी पुलिस द्वारा 3, थाना बोरतलाव पुलिस द्वारा 5, ओ.पी. चिचोला पुलिस द्वारा 6, थाना गैंदाटोला पुलिस द्वारा 6, थाना घुमका पुलिस द्वारा 10, थाना डोंगरगांव पुलिस द्वारा 16 लोगों कुल 150 लोगों को चेक किया गया, जो दूसरे प्रांत व जिले से आये हुए थे। संदिग्धों का पृथक से उनके निवास ग्राम की थाना में जानकारी भेजकर उनकी अपराधिक रिकार्ड की जानकारी ली जा रही है। इसके साथ इनके क्रियाकलाप संदेहास्पद पाए जाने पर ऐसे लगभग 20 लोगों का फिंगर प्रिंट भी लिए गए। शेष का फिंगर प्रिंट लेकर उनके बारे में पतासाजी पुलिस कर रही है।

संदिग्धों को उनके वास्तविक निवास स्थान के थानों से उनकी तस्दीकी की जा रही है। मुसाफिरों का बीसी रोल जारी की जा रही है। जिले के विभिन्न थानों के अलावा राजनांदगांव शहर के स्लम एरिया में राजनांदगांव शहर के सत्य नारायण धर्म शाला, गंज चौक, भदौरिया चौक, रेल्वे स्टेशन के पास, गौरीनगर, चिखली, शंकरपुर, रामनगर, मोतीपुर, बजरंपुरनवागांव, लखोली, इंदिरानगर, राजीवनगर, अटल आवास लखोली, अटल आवास पेंड्री, 16 खोली, बसंतपुर, कौरिनभांठा, सुकुल दैहान के ग्राम लिटिया, सोमनी के टेडेसरा, बगनदी के सड़क चिरचारी, छुरिया के कल्लू बंजारी, ब्रम्हणी चारभाठा, छुरिया, बोरतलाव चौक, डोंगरगांव के मोहड़, आमगांव, साल्हे घुघवा, गैदाटोला के ग्राम चिरचारी कला, घुमका के गोपालपुर रोड़ आदि जगहों पर रह रहे संदिग्ध लोगों, किरायेदारों व गर्म कपड़ा बेचने वालों, फल ठेलावालों, खोमचे वालों को भी चेक किया गया। मकान मालिकों को किरायेदारों के संबंध में सभी जानकारी एकत्रित करने व उनके संबंध में थाना को सूचना देने की हिदायत दी गई। जिलेभर में 700 से अधिक संदिग्ध लोगों को चेक किया गया।

सुशासन दिवस पर क्विज प्रतियोगिता आयोजित

कोंडागांव/नवप्रदेश। विकास खंड कोंडागांव के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़े बेंदरी में सुशासन दिवस पर क्विज प्रतियोगिता आयोजित किया गया। विद्यालय के प्रचार्य शिवकुमार तिवारी के संरक्षण में एवं व्याख्याता अंकित गुप्ता के सफ्ल नेतृत्व में विद्यालय स्तर पर सुशासन पर आधारित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन डिजिटल प्रणाली का उपयोग करते हुए केबीसी के तर्ज पर कराया गया। शासन के निर्देश पत्र सरकार के 1 वर्ष पूर्ण होने पर सुशासन पर क्विज प्रतियोगिता आयोजन किया गया। विद्यालय के शिक्षक अंकित गुप्ता ने बताया कि पहले विद्यालय स्तर पर मौखिक परीक्षा की गई उसमें चयनित सर्वश्रेष्ठ दो विद्यार्थी अरविंद कोरार्म एवं विशाखा पटेल के साथ प्रतियोगिता आयोजित की गई। किस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों के द्वारा 12 प्रश्नों का लगातार सही जवाब दिया गया।

शिक्षकों के कौशल उन्नयन हेतु विधायक द्वारा एकदिवसीय मंथन स्मार्ट टीचर कार्यशाला आयोजित

शिक्षकों को बेहतर मार्गदर्शन मिलने पर विद्यार्थियों का भी होगा संपूर्ण विकास: भावना बोहरा

कवर्धा/नवप्रदेश। शिक्षा, सशक्तिकरण, स्वास्थ्य सुरक्षा एवं क्षेत्र के विकास हेतु लगातार पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा अपने विधानसभा क्षेत्र में सराहनीय प्रयास एवं पहल की जा रही है। क्षेत्रवासियों को उनकी रुचि अनुरूप शिक्षा एवं जानकारी प्राप्त करने हेतु विधानसभा के 75 ग्राम पंचायतों लाइब्रेरी स्थापना की घोषणा के बाद अब उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों के लिए उनके द्वारा मंथन स्मार्ट टीचर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम, कवर्धा में हुआ।

इस कार्यशाला में खुद भावना बोहरा ने शिक्षकों के साथ संवाद कर विद्यार्थियों के बेहतर परिणाम लाने व शिक्षा को और बेहतर बनाने से लेकर उसमें सुधार व बेहतर मैनेजमेंट एवं स्मार्ट क्लास सहित विभिन्न विषयों पर अपने विचार साझा किए। इस दौरान अनुभवी व प्रख्यात कैरियर काउंसलर एवं साइकोलॉजिस्ट डॉ. अजीत वरवंडकर ने भी शिक्षकों का मार्गदर्शन किया।

इस अवसर पर भावना बोहरा ने कहा कि हमारे शिक्षकों के कंधों पर बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। वे क्षेत्र की प्रगति के साथ ही इसके सूत्रधार हमारे विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य के लिए अथक परिश्रम करते हैं,उनके ज्ञान का विस्तार करते हैं। वर्तमान समय में हमारी शिक्षा आधुनिकता एवं टेक्नोलॉजी के साथ जुड़ रही है,ऐसे में हमारे शिक्षक भी स्मार्ट और टेक्नोलॉजी का प्रयोग कर बच्चों को बेहतर शिक्षा के साथ ही अच्छे परिणाम भी हमें प्राप्त हो सकते हैं।आज इसी उद्देश्य से हमने मंथन स्मार्ट टीचर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया, जिसमें हमारे उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों के साथ हमने संवाद किया।

कैसे हम शिक्षा को तकनीक के माध्यम से बच्चों को पढ़ाई के लिए बेहतर वातावरण दें, क्लास रूम मैनेजमेंट, आगामी परीक्षा परिणामों को बेहतर बनाने व पाठ्यक्रम के संबंध में चर्चा की। इसके साथ ही नई शिक्षा नीति व शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के कौशल उन्नयन के संदर्भ में भी इस कार्यशाला में सार्थक संवाद हुआ है वहीं मुख्य वक्ता डॉ. अजीत वरवंडकर जी ने भी शिक्षकों का मार्गदर्शन किया और उनके मन मे निहित प्रश्नों और दुविधाओं का समाधान भी किया।

ऐसे आयोजनों से शिक्षक व विद्यार्थियों के मध्य एक बेहतर सामंजस्य स्थापित होगा

भावना बोहरा ने आगे कहा कि ऐसे आयोजनों के माध्यम से हमारा प्रयास है कि हम शिक्षक व विद्यार्थियों के मध्य एक बेहतर सामंजस्य स्थापित कर सके। शिक्षकों को भी समय-समय पर वर्तमान परिदृश्य में शिक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं, पद्धतियों और पाठ्यक्रम को समय पर पूर्ण कर परिणामों को बेहतर लाने के संदर्भ में संवाद का यह एक अच्छा माध्यम है। हमें विश्वास है कि इस कार्यशाला के माध्यम से हमारे शिक्षकों को नए अनुभव प्राप्त होंगे जिससे हमारे आने वाली पीढ़ियों के भविष्य और भी उज्वल होगा। इसके लिए हम ऐसे प्रयास निरन्तर करते रहेंगे। पूर्व संसदीय सचिव श्री सियाराम साहू ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में विधायक भावना बोहरा द्वारा निरंतर प्रयास किये जा रहें हैं। आज का भी यह कार्यक्रम अपने आप मे बहुत ही महत्वपूर्ण और अनूठा है जिसके लिए मैं उन्हें बहुत बहुत बधाई देता हूँ और ऐसे प्रयासों की जितनी सराहना की जाय वह कम है।

अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारियों की प्रतिक्रिया

भाजपा सरकार को स्थिर देखना चाहती है जनता

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जिला भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष मोहम्मद इरफान शेख और जिला भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के महामंत्री जहीर अब्बास ने छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय सरकार के एक साल पूरा होने पर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि जिस तरह डॉक्टर रमन सिंह के नेतृत्व में भाजपा सरकार 15 साल तक स्थिर रही इस तरह विष्णुदेव साय की सरकार को भी यहां की जनता स्थिर देखना चाहती है। उनके एक वर्ष के कार्यकाल की प्रशंसा करते हुए जनाब शेख व अब्बास ने यह बात कही है। उन्होंने कहा कि राजनंदगांव विधायक डॉ. रमन सिंह भाजपा शासन के इस कार्यकाल में विधानसभा अध्यक्ष जैसे संवैधानिक पद पर गरिमापूर्ण ढंग से दायित्व निभा रहे हैं। साथ ही

शायद सरकार को अपने अनुभवों का लाभ दे रहे हैं। यही कारण है कि सॉय सरकार का एक वर्ष का कार्यकाल शानदार रहा है। जनता भी हमारी सरकार की योजनाओं से खुश है और इसे बहुत लंबे समय तक स्थिर देखना चाहती है।

जनाब शेख और अब्बास ने आगे कहा कि भाजपा सरकार के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ ने अपने शानदार एक वर्ष का सफर पूरा किया है। इस एक साल में सरकार ने अपने वादों को हकीकत में बदलते हुए जनता के कल्याण और राज्य के विकास के लिए ऐतिहासिक कदम उठाए हैं।

महतारी वंदन योजना से महिलाएं बनीं सशक्त

महतारी वंदना योजना के तहत महिलाओं और बच्चों के पोषण और स्वास्थ्य को सशक्त बनाने के लिए ठोस प्रयास किए गए। माताओं के स्वास्थ्य और नवजात शिशुओं की देखभाल पर विशेष ध्यान दिया गया। सरकार ने अपने घोषणा पत्र में किए गए वादों को पूरा करने में पूरी प्रतिबद्धता दिखाई। चाहे वह शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत संरचना हो या रोजगार के अवसर हर क्षेत्र में विकास की नई कहानी लिखी गई।

स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों का सम्मान

बेमेतरा/नवप्रदेश। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत हमारा शौचालय, हमारा सम्मान अभियान के अंतर्गत बेस्ट सामुदायिक और व्यक्तिगत शौचालय सम्मान समारोह का आयोजन जिला पंचायत बेमेतरा के सभाकक्ष में किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष अजय तिवारी, सभापति अंजू बघेल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी टेकचंद अग्रवाल सहित ग्राम पंचायतों के हितग्राही, सरपंच, सचिव और अन्य प्रतिनिधि उपस्थित थे।

जिला पंचायत उपाध्यक्ष अजय तिवारी ने कहा कि गांव को स्वच्छ और स्वस्थ बनाए रखने के लिए नाडेप खाद का उपयोग और रासायनिक कीटनाशकों से बचाव करना आवश्यक है। सभापति अंजू बघेल ने सामुदायिक शौचालयों की भूमिका की प्रशंसा करते हुए कहा कि इनसे गांव में स्वच्छता के स्तर में सुधार हुआ है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ और सुंदर गांव बनाने के सपने को साकार करने के लिए सभी की भागीदारी पर जोर दिया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी टेकचंद अग्रवाल ने नियमित शौचालय उपयोग के लाभों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इससे गांव में संक्रामक बीमारियों में कमी आई है और लोगों की जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव आया है। उन्होंने सरपंच और सचिवों से स्वच्छता समूहों का समर्थन करने की अपील की।ग्राम पंचायत केंवतरा के सरपंच कुमेश्वर यादव ने ओडीएफ से पहले और बाद के अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि गंदे पानी के प्रबंधन और सफाई अभियानों के माध्यम से गांव को स्वच्छ रखने में बड़ी प्रगति हुई है।

उत्कृष्ट योगदान करने वालों को सम्मानित

सम्मान समारोह में बेस्ट व्यक्तिगत शौचालय के लिए हितग्राहियों को सम्मानित किया गया। इनमें रुपलाल साहू (ग्राम पेंड्रीकला, साजा), रम्भा साहू (ग्राम घुरसेना), रामकली बंजारे (ग्राम कौड़िया, नवागढ़), तुलसी देवांगन (ग्राम खुड़मुड़ा, बेरला) और श्रीमती लेखापाल (ग्राम लालपुर, बेमेतरा) शामिल हैं। उन्हें सम्मान पत्र देकर उनकी सराहना की गई। बेस्ट सामुदायिक शौचालय की श्रेणी में जनपद पंचायत बेरला के ग्राम पंचायत ढाबा व भालेसर और साजा के ग्राम पंचायत केंवतरा के सरपंच और सचिव को सम्मान पत्र और मोमेंटो प्रदान किए गए।

खनिज विभाग ने चलाया अवैध खनन के खिलाफ अभियान

बेमेतरा/नावप्रदेश। जिलें में अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण पर नियंत्रण हेतु प्रशासन ने सख्त कदम उठाए हैं। 4 दिसंबर से 9 दिसंबर तक खान एवं खनिज विकास अधिनियम के तहत विशेष अभियान चलाकर कई कार्रवाई की गई।

जनसम्पर्क विभाग की बस स्टैंड धमतरी में लगी दोदिवसीय फोटो प्रदर्शनी

धमतरी/नवप्रदेश। सुशासन के एक साल, छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार के एक वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में जनसम्पर्क विभाग द्वारा बस स्टैंड धमतरी में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को दर्शाती दो दिवसीय फोटो प्रदर्शनी का आयोजन 13 और 14 दिसंबर को किया गया है। बड़ी संख्या में लोग फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन कर रहे हैं। जिसका बेहतर प्रतिसाद मिल रहा है। इस अवसर पर विभाग द्वारा प्रकाशित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं संबंधी पुस्तक, पॉम्पलेट, ब्रोशर इत्यादि का भी निःशुल्क वितरण किया जा रहा है।

साय सरकार ने वादे पूरे कर छत्तीसगढ़ को बनाया खुशहाल : शिव वर्मा

राजनांदगांव/नवप्रदेश। भाजपा सरकार के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ ने अपने शानदार एक वर्ष का सफर पूरा किया है। इस एक साल में सरकार ने अपने वादों को हकीकत में बदलते हुए जनता के कल्याण और राज्य के विकास के लिए ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। वरिष्ठ पार्षद एवं पूर्व नगर निगम अध्यक्ष शिव वर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।

धान खरीदी में ऐतिहासिक निर्णय

भाजपा सरकार ने किसानों की आय को बढ़ाने और उन्हें आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए धान खरीदी प्रक्रिया को प्रभावी बनाया। रिकॉर्ड मात्रा में धान की खरीदी हुई और समय पर भुगतान सुनिश्चित किया गया।

किसानों के हितों को प्राथमिकता देते हुए सरकार ने 2 साल का बोनस जारी कर उनकी मेहनत का सम्मान किया। यह कदम राज्य के कृषि क्षेत्र को प्रोत्साहन देने के लिए एक बड़ा उदाहरण है।

महतारी वंदना योजना

महतारी वंदना योजना के तहत महिलाओं और बच्चों के पोषण और स्वास्थ्य को सशक्त बनाने के लिए ठोस प्रयास किए गए। माताओं के स्वास्थ्य और नवजात शिशुओं की देखभाल पर विशेष ध्यान दिया गया।

घोषणा पत्र के वादों को पूरा करने की प्रतिबद्धता

सरकार ने अपने घोषणा पत्र में किए गए वादों को पूरा करने में पूरी प्रतिबद्धता दिखाई। चाहे वह शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत संरचना हो या रोजगार के अवसर ङ्क हर क्षेत्र में विकास की नई कहानी लिखी गई।

राज्य में शहरी और ग्रामीण विकास को संतुलित तरीके से आगे बढ़ाया गया।

अनूठी भक्ति

जब साइकिल से यश सोनी पहुंचे श्रीकृष्ण जन्मभूमि, उनका स्वागत अनिरुद्धाचार्य महाराज ने किया

तीन हजार किमी और 45 जिले पार कर साइकिल चलाकर पहुंचे मथुरा

राजनांदगाव/नवप्रदेश। 3000 किलोमीटर 45 जिले पार कर साइकिल से यश सोनी श्री कृष्ण जन्मभूमि मथुरा पहुंचे। पूरे 53 दिन का समय यश को मथुरा पहुंचने में लगा। उन्होंने अपनी साइकिल से यात्रा की शुरूआत राजनांदगांव से की थी। वे लखनऊ-आगरा होते हुए मथुरा श्री कृष्ण जन्मभूमि पर पहुंचे, जहां उन्होंने सभी मंदिरों के दर्शन करने से पूर्व कड़ाके की ठंड में यमुना नदी में स्नान किया। 6 घंटा इंतजार करने के बाद सोनी से मिले सबसे लोकप्रिय संत अनिरुद्धाचार्य महाराज से आत्मीय मुलाकात हुई। इसके पूर्व प्रख्यात प्रवचनकर्ता अनिरुद्धाचार्य महाराज को पता चला कि कोई भक्त साइकिल चलाकर मथुरा पहुंचा है और उनसे मिलना चाह रहा है,

छत्तीसगढ़ से श्री राम भगवान का प्रसाद लाया है तो आचार्य को काफी आश्चर्य हुआ। फिर क्या था, सोनी जी ने सब का दिल जीत ही लिया और अनिरुद्धाचार्य महाराज ने यश सोनी से मुलाकात की वे भी खुशी से झूम उठे और सोनी के हाथों प्रसाद भी ग्रहण किया और सोनी ने अपनी बात रखते हुए कहा कि महाराज जी यदि मैं आपको राजनांदगांव कथा के लिए आमंत्रित करता हूं तो आप आएंगे क्या ये बात पूरी हुई नहीं थी और महाराज जी ने हंसते हुए कहा कि यह हमारे लिए बहुत गर्व की बात है कि कोई साइकिल से आया है हमसे मिलने-प्रसाद एवं न्योता देने मैं जरूर आऊंगा यश बेटा आप जब चाहोगे तब आऊंगा। इस दौरान भक्तों ने भी यश का स्वागत किया। लोगों ने कहा यश सोनी श्रीरामलला की ननिहाल से आए हैं। उन्हें देखने के लिए लोगों की भीड़ जुट गई थी।

सोनी को सीने से लगाया, दिया आशीर्वाद

कहते हुए श्री सोनी को सीने से लगाया और उनके सर पर हाथ रखकर आशीर्वाद दिया और यही नहीं थमा उनका प्यार श्री सोनी को वीआईपी सोफे में बैठ कर एक घंटा अपनी कथा सुनवाई और खूबसूरत सी एक फोटो खिंचवाई मिली जानकारी के अनुसार श्री सोनी ने राजनांदगांव की पहचान रच दी पूरे मथुरा वृंदावन में लोगों ने खूब सोनी जी लड्डू गोपाल साइकिल से आए हैं कहकर खूब पुकारा और जब लोगों को पता चला कि सोनी को शासन प्रशासन का कोई सहयोग समर्थन नहीं मिल रहा तो उनकी भी आंखें नम हुई और पर्यावरण-साइकिल रोज चलने का संदेश देते हुए श्री सोनी अपने अगले पड़ाव के लिए राजस्थान अजमेर के लिए बढ़ गए।

खैरागढ़ में पहली बार होगा त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव

- **पंचायत सहित जनपद सदस्यों, सरपंच पंचों का आरक्षण17 से**

खैरागढ़/नवप्रदेश। जिले मे पंचायत चुनाव के लिए पंच, सरपंच, जनपद अध्यक्ष, सदस्य और पहली बार होने वाले जिला पंचायत चुनाव के लिए जिपं सदस्यों के आरक्षण की तिथि कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने घोषित क र दी । जिलें में 221 ग्राम पंचायतों के पंच और सरपंच पदों के आरक्षण की प्रक्रिया पुराना कोर्ट बिल्डिंग फ्तेह मैदान मे 17 दिसंबर को सुबह 11 बजे से शुरू होगी। इसमें सरपंच, पंच सहित महिलाओं के प्रवर्गवार आरक्षण की कार्यवाही की जाएगी। इसी तरह खैरागढ़ और छूईखदान जनपद अध्यक्ष पद समेत जनपद सदस्यों के आरक्षण की प्रक्रिया 19 दिसंबर को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष मे 11 बजे से प्रारंभ होगी । इस दौरान दोनो जनपदों के अध्यक्ष पद और क्षेत्र का प्रवर्गवार आरक्षण किया जाएगा ।

न्यूज गैलरी

सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से पांच कंपनियों का पूंजीकरण बढ़ा

दिल्ली। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 623.07 अंक या 0.76 प्रतिशत चढ़ गया। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 90.5 अंक या 0.36 प्रतिशत के लाभ में रहा। सेंसेक्स की 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से पांच के बाजार मूल्यांकन (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह 1,13,117.17 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ में भारती एयरटेल रही। समीक्षाधीन सप्ताह में जहां टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक और इन्फोसिस के बाजार पूंजीकरण में बढ़ोतरी हुई, वहीं रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी), आईटीसी और हिंदुस्तान यूनिलीवर के मूल्यांकन में गिरावट आई।इस बीच अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की ओर से ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद के बीच विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने भारतीय बाजार में वापसी की। दिसंबर के पहले दो सप्ताह में एफपीआई ने भारतीय शेयर बाजारों में शुद्ध रूप से 22,766 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इससे पहले नवंबर में एफपीआई ने भारतीय बाजार से 21,612 करोड़ रुपये और अक्तूबर में 94,017 करोड़ रुपये की भारी निकासी की थी। दिलचस्प यह है कि सितंबर में एफपीआई का प्रवाह के लिए नौ माह के उच्चस्तर 57,724 करोड़ रुपये पर पहुंच गया था।

अटल पेंशन योजना में ग्राहकों की संख्या 7 करोड़ के पार

दिल्ली। अटल पेंशन योजना (एपीवाई) के लिए 2 दिसंबर तक 7.15 करोड़ से अधिक ग्राहक नामांकन करा चुके हैं। इस योजना को वित्त मंत्रालय ने हाल ही में मील का पत्थर घोषित किया था। कार्यक्रम की सफलता पर प्रकाश डालते हुए मंत्रालय ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, अटल पेंशन योजना 7 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को सेवानिवृत्ति के बाद मन की शांति सुनिश्चित कर रही है। देश का कोयला आयात चालू वित्त वर्ष के पहले सात माह (अप्रैल-अक्तूबर) के दौरान 4.2 फीसदी बढ़कर 16.24 करोड़ टन पर पहुंच गया है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में कोयला आयात 15.58 करोड़ टन रहा था। बी2बी ई-कॉमर्स मंच एमजंक्शन सर्विसेज द्वारा संकलित आंकड़ों के अनुसार, अक्तूबर में कोयला आयात 14.4 फीसदी घटकर 2.18 करोड़ टन रह गया, जो पिछले वित्त वर्ष के इसी महीने में 2.55 करोड़ टन रहा था।

दुनिया की सबसे ताकतवर महिलाओं की सूची में ये महिलाएं शामिल

नई दिल्ली। रोशनी नादर 12 अरब डॉलर की कंपनी के रणनीतिक फैसले लेती हैं। रोशनी नादर मल्होत्रा शिव नादर फाउंडेशन की भी ट्रस्टी हैं और इसके जरिए शिक्षा के क्षेत्र में काम कर रही हैं। फोर्ब्स ने साल 2024 की दुनिया की सबसे ताकतवर महिलाओं की सूची जारी कर दी है। इस सूची में उद्योग, मनोरंजन, राजनीतिक, समाज सेवा और नीति नियंताओं के नाम शामिल हैं। फोर्ब्स की इस 21वीं सूची में तीन भारतीय महिलाओं के नाम भी शामिल हैं, जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय काम किया है। आइए जानते हैं कि इस सूची में कौन-कौन से नाम हैं और क्या उनकी उपलब्धियां हैं। भारतीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण फोर्ब्स की सबसे ताकतवर सूची में 28वें स्थान पर हैं। निर्मला सीतारमण ने मई 2019 में केंद्रीय वित्त मंत्री का पद संभाला था और उसके बाद से लगातार इस अहम पद पर बनी हुई हैं। निर्मला सीतारमण पर भारत के तेज आर्थिक विकास को बनाए रखने की जिम्मेदारी है और उनके नेतृत्व में भारत पांच खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। निर्मला सीतारमण महिला सशक्तिकरण को लेकर मुखर रही हैं। राजनीति में आने से पहले सीतारमण ब्रिटेन की एग्रीकल्चर इंजीनियर्स एसोसिएशन और बीबीसी वर्ल्ड के साथ जुड़ी रहीं।

पीली धातु की कीमतों में वृद्धि की संभावना भी देखी जा रही है

सोने की कीमतें 2025 में रह सकती हैं स्थिर, मामूली वृद्धि के मिल रहे संकेत

नई दिल्ली। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के अनुसार, 2025 में गतिशील वैश्विक आर्थिक परिदृश्य के बीच सोने के लिए संभावनाओं और चुनौतियों का मिश्रण देखने को मिल सकता है। इसी के साथ पीली धातु की कीमतों में वृद्धि की संभावना भी देखी जा रही है।

केंद्रीय बैंक की कार्यवाहियां, भू-राजनीतिक तनावों और विकसित हो रही उपभोक्ता और निवेशक मांग जैसे कारक सोने के प्रदर्शन के लिए अहम माने जा रहे हैं।

नए वर्ष के साथ सोने की कीमत स्थिर रह सकती है या कीमतों में मामूली वृद्धि भी दर्ज की जा सकती है। सोने की कीमतों के स्थिर रहने को लेकर वैश्विक जीडीपी, बॉन्ड प्रतिफल और मुद्रास्फीति जैसे प्रमुख आर्थिक घटकों का संकेत मिल रहा है, लेकिन जोखिम अभी भी बने हुए हैं।सोने की कीमतों के वर्तमान परिदृश्य को देखें तो मौजूदा कमजोरी एमसीएक्स में 76,000-78,000 की संभावित ट्रेडिंग रेंज का संकेत देती है। इसके साथ बाजार में जारी अस्थिरता के बीच अल्पकालिक दृष्टिकोण सतर्क बना हुआ है।

एलकेपी सिक्योरिटीज के वीपी रिसर्च एनालिस्ट, जतिन त्रिवेदी ने कहा, अमेरिकी आर्थिक आंकड़ों से मिले-जुले संकेतों के बाद मुनाफावसूली तेज होने से सोने में भारी बिकवाली देखी गई। उत्पादक मूल्य सूचकांक (पीपीआई) डेटा कम रहा, लेकिन साप्ताहिक बेरोजगारी दावों में बढ़ोतरी के कारण कॉमेक्स पर सोने की कीमतें 2,710 डॉलर से गिरकर 2,670 डॉलर पर आ गईं।उन्होंने आगे जानकारी देते हुए कहा, एमसीएक्स गोल्ड 79,000 से गिरकर 77,450 पर आ गया, जो कल से 1,500 से अधिक की गिरावट दर्शाता है।इसके अलावा, राष्ट्रपति ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में संयुक्त राज्य अमेरिका सोने की

गति में एक महत्वपूर्ण कारक के रूप में देखा जा रहा है। एक व्यवसाय समर्थक एजेंडा घरेलू भावना को बढ़ावा दे सकता है। हालांकि, वैश्विक निवेशक सतर्क बने हुए हैं और मुद्रास्फीति के दबाव और सप्लाई चेन से जुड़ी बाधाओं को लेकर चिंता में हैं। उम्मीद की जा रही है कि फेडरल रिजर्व इस वर्ष के अंत तक ब्याज दरों में 100 बेसिस प्वाइंट की कटौती करेगा, जो कि सोने का समर्थन करेगा, लेकिन नीति में उलटफेर चुनौतियों को पैदा कर सकता है।सोने के प्रदर्शन के लिए भारत और चीन, जो कि सोने के दो सबसे बड़े बाजार हैं, महत्वपूर्ण बने रहेंगे। चीन में आर्थिक विकास और सरकारी प्रोत्साहन उपभोक्ता मांग को प्रभावित कर सकते हैं। वहीं, भारत 6.5 प्रतिशत से अधिक आर्थिक विकास के साथ एक मजबूत स्थिति में है, जो उपभोक्ता मांग का समर्थन करता है। इसके अलावा, देश में वित्तीय सोने के निवेश प्रोडक्ट लोकप्रियता प्राप्त कर रहे हैं, जो बाजार में लचीलापन जोड़ने में मददगार बन रहा है। 2025 में सोने के 2024 के अंत की रेंज के भीतर ट्रेड करने की संभावना है। वहीं, केंद्रीय बैंक की खरीदारी महत्वपूर्ण बनी रहेगी, जो नए साल में सोने के लिए एक स्थिर आधार प्रदान करेगी।

कंपनी को 1,248 करोड़ रुपये रहा घाटा

वित्त वर्ष 2024 में जेप्टो के खर्च में 71 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि

नई दिल्ली । ब्लिंकिट की प्रतिद्वंद्वी कंपनी जेप्टो के खर्च में वित्त वर्ष 2024 में 71.6 प्रतिशत की भारी वृद्धि हुई और यह बढ़कर 5,747 करोड़ रुपये हो गया, जबकि कंपनी को 1,248.6 करोड़ रुपये का घाटा हुआ। क्विक कॉमर्स कंपनी के लिए नियोजित पूंजी पर रिटर्न (आरओसीई) -119.3 प्रतिशत रहा और इसका ईबीआईटीडीए मार्जिन -23.81 प्रतिशत रहा।

वित्त वर्ष 2024 में जेप्टो का परिचालन राजस्व 4,454 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने वित्त वर्ष 2023 में 3,350 करोड़ रुपये से वित्त वर्ष में 2024 में 4,454 करोड़ रुपये कमाने के लिए 5,747 करोड़ रुपये खर्च किए। आदित पालीचा द्वारा संचालित कंपनी ने अपने सूचना प्रौद्योगिकी और विज्ञापन व्यय में क्रमशः 65.7 प्रतिशत और 40.3 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 116 करोड़ रुपये और 303 करोड़ रुपये की वृद्धि देखी। कंपनी ने

वेयरहाउसिंग लागत में 493 करोड़ रुपये और डिलीवरी व्यय में 580 करोड़ रुपये खर्च किए।आय की बात करें तो उत्पादों की बिक्री से होने वाली आय कुल परिचालन राजस्व का 89 प्रतिशत से अधिक होती है, और शेष आय डिलीवरी, वेयरहाउसिंग और विज्ञापन सेवाओं से आती है।कंपनी के वित्तीय विवरणों के अनुसार, जेप्टो ने गैर-परिचालन आय से भी 44 करोड़ रुपये कमाए।वित्त वर्ष 2024 में कंपनी की मौजूदा संपत्ति 1,398 करोड़ रुपये थी। कंपनी ने हाल ही में मोतीलाल ओसवाल प्राइवेट वेल्थ के नेतृत्व में 5 बिलियन डॉलर के वैल्यूएशन पर एक फंडिंग राउंड में 350 मिलियन डॉलर कमाए।पिछले हफ्ते, पालीचा ने कहा कि वह वर्क-लाइफ बैलेंस के खिलाफ नहीं हैं और अपने प्रतिद्वंद्वियों को भी इसकी सलाह देते हैं।उनका यह बयान एक वायरल पोस्ट के बाद आया है जिसमें क्विक ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर टॉक्सिक वर्क कल्चर का आरोप लगाया गया था।एक उपयोगकर्ता द्वारा रेडिट पोस्ट में आरोप लगाया गया था कि जेप्टो का वर्किंग एनवायरमेंट टॉक्सिक है, जिसमें कर्मचारी 14 घंटे की थकाऊ शिफ्ट में काम करते थे। इसने दावा किया कि कंपनी कर्मचारियों पर मांग के साथ दबाव भी डालती है। क्विक कॉमर्स में, स्विगी के इंस्टामार्ट द्वारा कैटेगरी इन्वेंट करने के बावजूद, जोमैटो के ब्लिंकिट ने शुरुआती बढ़त हासिल कर ली है और जेप्टो ने अच्छा प्रदर्शन जारी रखा है।

आर्थिक गति में सुधार होने की उम्मीद

भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत स्थिति में, इक्विटी बाजार पर रुख बरकरार

मुंबई। मोतीलाल ओसवाल प्राइवेट वेल्थ (एमओपीडब्ल्यू) की जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2025 की दूसरी छमाही में भारत की आर्थिक गति में सुधार होने की उम्मीद है, जो चुनावों के बाद सरकारी पूंजीगत व्यय में उछाल, ग्रामीण खपत में सुधार और त्योहारी सीजन की मांग जैसे कारकों की वजह से संभव हो पाया है। अल्फा स्ट्रैटेजिस्ट रिपोर्ट में कहा गया है कि विकास स्थिर बना हुआ है, जिससे भारत वैश्विक स्तर पर सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक बन गया है, जिसमें उम्मीद से कम अस्थिरता और स्थिर विकास है। बेंचमार्क इंडेक्स में 10-12 प्रतिशत के सुधारात्मक चरण के बाद इक्विटी बाजार अब कंसोलिडेशन फेज में हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि हालिया बाजार सुधार के साथ, लार्ज-कैप वैल्यूएशन अट्रैक्टिव बने हुए हैं। निवेशक हाइब्रिड, लार्ज और फ्लेक्सी-कैप फंडों के लिए एकमुश्त स्ट्रैटेजी अपना सकते हैं, जबकि चुनिंदा मिड- और स्मॉल-कैप रणनीतियों के लिए तीन महीने में चरणबद्ध दृष्टिकोण अपना सकते हैं। 38 कारोबारी सत्रों के बाद एफआईआई ने 9,947 करोड़ रुपये का निवेश कर शुद्ध खरीदार का रुख अपनाया। रिपोर्ट में कहा गया है, भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत स्थिति में बनी हुई है और धीरे-धीरे विकास के पटरी पर लौटने के संकेत दिख रहे हैं। इसलिए, हम दीर्घावधि के नजरिए से इक्विटी बाजारों पर सकारात्मक बने हुए हैं। इसने निवेशकों को संतुलित और लचीली रणनीति अपनाकर सावधानी से आगे बढ़ने की सलाह दी। रिपोर्ट के अनुसार, हाल के सुधारों को ध्यान में रखते हुए, यदि इक्विटी अलोकेशन वांछित स्तरों से कम है।

अमेजन ने संभव के 5वें वार्षिक सम्मलेन पर विकसित भारत के प्रति जाहिर की प्रतिबद्धता

नई दिल्ली। अमेज़न ने सालाना आयोजित होने वाले अपने 'संभव समिट' के पांचवें संस्करण में 'विकसित भारत' के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता का विस्तार करने वाली कई पहलों की घोषणा की है। संभव समिट, अमेज़न के भारत के छोटे व्यवसायों का जश्न मनाने, उनका समर्थन करने और उन्हें सशक्त बनाने से जुड़े प्रयास का अंग है, जिसका उद्देश्य है, भारत और दुनिया भर में उन व्यवसायों के विकास में तेज़ी लाना। अमेज़न ने इस प्रयास के तहत, भारत को वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करने की सरकार की प्रमुख प्राथमिकता को गति देने के लिए डीपीआईआईटी के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया हैं। अमेज़न ने अपने संभव वेंचर फंड से 120 मिलियन डॉलर ऐसे स्टार्टअप में

निवेश करने के लिए निर्धारित किए हैं जो भारत में उपभोक्ता वस्तुओं के विनिर्माण को डिजिटल बनाएंगे और घरेलू और वैश्विक मांग को पूरा करेंगे, जिससे हज़ारों की तादाद में रोज़गार पैदा होंगे। अमेज़न अपनी निर्यात प्रतिबद्धता को चार गुना बढ़ा रही है और 2030 तक भारत से कुल 80 अरब डॉलर से अधिक का निर्यात संभव बनाने की योजना बना रही है।

आरबीआई का किसानों को बड़ा तोहफा, बिना ब्याज के मिलेगा 2 लाख का लोन

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने अपनी मौद्रिक नीति समीक्षा में किसानों के लिए एक बड़ी घोषणा की है। अब किसान बिना किसी ब्याज के 2 लाख रुपये तक का कृषि ऋृण ले सकेंगे। इससे पहले यह सीमा 1.6 लाख रुपये थी। यह फैसला बढ़ती महंगाई और कृषि लागत को देखते हुए लिया गया है।

आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि यह फैसला छोटे और सीमांत किसानों को वित्तीय संस्थानों से कर्ज लेने में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि महंगाई और कृषि में उपयोग होने वाले कच्चे माल की लागत में वृद्धि को देखते हुए यह कदम उठाया गया है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को

चालू वित्त वर्ष की पांचवीं मॉनेटरी पॉलिसी मीटिंग में लगातार 11वीं बार पॉलिसी रेट में कोई बदलाव नहीं किया और इसे 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा।

हालांकि इकोनॉमी में नकदी बढ़ाने के मकसद से केंद्रीय बैंक ने सीआरआर (कैश रिजर्व रेश्यो) को 4.5 फीसदी से घटाकर चार फीसदी कर दिया. इस कदम से बैंकों में 1.16 लाख करोड़ रुपए की अतिरिक्त नकदी उपलब्ध होगी. सीआरआर के तहत वाणिज्यिक बैंकों को अपनी जमा का एक निर्धारित हिस्सा नकद भंडार के रूप में केंद्रीय बैंक के पास रखना होता है। इसके साथ ही आरबीआई ने मौजूदा स्थिति को देखते हुए चालू वित्त वर्ष के लिए आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को 7.2 प्रतिशत से घटाकर 6.6 प्रतिशत कर दिया है। आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष में खुदरा मुद्रास्फीति के अनुमान को भी 4.5 प्रतिशत बढ़ाकर 4.8 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है।

खेल

हेड-स्मिथ के शतकीय पारी ऑस्ट्रेलिया 405/7, बुमराह को मिले 5 विकेट

स्पोर्ट्स डेस्क। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरे टेस्ट मैच के शुरुआती दिन यानी शनिवार को बारिश ने खलल डाला और सिर्फ 13.2 ओवर का ही खेल हो सका। रविवार को मैच के दूसरे दिन का खेल हुआ। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी में सात विकेट गंवाकर 405 रन बना लिए हैं। दूसरे दिन का खेल खत्म हो चुका है। ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में सात विकेट गंवाकर 405 रन बना लिए हैं। मिचेल स्टार्क सात रन और एलेक्स कैरी 45 रन बनाकर नाबाद हैं। ट्रेविस हेड ने 152 रन और स्टीव स्मिथ ने 101 रन की पारी खेली। वहीं, भारत की ओर से जसप्रीत बुमराह ने पांच विकेट लिए। रविवार को ऑस्ट्रेलिया ने बिना किसी विकेट के 28 रन से आगे खेलना शुरू किया और दूसरे दिन 377 रन बनाए और सात विकेट गंवाए। बुमराह ने पहले सत्र में उस्मान ख्वाजा (21) और नाथन मैकस्वीनी (9) को आउट कर दो झटके दिए। इसके बाद पहले सत्र में ही नीतीश रेड्डी ने मार्नस लाबुशेन (12) को पवेलियन भेजा। हालांकि, इसके बाद स्टीव स्मिथ और ट्रेविस हेड ने दूसरे सत्र में कोई विकेट नहीं गिरने दिया। दोनों ने चौथे विकेट के लिए 242 रन की साझेदारी निभाई। हेड ने टेस्ट करियर का नौवां और स्मिथ ने 33वां शतक जड़ा। स्मिथ 190 गेंद पर 12

चौके की मदद से 101 रन और हेड 160 गेंद पर 18 चौके की मदद से 152 रन बनाकर आउट हुए। मिचेल मार्श पांच रन और कप्तान पैट कमिंस 20 रन बनाकर आउट हुए। कमिंस ने सातवें विकेट के लिए कैरी के साथ 58 रन की साझेदारी निभाई। बुमराह के अलावा सिराज और नीतीश को एक-एक विकेट मिला। 385 के स्कोर पर ऑस्ट्रेलिया को पांचवां झटका लगा। सिराज ने कमिंस को विकेटकीपर पंत के हाथों कैच कराया। वह 20 रन बना सके। कमिंस ने एलेक्स कैरी के साथ सातवें विकेट के लिए 66 गेंद में 58 रन की साझेदारी निभाई। फिलहाल कैरी का साथ देने मिचेल स्टार्क आए हैं।ऑस्ट्रेलिया ने छह विकेट गंवाकर 370 से ज्यादा रन बना लिए हैं। फिलहाल एलेक्स कैरी और पैट कमिंस मैदान पर जमे हुए हैं। दोनों के बीच अर्धशतकीय साझेदारी हो चुकी है। कैरी आक्रामक बल्लेबाजी कर रहे हैं। 327 के स्कोर पर ऑस्ट्रेलिया को छठा झटका लगा। जसप्रीत बुमराह ने कहर बरपाते हुए ट्रेविस हेड को विकेटकीपर पंत के हाथों कैच कराया। वह 160 गेंद में 18 चौके की मदद से 152 रन बना सके। फिलहाल कप्तान पैट कमिंस और एलेक्स कैरी क्रीज पर हैं। बुमराह ने इससे पहले स्टीव स्मिथ (101), मिचेल मार्श (5), मैकस्वीनी (9) और उस्मान ख्वाजा (21) को आउट किया था। उन्होंने टेस्ट करियर में 12वीं बार पारी में पांच विकेट लिए।

मोहम्मद आमीर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से फिर लिया संन्यास

नईदिल्ली। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर ने एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। आमिर ने दिसंबर, 2020 में सभी को चौंकाते हुए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी। इसके बाद उन्होंने 2024 के टी-20 विश्व कप से पहले अपने फैसले को बदल दिया था। वह विश्व कप में पाकिस्तान की टीम का हिस्सा भी रहे थे।हालांकि, उसके बाद उन्हें टीम में नहीं चुना गया। आमिर अब फ्रेंचाइजी क्रिकेट खेलते रहेंगे। आमिर ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए अपने संन्यास का ऐलान किया है।उन्होंने पोस्ट में लिखा, ÷बहुत सोच समझने के बाद मैंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का मुश्किल फैसला लिया है। ये फैसला लेना आसान नहीं था। मुझे लगता है कि युवा

पीढ़ी के लिए मेरा हटना ये ठीक समय है। इस सपोर्ट के लिए मैं पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) का, अपने परिवार का और दोस्तों का शुक्रिया अदा करता हूं।आमिर पर साल 2010 में स्पॉट फिक्सिंग के आरोप साबित हुए थे जिसके बाद उन पर 5 साल का बैन लगा था और उन्हें जेल भी जाना पड़ा था।वह इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में लगातार नो बॉल डालते हुए देखे गए थे। उन्होंने इसके बाद साल 2015 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी की थी।आमिर साल 2009 में टी-20 विश्व कप और 2017 में चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली पाकिस्तान टीम के सदस्य भी रहे थे।आमिर ने 27 साल की उम्र में साल 2019 में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेकर सभी को हैरान कर दिया था। इस कदम के बाद से ही वह पीसीबी के निशाने पर आ गए थे।क्रिकेट विशेषज्ञों के साथ-साथ पाकिस्तान के कई पूर्व तेज गेंदबाजों ने भी उनकी कड़ी आलोचना की थी।तब आलोचकों ने उन पर दुनिया भर में टी-20 फ्रेंचाइजी लीग खेलने को अधिक महत्व देने के लिए यह कदम उठाने का भी आरोप लगाया था।आमिर ने पाकिस्तान के लिए 36 टेस्ट में 30.48 की औसत से 119 विकेट लिए। इस दौरान उन्होंने 6/44 के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ 4 बार पारी में 5 विकेट लिए थे।वनडे क्रिकेट में उन्होंने 61 मैचों में 29.63 की औसत से 81 विकेट झटके हैं।

न्यूज़ गैलरी

शासकीय दुकान से 82 लाख की हेराफेरी

रायपुर/नवप्रदेश। शासकीय उचित मूल्य दुकान धरसींवा में 82 लाख से अधिक की राशि का गबन करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर धरसींवा पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी देवेश देवदास 34 वर्ष नयापारा वार्ड 1 दुर्ग का रहने वाला है। प्रार्थी ने धरसींवा थाना में शिकायत किया कि शासकीय उचित मूल्य दुकान के खाद्य सामाग्री में हेराफेरी कर आरोपी इंद्राज खान और अमन निर्मलकर ने 82 लाख 8651 रुपए का गबन किया। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

अलग-अलग क्षेत्र से वाहन पार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के दो अलग-अलग थाना क्षेत्र से अज्ञात चोर ने दो दोपहिया वाहन पार कर दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार पहले मामले में विकाश विहार कालोनी यशवंत श्रीवास 26 वर्ष ने डीडीनगर थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 10 एजी 6269 को अपने घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 55 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं दूसरे मामले में दीपका थाना क्षेत्र निवासी मनोज गुप्ता 46 वर्ष ने गोलबाजार थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 12 एयू 1514 को रविभवन के पार्किंग में खड़ी किया था। तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

4 किलो गांजा साथ तस्कर गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। ग्रीन लाईट ढाबा के पास गांजा तस्कर गिरफ्तार हुआ है। एण्टी नारकोटिक्स टास्क फोर्स को सूचना प्राप्त हुई कि थाना तेलीबांधा क्षेत्रांतर्गत ग्रीन लाईट ढाबा के पास 01 व्यक्ति दोपहिया वाहन गांजा रखा है तथा बिक्री कर रहा है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स, एण्टी क्राईम एण्ड साइबर यूनिट तथा थाना तेलीबांधा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये वाहन एवं हुलिए के व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम संजू उर्फ संजय मराठा निवासी तेलीबांधा रायपुर का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उसके वाहन की तलाशी लेने पर वाहन में गांजा रखा होना पाया गया। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा आरोपी संजू उर्फ संजय मराठा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 4.200 किलोग्राम गांजा, नगदी ब्रिकी रकम 48,000 रूपये तथा प्रकरण से संबंधित दोपहिया वाहन क्रमांक सी जी/04/क्यू ए/8783 जुमला कीमती लगभग 1,70,000/- रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना तेलीबांधा में अपराध क्रमांक 817/24 धारा 20बी नारकोटिक एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया।

दुष्कर्म मामले में दस साल की सजा

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिले के विशेष न्यायालय ने दुष्कर्म के एक मामले में आरोपी टेमन कमार को दस साल कठोर कारावास की सजा दी है। आरोपी टेमन कमार पिता एहमत कमार ने 14 मई 2023 को पीड़िता के साथ दुष्कर्म के घटना को अंजाम दिया था। विचारण उपरांत 13 दिसम्बर को न्यायालय ने इस मामले में अपना फैसला सुनाया। जानकारी

के मुताबिक विगत 14 मई को पीड़िता जंगल के रास्ते समीप के गांव सप्ताहित बाजार में खरीदी करने बाजार गई थी, शाम वापस घर लौटने के दौरान आरोपी ने जंगल में रास्ता रोक दुष्कर्म किया और बताने पर जान से मारने की धमकी दी थी। पीड़िता की शिकायत पर पांडुका थाना में आरोपी टेमन कमार के विरूद्ध दुष्कर्म, रास्ता रोकने व जान से मारने की धमकी के तहत विभिन्न धाराओ में अपराध पंजीबद्ध किया गया। मामले की संपूर्ण विवेचना पश्चात् अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष विचारण हेतु भेजा गया। उपरोक्त मामले में अपर सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रेक विशेष न्यायालय गरियाबंद के न्यायाधीश यशवंत वासनीकर द्वारा प्रकरण में उपलब्ध साक्ष्य एवं दस्तावेजों के अवलोकन व प्राप्त निष्कर्षों के अनुरूप आरोपी टेमन कमार को घटना दिनांक, स्थान व समयावधि में पीड़िता का रास्ता रोक उसे सदोष अवरोध कारित कर उसकी सहमति एवं ईच्छा के बगैर उसके साथ शारीरिक संबंध स्थापित कर बलात्संग करना और पीड़िता को जान से मारने की धमकी देकर अपराधिक अभित्रास कारित किये जाने का दोषसिद्ध पाये जाने पर भारतीय दंड संहिता की धारा 376 के तहत् 10 (दस) वर्ष का कठोर कारावास एवं एक हजार रूपयें का अर्थदंड, जान से मारने की धमकी धारा-506 भाग-दो के तहत् एक वर्ष का कठोर कारावास एवं एक हजार रूपये का अर्थदंड तथा रास्ता रोकने धारा-341 के तहत् एक माह का सादा कारावास एवं पांच सौ रूपए के अर्थदंड से दंडित किया गया। कारावास की सभी सजाएँ साथ चलेगी।

भारतीय सेना के सोल्जरएथॉन में तीन हजार से अधिक प्रतिभागियों ने लगाई दौड़

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय सेना ने छत्तीसगढ़ सरकार के सहयोग से आज सेंट्रल पार्क, नया रायपुर में सोल्जरएथॉन का एक विशेष संस्करण आयोजित किया। 3000 से अधिक प्रतिभागियों ने इस कार्यक्रम में सहभाग लिया। मुख्य अतिथि पूर्व सेना प्रमुख जनरल वी. के. सिंह ने इस सोल्जरएथॉन का शुभारंभ किया।

यह कार्यक्रम पाकिस्तान के साथ 1971 के युद्ध में भारत की निर्णायक जीत की 53वीं वर्षगांठ को याद करता है, जो देश के इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय है। इस कार्यक्रम ने छत्तीसगढ़ के स्थानीय युवाओं और नागरिक आबादी को सैनिकों के साथ दौड़ने और इतिहास के एक टुकड़े का अनुभव करने का एक असाधारण अवसर प्रदान किया। मैराथन में कई दौड़ श्रेणियां शामिल थीं, जिनमें 21 किलोमीटर, 10 किलोमीटर और 5 किलोमीटर की दौड़ के साथ-साथ 3 किलोमीटर पैदल चलना भी शामिल था, जिससे सभी उम्र और फिटनेस स्तर के प्रतिभागी शामिल हो सकते थे। इस आयोजन का एक विशेष आकर्षण प्रतिभागियों और आगंतुकों के लिए 1971 के भारत-पाक युद्ध के युद्ध अवशेषों के संग्रह को देखने का अवसर था। प्रदर्शनी, जिसमें सैन्य कलाकृतियाँ, तस्वीरें और संघर्ष से यादगार चीजें शामिल थीं, उपस्थित लोगों को इतिहास से जुड़ने और युद्ध के दौरान किए गए बलिदानों की गहरी समझ हासिल करने का मौका दिया। पूर्व सेना प्रमुख जनरल वी. के. सिंह ने अपने भाषण में प्रतिभागियों को प्रेरित किया और 1971 के युद्ध के दौरान किए गए बलिदानों को याद करने के महत्व को रेखांकित किया। प्रतिभागियों द्वारा सोल्जरएथॉन की व्यापक रूप से प्रशंसा की गई, जिन्होंने सैनिकों के साथ दौड़ने और सैन्य इतिहास के साथ इस तरह के संवादात्मक तरीके से जुड़ने के अवसर की सराहना की। यह आयोजन न केवल 1971 की जीत के उपलक्ष्य में बल्कि भारतीय सेना और स्थानीय समुदाय के बीच संबंधों को मजबूत करने के लिए भी था।

जिला खनिज न्यासमद 32 करोड़ की स्वीकृति, आरइएस व हाससिंग बोर्ड को निर्माण का दायित्व

24 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में बनेगी चिकित्सक कालोनी

- **जर्जर उपस्वास्थ्य केंद्रों का भी होगा कायाकल्प**

कोरबा/नवप्रदेश। जिले के 24 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में चिकित्सक कालोनी का निर्माण किया जाएगा। जिला खनिज न्यास से सुविधा विस्तार के लिए 32 करोड़ की स्वीकृति मिली है। जर्जर हो चुके 20 उप स्वास्थ्य केंद्रों का भी कायाकल्प किया जाएगा। आरईएस हाउसिंग बोर्ड को निर्माण की जिम्मेदारी दी गई है। चिकित्सक व अन्य स्टाफ को कार्यस्थल पर आवासीय सुविधा मिलने उन्हे लंबी दूरी तय करने की समस्या मुक्ति मिलेगी। इसके साथ ही स्थानीय लोगों तत्परता से इलाज की सुविधा मिलेगी। जिले 40 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का संचालन हो रहा है। मुख्य मार्ग से लगे 16 केंद्रों को छोड़ दिया तो 24 वनांचल व ग्रामीण क्षेत्रों के अस्पतालों में चिकित्सक, नर्स व कंपाउंडर के लिए आवासीय सुविधा नहीं है। यहां कार्यरत कर्मचारी अपने निवास से आवागमन करते हैं। शाम होते ही अस्पतालों में ताला लग जाता है। आपातकालीन चिकित्सा के लिए क्षेत्रीय ग्रामीणों को शहर के निजी अथवा सरकारी अस्पतालों की दौड़ लगानी पड़ती हैं। राज्य शासन की ओर से संस्थाग प्रसव को बढ़ावा दिया जा रहा है लेकिन चिकित्सकों के लिए आवासीय सुविधा नहीं होने की वहज से इसका लाभ गर्भवती महिलाओं को नहीं मिल पाता। संस्थागत योजनाओं के प्रचार-प्रसार पर भी इसका असर होता है। इन तमाम विसंगतियों को देखते हुए जिला स्वास्थ्य विभाग की मांग जिला प्रशासन ने आवासीय कालोनी के निर्माण को खनिज न्यास मद से पूरा करने का निर्णय लिया है। आवासीय सुविधा का विस्तार होने स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न् योजना जैसे मलेरिया उन्मूलन, टीकाकरण, आपातकालीन स्थिति में प्राथमिक उपचार जैसी सुविधाओं का लाभ स्थानीय लोगों को मिलेगा।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों की निर्भरता में आएगी कमी

प्राथमिक व उप स्वास्थ्य केंद्रों के शाम ढलने के बाद चिकित्सक की सुविधा नहीं होने से लोग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की दौड़ लगाते हैं। अस्पतालों में चिकित्सक कालोनी का विस्तार होने ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में इलाज के कराने की निर्भरता में कमी आएगी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों मरीज अधिक होने से उन्हे जिला अस्पताल रेफर कर दिया जाता है। जिला मेडिकल अस्पताल के अस्तित्व आने से प्रतिदिन 40 से 50 रेफर मामले आते हैं। इनमें ज्यादात रात्रिकालीन इलाज सुविधा के मामले शामिल है।

अस्पतालों की सुरक्षा होगी सुदृढ़

आवासीय सुविधा का विस्तार होने से अस्पताल भवन भी सुरक्षित रहेगा। जिले के ज्यादातर अस्पतालों का निर्माण गांव के बाहर मैदानी क्षेत्र में किया गया है। शाम होते ही अस्पताल में ताला लगने पूरा परिसर वीरान हो जाता है। कई अस्पतालों में सौर पैनल, इलक्ट्रिकल सामान आदि के चोरी होने की घटना हो चुकी है। चिकित्सकों के लिए आवासीय सुविधा होने से रात्रिकालीन इलाज सुविधा मिलने के साथ परिसर में लोगों चहल-पहल रहने चोरी की घटना नहीं होगी।

जिले के 24 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सक के लिए आवासीय सुविधा की मांग जिला प्रशासन से की गई थी। कलेक्टर ने जिला खनिज न्यास से इसकी स्वीकृति दी है। इसके अलावा जर्जर हो चुके उप स्वास्थ्य केंद्रों का भी जार्णोद्धार किया जाएगा।

-डा. एसएन केसरी,
जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी

शीतकालीन सत्र में अमलीडीह जमीन मामला उठाएगा विपक्ष

रायपुर/नवप्रदेश। अमलीडीह (रायपुर) में महाविद्यालय के लिए आबंटित जमीन को रामा बिल्कॉन बिलासपुर, को शासन द्वारा दिये जाने वाले मामले पर राजनीति गर्म है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा उक्त विवादास्पद जमीन की जांच की जिम्मेदारी आयुक्त रायपुर को दी गई थी, जिसमें आयुक्त महादेव कांवरे ने निर्धारित समय सीमा के भीतर ही शासन को जांच की रिपोर्ट प्रस्तुत कर चुके हैं।

कल से शुरू हो रहे विधानसभा के शीतकालीन सत्र में यह मामला सदन में सुर्खियां बटोरेगी। अब शासन को तय करना है कि अमलीडीह में कॉलेज के लिए आबंटित जमीन पर कॉलेज बनाना है या बिल्डर को देना है। किन्तु जमीन के विषय में जनसाधारण का कहना/मानना है कि कॉलेज बनना चाहिए।

25 लाख का ईनामी नक्सली पेशे से था इंजीनियर

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में पुलिस को लगातार सफलता मिल रही है। इसमें बड़े कैडर के नक्सली भी मारे जा रहे हैं। दो दिनों पहले अबूझमाड़ में हुई मुठभेड़ में 25 लाख रुपए का इनामी नक्सली भी ढेर हो गया।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार मृत नक्सली पेशे से इंजीनियर था। मारा गया। पता चला है कि वो नक्सल संगठन में आने के पहले इंजीनियर था. इसका एनकाउंटर पुलिस की बड़ी उपलब्धियों में से एक है. इससे पहले भी कई मुठभेड़ों में वो फंसा चुका था, लेकिन वह किसी न किसी तरह से बच निकलता था। अबूझमाड़ के जंगल में हुए मुठभेड़ में इस बार वो बच नहीं पाया और ढेर हो गया। कहा जा रहा है कि मृत नक्सली आंध्रप्रदेश के जिला गुंटूर के पोचमपल्ली का रहने वाला था। उसका असली नाम मोहन राव है. इंजीनियरिंग में ग्रेजुएशन किया था. लेकिन फिर नक्सल संगठन से जुड़ गया था। इसके बाद मोहन राव उर्फ रामचन्द्र उर्फ कार्तिक उर्फ दसरू उर्फ दसरन्ना उर्फ नरेश उर्फ लखमू उर्फ जीवन इन नामों से जाना जाता था. छत्तीसगढ़, ओडिशा, आंध्र प्रदेश में इसकी सक्रियता थी।

टीबी मरीजों को राज्यपाल डेका ने दिए फूड बास्केट

- **टी. बी. मरीजों के लिए प्रदाय किए फुड बास्केट**
- **राज्यपाल निःक्षय मित्र बनकर 10 टी बी मरीजों की करेंगे मदद**

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल रमेन डेका ने अपने धमतरी प्रवास के दौरान स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के क्षयमुक्त भारत अभियान योजना अंतर्गत 3 निक्षय मित्रों के माध्यम से 3 टी. बी. के मरीजों के लिए प्रोटीन युक्त फूड बास्केट प्रदाय किये। इस दौरान राज्यपाल श्री डेका ने मरीजों को समझाईश देते हुए कहा कि टी. बी. से घबराना नहीं, यह बीमारी दवाई के नियमित सेवन एवं उचित खानपान से पूर्णतः ठीक हो जाता है। राज्यपाल स्वयं निक्षय मित्र बनकर जिले के 10 टी. बी. मरीजों की मदद करेंगे। टी बी मरीजों क़ो दिये जाने वाला फ़ूड बास्केट जिसकी लागत 500 रूपए होती है, जिसमे पौष्टिक खाद्य पदार्थ होते हैं, जिनके सेवन से मरीजों क़ो ताकत मिलती है और वे जल्दी ठीक हो पाते है। निक्षय मित्र के रूप में 6 माह या उससे अधिक समय के लिए बना जा सकता है। राज्यपाल डेका ने प्रधानमंत्री टी बी मुक्त भारत अभियान की गतिविधियों में रेडक्रॉस को भी जोड़ने के निर्देश दिए।

गांजा तस्करी करते युवक गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। तेलीबांधा पुलिस ने जूपिटर मोपेड से गांजा तस्करी करते एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 4 किलो 200 ग्राम गांजा जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार तेलीबांधा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सर्विस रोड ग्रीनलाइट ढाबा के पास दबिश देकर जूपिटर मोपेड में सवार आरोपी संजय राव को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 4 किलो 200 ग्राम गांजा जब्त किया है।

सर्द हवा से ठिठुरा छत्तीसगढ़, गिरा पारा

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश के उत्तर दिशा की ओर से आ रही ठंडी हवा और शुष्क हवा के वजह से इन दिनों ठंड पड़ रही है. जिसके असर से राजधानी रायपुर सहित कई जिलों में ठंड से बचने के लिए लोगों को अब अलाव का सहारा लेना पड़ रहा है।

ऐसे में प्रदेश के सबसे अधिक ठंड पडऩे वाले जिले की बात करें तो सरगुजा संभाग इस मामले में आगे है. ऐसे में मौसम विभाग ने प्रदेश के दुर्ग सहित लगभग 12 जिलों में आगामी तीन दिनों तक कोल्ड वेव (शीतलहर) का यलो अलर्ट जारी कर दिया है। ऐसे में प्रदेश के सबसे अधिक ठंड पडऩे वाले जिले की बात करें तो सरगुजा संभाग इस मामले में आगे है. ऐसे में मौसम विभाग ने प्रदेश के दुर्ग सहित लगभग 12 जिलों में आगामी तीन दिनों तक कोल्ड वेव (शीतलहर) का यलो अलर्ट जारी कर दिया है। जानकारी के मुताबिक इस दौरान बस्तर संभाग के कई हिस्सों में हल्की बारिश होने के आसार हैं। वहीं दूसरी ओर बलरामपुर में भी न्यूनतम तापमान 2.9 डिग्री सेल्सियस तक निचे गिरा गया है।

समुचित व्यवस्था... *जिले में अब तक 63 हजार 566मीट्रिक टन धान की हुई खरीदी*

धान उठाव में कोरबा जिला प्रदेश में पहले स्थान पर

- **62 हजार 429 मीट्रिक टन का डीओ जारी, दस हजार 303 मीट्रिक टन का हुआ उठाव**

कोरबा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा खरीफ वर्ष 2024-25 में जिले के 65 धान उपार्जन केन्द्रों में किसानों से धान की खरीदी की जा रही है। शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी होने से किसानों में हर्ष व्याप्त है। धान खरीदी केंद्रों में जिला प्रशासन द्वारा किसानों की उपज खरीदी के लिए ऑनलाइन टोकन वितरण, बारदाने की उपलब्धता, इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन से तौलाई, शीघ्रता से भुगतान आदि की समुचित व्यवस्था की गई है। जिले में 55 हजार से अधिक किसान धान विक्रय के लिए पंजीकृत है। जिले में अब तक 63 हजार 566 मीट्रिक टन गुणवत्तायुक्त धान पंजीकृत किसानों से खरीदी की गई है। कोरबा जिले में अब तक 62 हजार 429 मीट्रिक टन का डीओ जारी हो चुका है और दस हजार 303 मीट्रिक टन धान का उठाव भी हो चुका है। डीओ जारी करने और धान उठाव के मामले में कोरबा जिला प्रदेश में पहले स्थान पर है। मिलर्स के हड़ताल के बाद भी हाथी प्रभावित केन्द्रों से धान उठाव कराया गया है। हड़ताल को ध्यान रखते हुए संग्रहण केन्द्रों की तैयारी शुरू कर दी गई है। सोमवार से संग्रहण हेतु परिवहन शुरू कर दिया जायेगा। किसानों को परेषानी न हो इसके लिये खरीदी केन्द्रों में धान की स्टैकिंग कराकर स्थान बनाया गया है। जिसमे उपार्जन केंद्र अखरापाली में 12966.40 क्िंवटल, उतरदा मे 14184.00 क्िंवटल, बोईदा में 7458.80 क्विन्टल, कटघोरा में 10171.20, कनकी में 10945.60, करतला में 18404.40, केरवाद्वारी में 16739.60, कुल्हरिया में 9022.40, कोथारी मे 18714.00, कुदमुरा में 3244.00, कोरकोमा में 7592.00, चचिया 3810.00, कोरबी(पाली) में 18640.40, कोरबी (पोड़ी उपरोड़ा) में 19277.60, चैतमा 14887.20, चिकनीपाली 15607.60, लबेद 12888.40, छुरीकला 9105.20, सुमेधा 4130.40, जटगा 8737.60, तुमान (जटगा)3076.80, जवाली 13187.20, रंजना 5648.80, तुमान 20050.80, तिलकेजा 7629.60, दुरपा 6715.60, नवापारा 18774.40, बेहरचुआं 11432.00, निरधी 19839.60, पठियापाली 7249.20, पसान 7558.40, लैंगा 6944.00, नुनेरा 9006.40, पाली 9950, बकसाही 11607.20, पिपरिया 4000, कर्रानवापारा 2548.80, पोड़ी 11634.40, पोड़ी उपरोड़ा 1990.40, फरसवानी 10506.40, बरपाली(कोरबा) 13366.40, बरपाली(बरपाली) 22481.60, तानाखार 1703.20, बिंझरा 9076.80, कुदरमाल 6183.20, भैंसमा 18086.40, भिलाई बाजार 6292.00, मोरगा 2486.40, मदवानी 4655.20, रामपुर 12728.00, पोटापानी 2348.80, लाफा 5952.80 आदि।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर प्रथम तल, अग्रदूत बिल्डिंग, रजबंधा मैदान, रायपुर से प्रकाशित, फोन : 0771-3526755, 6262188999